सूर्योदय 6.01 सूर्यास्त 6:37

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.0 न्यू | 25.0 अधि |
| धर्मशाला | 13.8 न्यू | 29.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,515 |
| निफ्टी | 23,897 |
| सोना 1,55,000 | चांदी 2,35,000 |

# भारतेन्दु शिखर

हिमाचल, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू व उत्तराखंड में प्रसारित

आरएनआई नं. HPHIN/2000/02437 | शिमला | सोमवार, 7 सितंबर 2026 | 22 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 28, अंक 133, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | info@bhartendushikhar.com | 8894677702

## न्यूज शॉर्ट्स

### इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटा 50 हजार फुट तक उड़ी राख

**एजेंसी, जकार्ता।** इंडोनेशिया के माउंट अनाक क्राकाटोआ में रविवार को जोरदार विस्फोट हुआ। ज्वालामुखी से निकली राख करीब 50 हजार फुट की ऊंचाई तक पहुंच गई। एयरपोर्ट ऑपरेटर के मुताबिक, विस्फोट के चलते 301 उड़ानें प्रभावित हुईं। इनमें 58 इंटरनेशनल फ्लाइट भी शामिल हैं। फिलहाल जान-माल के नुकसान की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। ज्वालामुखी की राख हवा के साथ उड़कर एयरपोर्ट तक पहुंच गई थी। इसके बाद यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए एयरपोर्ट पर उड़ानें रोकनी पड़ीं। सिंगापुर एयरलाइंस ने रविवार की जकार्ता आने-जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दीं। एयरएशिया ने भी कई उड़ानें रद्द या री-शेड्यूल कीं।

### एमपी में जहरीली शराब से दो दिन में 11 की मौत

**एजेंसी, सागर।** मध्य प्रदेश के सागर में जहरीली शराब पीने से अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 3 की मौत शनिवार देर रात हो गई थी। हालांकि, कलेक्टर ने 10 मौतों की पुष्टि की है। वहीं, करीब 35 लोगों की हालत गंभीर है। इनमें से कुछ लोगों के शरीर नीले पड़ गए हैं। मामले में सहायक आबकारी आयुक्त कीर्ति दुबे, जिला आबकारी अधिकारी दिलीप खंडाते और बंडा के आबकारी उप निरीक्षक रोशनी उरेते को सस्पेंड किया गया है। गुगरा चौकी प्रभारी एएसआई पूरन सिंह और बंडा थाना प्रभारी राजेंद्र कुशवाहा भी निलंबित किए गए हैं। वहीं, संभागीय फ्लाइंग स्क्वाड प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ को ग्वालियर मुख्यालय अटैच किया गया है।

### शिवसेना नेता ने हॉस्पिटल कर्मचारी को मारा थप्पड़

**एजेंसी, पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर में शनिवार रात शिंदे गुट की शिवसेना के पदाधिकारियों पर रिलीफ हॉस्पिटल के डॉक्टरों और कर्मचारियों से मारपीट का आरोप है। एक शिवसेना नेता ने कर्मचारी को थप्पड़ मार दिया। कुछ लोग आईसीयू में भी घुसे और नर्स को धमकाया। हॉस्पिटल कर्मचारी की शिकायत के मुताबिक, शिवसेना जिला प्रमुख कुंदन संख्ये, शहर प्रमुख राहुल घरात और अन्य लोग इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे। उन्होंने डॉक्टरों से बहस की और कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे कर्मचारी को राहुल घरात ने थप्पड़ मारा। यह घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। हंगामा दही हांडी के दौरान घायल हुए गोविंदा के इलाज के बिल को लेकर हुआ था।

### जेएनयू में प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न का आरोप

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के 11 छात्रों ने एक प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। मामला मई के पहले हफ्ते में हुए वाइवा एग्जाम का है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रोफेसर ने वाइवा के दौरान स्टूडेंट्स से सेक्सुअल कमेंट किए। मई के दूसरे हफ्ते में एक छात्रा ने छात्रों के अनऑफिशियल वॉट्सएप ग्रुप में प्रोफेसर के कमेंट की जानकारी दी। इसके बाद कई और छात्राओं ने भी प्रोफेसर पर इसी तरह के आरोप लगाए। सूत्रों के मुताबिक, प्रोफेसर ने छात्राओं से कहा था कि अगर वे उनके सेक्सुअल प्रपोजल स्वीकार करती हैं, तो उन्हें एक्स्ट्रा मार्क्स दिए जा सकते हैं।

# दिल्ली में 5 मंजिला हॉस्टल गिरा, दो की मौत, कई दबे

## बेसमेंट में जारी थी खुदाई; मलबे में दबे युवक ने वीडियो बनाकर भेजा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में रविवार को एक 5 मंजिला बिल्डिंग गिर गई। इसमें 2 स्टूडेंट्स की मौत हो गई। वहीं, 3 गंभीर रूप से घायल हैं। बिल्डिंग में हॉस्टल चलता था। चश्मदीदों के मुताबिक हादसे के समय छात्र कमरों में थे और बेसमेंट में खुदाई चल रही थी।



7 का रेस्क्यू कर लिया गया है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक यह पता नहीं चला है कि मलबे में कितने बच्चे फंसे हैं। मलबे में दबे एक युवक ने अपना वीडियो बनाकर शेयर किया। उसने लोगों से रेस्क्यू की अपील की। घटनास्थल पर मौजूद एक युवक ने बताया कि यह युवक उसका दोस्त है। वह बार-बार फोन करके कह रहा है कि मुझे बचा लो। घटना दोपहर 1:30 बजे की है। मलबे में कुछ गाड़ियां भी दब गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मलबे के बगल में एक और बिल्डिंग गिरने की हालत में है, लेकिन लोगों को वहां से निकाल लिया गया है, जो इमारत गिरी वह 40-50 साल पुरानी थी। उसके बेसमेंट में पिछले 3 दिनों से काम चल रहा था। इमारत में रहने वाले ज्यादातर स्टूडेंट्स हादसे के वक्त सो रहे थे। गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट में कहा, दिल्ली के सत्य निकेतन में एक इमारत के ढहने से बहुत दुख हुआ है। मैंने मुख्यमंत्री, दिल्ली के पुलिस कमिश्नर और एनडीआरएफ के डायरेक्टर जनरल से बात की और जमीनी हालात का जायजा लिया।

### 40-50 साल पुरानी थी बिल्डिंग

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घटना स्थल पर पहुंचकर हालातों का जायजा लिया। उधर, दिल्ली पुलिस ने बताया कि स्थानीय पूछताछ से पता चला है कि यह 40-50 साल पुरानी इमारत थी, जिसमें एक बेसमेंट और पांच ऊपरी मंजिल थीं। इसका इस्तेमाल पीजी अकोमोडेशन के तौर पर किया जा रहा था। घटना के समय बेसमेंट में मरम्मत का काम चल रहा था।

# नक्सलवाद के बाद अब नशे के खिलाफ होगी बड़ी लड़ाई : शाह

**एजेंसी, गोवा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद और नशीले पदार्थों की समस्या को लेकर सरकार की आगे की रणनीति पर बात की है। गोवा दौरे के दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि जिस तरह सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ अभियान चलाकर स्थिति में बदलाव लाने का काम किया है, उसी तरह अब देश में नशे के नेटवर्क को खत्म करने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।



अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद की चुनौती से निपटने के बाद अब सरकार की प्राथमिकताओं में नशीले पदार्थों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई शामिल है। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या युवाओं और समाज पर असर डालती है, इसलिए इससे निपटने के लिए व्यापक स्तर पर कदम उठाए जाएंगे। गृह मंत्री ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का जिक्र करते हुए कहा कि देश में कभी जिस रेड कॉरिडोर की चर्चा होती थी, वहां अब हालात बदल रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि

◆ **रेड कॉरिडोर की सोच वालों ने हथियार डाले; नॉर्थईस्ट में 10 हजार युवाओं का आत्मसमर्पण**

हिंसा का रास्ता अपनाने वाले कई लोग अब हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौट रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने तिरुपति से पशुपतिनाथ तक रेड कॉरिडोर बनाने की सोच रखी थी, उन्होंने अब हथियार डाल दिए हैं और विकास की प्रक्रिया से जुड़ रहे हैं।

अमित शाह ने नॉर्थईस्ट में शांति प्रक्रिया का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में करीब 10 हजार युवाओं ने आत्मसमर्पण किया है। गृह मंत्री ने इसे सुरक्षा और शांति व्यवस्था में आए बदलाव का संकेत बताया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल हिंसा को रोकना नहीं, बल्कि प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना भी है। इसके लिए सुरक्षा अभियानों के साथ-साथ विकास कार्यों पर भी जोर दिया जा रहा है।

# कोंडागांव में 30 किलो विस्फोटक और पिस्टल समेत नक्सली डंप बरामद

**एजेंसी, कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 किलो विस्फोटक, पिस्टल और अन्य नक्सली सामग्री बरामद की। नक्सल सेल, डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और बीडीएस की संयुक्त टीम ने आत्मसमर्पित नक्सलियों की निशानदेही पर मर्दापाल थाना क्षेत्र के कोरमेल, पुसपाल मोखामारी के जंगल-पहाड़ी इलाकों में सर्च अभियान चलाया। घेराबंदी और डी-माइनिंग के दौरान टीम को 10 किलो का टिफिन आईईडी, 20 किलो जिलेटिन, 9 एमएम पिस्टल, डेटोनेटर, वॉकी-टॉकी, वायर और अन्य सामग्री मिली। बीडीएस टीम ने सुरक्षा के लिहाज से मौके पर ही 10 किलो के टिफिन आईईडी को नष्ट कर दिया। कोंडागांव एसपी पंकज चंद्रा ने बरामदगी की पुष्टि करते हुए बताया कि नक्सलियों के छिपे हथियारों और विस्फोटकों की तलाश में लगातार अभियान जारी है।

# पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की नियुक्ति का विरोध

**एजेंसी, जालंधर।** पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस अरवनी कुमार मिश्रा की नियुक्ति का विरोध किया है। जालंधर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वित्तमंत्री हरपाल चीमा ने कहा कि चीफ जस्टिस की नियुक्ति के लिए संबंधित राज्य सरकार के व्यू और सहमति लेनी जरूरी होती है। इस मामले में इस प्रक्रिया को फॉलो नहीं किया है।



इसे देखते हुए सीएम भगवंत मान ने रविवार को कैबिनेट की इमरजेंसी मीटिंग की, जिसमें चीफ जस्टिस की नियुक्ति के खिलाफ प्रस्ताव पास किया

◆ **आप कैबिनेट में प्रस्ताव पास सरकार की सहमति तक शपथ ग्रहण न कराई जाए**

गया, जिसमें कहा गया कि पंजाब सरकार की सहमति तक नए चीफ जस्टिस को शपथ न दिलाई जाए। सरकार ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गवर्नर से भी अपील की है।

मीटिंग के बाद सीएम भगवंत मान ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से पंजाब के अधिकारों में दखल और संवैधानिक नियमों के उल्लंघन के खिलाफ सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया है। पंजाब सरकार की सहमति के बिना पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस की नियुक्ति तय प्रक्रिया और संवैधानिक नियमों का उल्लंघन है।

## भिवानी में सीएम ने 78 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास किया

# बवानीखेड़ा में बनेगी ई-लाइब्रेरी : नायब सैनी

**एजेंसी, भिवानी।** भिवानी जिले के बवानीखेड़ा की अनाज मंडी में रविवार को विकास संकल्प जनसभा का आयोजन किया गया।

इस दौरान सीएम नायब सिंह सैनी ने करीब 78 करोड़ रुपए की लागत वाली 7 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कॉमनवेल्थ गेम में हरियाणा के खिलाड़ियों ने देश का नाम रोशन किया है, जिनमें से पांच मेडल भिवानी जिले के थे, उनके खिलाड़ियों का भी अभिनंदन किया। सीएम सैनी ने गांव खरक कलां में महिला कॉलेज रेवाड़ी खेड़ा 33 केवी स्टेशन बवानी खेड़ा में मंडी बनाए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि, बवानीखेड़ा में ई



◆ **कहा- खेल प्रतिभाओं को सम्मान और क्षेत्र के विकास पर सरकार का फोकस**

लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। नई अनाज मंडी बनाई जाएगी। बवानीखेड़ा महर्षि वाल्मीकि भवन का निर्माण करवाया जाएगा। नगर पालिका कार्यालय का निर्माण करवाया जाएगा। सीएम ने कहा कि, कलिंगा मे महाराणा कम्युनिकेशन सेंटर व जल घर, गांव मढाणा मुंढाल कलां में पार्क जाटूलुहारी में स्टेडियम, तिडलाना घनाना खेल पर 50-50 लाख रुपए खर्च होंगे। सीएम ने कहा कि, बवानीखेड़ा की पीडब्ल्यूडी सड़कों को रिपेयर करवाया जाएगा। 25 किलोमीटर के खेत खलिहान के कच्चे रास्तों को बनवाया जाएगा। खेड़ा के गांवों के विकास के लिए 5 करोड़ रुपए देने की घोषणा की।

# नए विश्व मानचित्र पर भारत की आपत्ति जम्मू-कश्मीर और लद्दाख समेत पूरा भारत सही दिखे : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने दुनिया के नए नक्शे को लेकर आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख समेत भारत का पूरा इलाका भारत के आधिकारिक नक्शे के हिसाब से ही दिखना चाहिए। भारत के इलाके को गलत या भ्रामक तरीके से दिखाना हमें मंजूर नहीं है। भारत की सीमाएं अटल हैं, इससे समझौता नहीं हो सकता।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र के उस प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया, जिसमें दुनिया के नक्शे पर देशों व महाद्वीपों का आकार उनके असली क्षेत्रफल के करीब दिखाने की बात कही गई है। हालांकि, भारत ने साफ किया कि इसका मतलब किसी एक खास नक्शे को मंजूरी देना नहीं है।

◆ **भारत की सीमाएं अटल गलत नक्शा मंजूर नहीं**

दरअसल, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने शुक्रवार को दुनिया के नक्शे को नए तरीके से दिखाने का प्रस्ताव पास किया। इस बदलाव से किसी देश या महाद्वीप का असली क्षेत्रफल नहीं बदलेगा। सिर्फ नक्शे पर उनका आकार पहले से कुछ छोटा या बड़ा नजर आएगा। अभी दुनिया में मर्केटर मैप काफी इस्तेमाल होता है। इसमें नक्शे पर ध्रुवों के पास के इलाके अपने असली आकार से बड़े दिखाई देते हैं। नए तरीके को इक्वल एरिया प्रोजेक्शन कहा गया है। इसमें अफ्रीका पहले से बड़ा, जबकि यूरोप और उत्तरी अमेरिका छोटे नजर आएंगे।

# तीज पर्व संस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी से जोड़ने का सशक्त माध्यम : मुख्यमंत्री धामी

**एजेंसी, देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को जसवंत सिंह ग्राउंड में आयोजित गोरखाली महिला हरितालिका तीज उत्सव में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि हरितालिका तीज उत्सव को सरकारी स्तर पर और अधिक भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने गोर्खाली समाज की माताओं-बहनों को हरितालिका तीज की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरितालिका तीज माता पार्वती की अटूट तपस्या, विश्वास, समर्पण और शक्ति का प्रतीक है। यह पर्व दृढ़ संकल्प और अटूट विश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। तीज जैसे पारंपरिक पर्व नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और जड़ों से जोड़ने का



◆ **गोरखाली समाज की वीरता, परिश्रम और राष्ट्रभक्ति को सीएम धामी ने सराहा**

महत्वपूर्ण माध्यम हैं। माताएं और बहनें हमारी संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों की सबसे बड़ी संरक्षक हैं। उनके प्रयासों से भाषा, लोक परंपराएं और सांस्कृतिक विरासत पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि गोरखाली समाज अपनी वीरता, निष्ठा, परिश्रम और राष्ट्रभक्ति के लिए जाना जाता है। देश की सीमाओं की रक्षा में गोर्खा वीरों ने सदैव अदम्य साहस और शौर्य का परिचय दिया है। देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने की गोर्खा समाज की भावना पर पूरे देश को गर्व है। शिक्षा, खेल, कला-साहित्य और समाज सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में समाज के लोगों ने अपनी मेहनत और ईमानदारी से प्रदेश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# युवा रिपोर्ट कार्ड लेकर खड़ा, पीएम मोदी आउट ऑफ रीच : खड़गे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी के दिल्ली के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में छात्रों से किए संवाद को राजनीतिक भाषण बताया। खड़गे ने एक्स पर पोस्ट किया- मोदी जी कल दिल्ली विश्वविद्यालय के एसआरसीसी में गए। यह देश के युवाओं, शिक्षा और उनके भविष्य पर संवाद का अवसर था, लेकिन अफसोस, युवाओं के सवालों का सामना करने के बजाय भाषण फिर एक राजनीतिक प्रचार में बदल गया। कभी नाराज फूफा तो कभी दिमागी और अर्बन नक्सल। जुमले बदलते रहते हैं, पर मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियां नहीं बदलती। खड़गे ने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री जी, आउटरीच तभी करनी पड़ती है, जब आप आउट ऑफ रीच हो जाते हैं। प्रधानमंत्री ने अपना रिपोर्ट कार्ड दिखाया। देश का युवा भी अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर खड़ा है।

# दिल्ली के विकास को नई दिशा देना प्राथमिकता : सीएम

## रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा में कई परियोजनाओं का किया शुभारंभ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को शालीमार बाग विधानसभा में कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया।

इन परियोजनाओं से क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था, पार्कों के सौंदर्यीकरण और सड़क कनेक्टिविटी को और मजबूती मिलेगी। शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग स्थित बीबी-ब्लॉक की स्कूल बिल्डिंग के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं के विकास को गति मिलेगी। वहीं, बिजली व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए एएफ-ब्लॉक में खुले ओवरहेड कंडक्टर को अंडरग्राउंड केबल में बदलने के कार्य का शुभारंभ किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग



के सीएंडडी ब्लॉक की मेन रोड पर खुले ओवरहेड कंडक्टर को अंडरग्राउंड केबल में बदलने के कार्य का शुभारंभ किया। इससे क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी।

सीएम ने पीतमपुरा स्थित श्री गुरु गोविंद सिंह कॉलेज से रिंग रोड तक नई सड़क के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया। लगभग 2.84 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली यह सड़क क्षेत्र की कनेक्टिविटी को बेहतर करने के साथ-साथ नागरिकों के आवागमन को अधिक सुविधाजनक बनाएगी। उन्होंने हैदरपुर के नेहरू कैंप में नवनिर्मित टॉयलेट ब्लॉक का भी उद्घाटन किया। साथ ही पीतमपुरा के एसपी-टीपी ब्लॉक में आधुनिक कॉम्पेक्टर का उद्घाटन किया।

आधुनिक कचरा प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में यह पहल क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में सहायक होगी। मुख्यमंत्री ने वाईपी ब्लॉक के तीन और डब्ल्यू पी ब्लॉक के 10 पार्कों में होने वाले सौंदर्यीकरण व विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इन कार्यों के माध्यम से स्थानीय निवासियों को बेहतर, स्वच्छ और सुंदर हरित क्षेत्र उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है।

# विनोद तावड़े ने सीएम योगी से की मुलाकात कहा-यूपी में तीसरी बार बनेगी एनडीए सरकार

**एजेंसी, लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रभारी विनोद तावड़े और सह प्रभारी जगदीश पटेल ने रविवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।

उन्होंने मुख्यमंत्री से संगठन, सरकार एवं चुनाव से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद विनोद तावड़े ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा 'यूपी की रफ्तार रहेगी बरकरार, तीसरी बार बनेगी एनडीए सरकार'। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में भाजपा का हर कार्यकर्ता 2027 में पुनः एनडीए सरकार बनाकर विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को



◆ **बूथ मजबूत करने से चुनावी रणनीति तक, भाजपा ने की तैयारियों की समीक्षा**

पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से भेंट कर चुके हैं। शनिवार को प्रदेश कार्यालय, लखनऊ में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, राष्ट्रीय मंत्री व सह प्रभारी जगदीश पटेल तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में प्रदेश महामंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की थी।

बैठक में उन्होंने संगठन की गतिविधियों, चल रहे अभियानों की प्रगति, बूथ स्तर के सुदृढ़ीकरण तथा आगामी चुनावों की कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**अनुभव** — हिमाचल के 44 मेधावी बीटेक छात्र जापान रवाना, मेडिकल विद्यार्थियों के लिए भी एक्सपोजर विजिट की तैयारी

# नई तकनीक व नवाचार से जुड़कर आत्मनिर्भर बनेगा हिमाचल: सीएम सुक्खू

**अनिल कुमार शर्मा भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के मेधावी विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तकनीक और कार्य संस्कृति का अनुभव दिलाने की पहल के तहत इंजीनियरिंग कॉलेजों के 44 विद्यार्थियों को जापान भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को इन विद्यार्थियों को वर्चुअल माध्यम से जापान के शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित यह अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर टूर 6 से 12 सितंबर तक चलेगा। विभाग की ओर से यह दूसरा अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर टूर है। इससे पहले औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के विद्यार्थियों के लिए कजाकिस्तान का दौरा आयोजित किया



गया था। उस यात्रा में विद्यार्थियों को कौशल विकास की अलग-अलग पद्धतियों और वैश्विक व्यावसायिक शिक्षा व्यवस्था को समझने का अवसर मिला था।

इस बार प्रदेश के पांच इंजीनियरिंग कॉलेजों के बीटेक पाठ्यक्रम के मेधावी विद्यार्थियों का चयन जापान यात्रा के लिए किया गया है। यात्रा में 24 छात्र और 20 छात्राएं शामिल हैं। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बताया कि इसके लिए करीब 650 आवेदन प्राप्त हुए थे और विद्यार्थियों का चयन पूरी तरह मेरिट के आधार पर किया गया है। जापान में विद्यार्थी कई प्रमुख शैक्षणिक, अनुसंधान व औद्योगिक संस्थानों का दौरा करेंगे। इनमें टोक्यो मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएएक्सए) का त्सुकुबा स्पेस सेंटर, साइबरडाइन रोबोटिक्स स्टूडियो, जेएएल एयरोस्पेस फैक्ट्री और क्योसेरा फैक्ट्री शामिल हैं। विद्यार्थी ओसाका के विभिन्न उद्योगों का भी भ्रमण करेंगे। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स, एयरोस्पेस, उन्नत विनिर्माण, नवाचार और आधुनिक परिवहन प्रणालियों को

### भूकंप संवेदनशील होने के बावजूद जापान ने विकास की नई मिसाल कायम की

मुख्यमंत्री ने जापान की भौगोलिक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा कि यह भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील देश है। इसके बावजूद जापान ने तकनीक और विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को वहां की तकनीकी उपलब्धियों और कार्य संस्कृति को समझने का अवसर मिलेगा। सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के तहत राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल एक खूबसूरत राज्य है और सरकार की विभिन्न पहलें प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही हैं।

करीब से समझने का अवसर मिलेगा। उन्हें जापान की कार्य संस्कृति, अनुशासन, सामाजिक मूल्यों और तकनीकी विकास के साथ वहां की विरासत और जीवनशैली को जानने का भी अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने सत्ता में आने के बाद विद्यार्थियों को नई तकनीकों, नवाचार और दुनिया में अपनाई जा रही कार्य प्रणालियों से परिचित कराने पर विशेष ध्यान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब चिकित्सा महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को भी विदेशों में एक्सपोजर विजिट पर भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# अपात्र अधिकारी की नियुक्ति रद्द, पात्र अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश




**भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी-सह-सचिव पद पर की गई नियुक्ति को अवैध ठहराते हुए रद्द कर दिया है। न्यायाधीश ज्योत्सना रेवाल दुआ की पीठ ने यह फैसला हिमुडा की मुख्य अभियंता अंजोरी कपूर की याचिका पर सुनाया।

याचिका में अंजोरी कपूर ने अपने से जूनियर अधिकारी सुरिंदर कुमार वशिष्ठ की मुख्य कार्यकारी अधिकारी-सह-सचिव पद पर नियुक्ति को चुनौती दी थी। न्यायालय ने मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि संबंधित अधिकारी को मुख्य अभियंता के पद पर नियमित रूप से पदोन्नत नहीं किया गया था। इसके बजाय उनके अधीक्षण अभियंता पद को केवल व्यक्तिगत उपाय के तहत अस्थायी रूप से उच्चीकृत किया गया था।

न्यायालय ने माना कि इस आधार पर की गई नियुक्ति निर्धारित सेवा नियमों के अनुरूप नहीं थी। अदालत के अनुसार पात्रता और पदोन्नति से जुड़े नियमों का पालन करना आवश्यक है। इसी आधार पर नियुक्ति को रद्द करने का आदेश जारी किया गया। उच्च न्यायालय ने संबंधित प्राधिकरण को दो सप्ताह के भीतर सेवा नियमों के अनुसार पात्र उम्मीदवार की नए सिरे से नियुक्ति करने के निर्देश दिए हैं। इस फैसले से हिमुडा के शीर्ष प्रशासनिक पद पर नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण स्थिति स्पष्ट हुई है।

# शिक्षक राष्ट्र निर्माण का आधार, विद्यार्थियों के जीवन के सच्चे मार्गदर्शक : प्रो. डॉ. वीर सिंह रांगड़ा

## हिन्द एजुकेशन में शिक्षक दिवस पर भव्य समारोह, 400 से अधिक विद्यार्थी एवं अभिभावक रहे उपस्थित

**अनिल कुमार शर्मा, भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** हिन्द एजुकेशन की ओर से शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को भव्य एवं गरिमापूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रांत के माननीय संघचालक प्रो. डॉ. वीर सिंह रांगड़ा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। श्री संजय सूद ने मुख्य अतिथि तथा स्वामी रामरूपानंद जी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में 400 से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक शामिल हुए।



समारोह का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं अभिनंदन के साथ हुआ। हिन्द एजुकेशन के अध्यक्ष श्री अनुज पंत ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षक का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।

मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. वीर सिंह रांगड़ा ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान देने वाला व्यक्ति नहीं होता, बल्कि वह उनके जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक भी होता है। शिक्षक विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ संस्कार, अनुशासन, जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की भावना विकसित करता है।

उन्होंने कहा कि एक अच्छा शिक्षक विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारने का कार्य करता है और उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने शिक्षकों का सम्मान करने तथा उनके मार्गदर्शन को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी के बीच विश्वास, सम्मान और आत्मीयता का संबंध शिक्षा को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मुख्य अतिथि श्री संजय सूद ने भी शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों की भूमिका को समाज और राष्ट्र निर्माण से जोड़कर देखा।

उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के चरित्र और व्यक्तित्व का निर्माण करती है। विशिष्ट अतिथि स्वामी रामरूपानंद जी ने भी अपने विचार रखते हुए हिन्द एजुकेशन की ओर से शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। समारोह का सबसे आकर्षक पक्ष विद्यार्थियों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विशेष रूप से हिमाचली लोकनृत्य नाटी ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

# ई-बसों के बावजूद शिमला के 47 ग्रामीण रूट बंद, लोगों की बढ़ी परेशानी



**भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** राजधानी शिमला और जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में नई इलेक्ट्रिक बसें आने के बावजूद लोगों को परिवहन सुविधा का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। एचआरटीसी के करीब 47 ग्रामीण रूट बंद होने से स्थानीय लोगों को रोजमर्रा के आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार ठियोग, चौपाल, रोहड़ू, जुब्बल-कोटखाई और रामपुर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कई ग्रामीण रूटों पर बस सेवा नियमित नहीं है। इससे ग्रामीणों को निजी वाहनों या महंगे किराये वाले अन्य साधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी किसानों, बागवानों, विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों को हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में बस सेवा केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि लोगों की दैनिक जरूरतों से जुड़ी महत्वपूर्ण सुविधा है।

बसें बंद होने से बाजार, स्कूल, अस्पताल और कार्यस्थलों तक पहुंच प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नई बसें उपलब्ध होने के बावजूद यदि ग्रामीण रूटों पर सेवा बहाल नहीं होती तो इसका अपेक्षित लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पाएगा। इस बीच शिमला से 10 इलेक्ट्रिक बसें देहरा भेजे जाने की जानकारी भी सामने आई है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं कि जब जिले में कई रूट पहले से बंद हैं तो उपलब्ध बसों का उपयोग स्थानीय जरूरतों को पूरा करने में क्यों नहीं किया जा रहा।

# कालका-शिमला रेललाइन के प्रचार में सोशल मीडिया बनेगा माध्यम

**भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की ऐतिहासिक कालका-शिमला हेरिटेज रेललाइन को पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी शुरू हो गई है। रेलवे ने इस विरासत रेलमार्ग के प्रचार, संरक्षण और उपयोग को बढ़ाने के लिए नई योजना तैयार की है। इसके तहत सोशल मीडिया पर रील, शॉर्ट वीडियो और डिजिटल सामग्री के माध्यम से देश-विदेश के पर्यटकों तक रेललाइन की खासियत पहुंचाई जाएगी।



शिमला में हुई संयुक्त समिति की बैठक में रेललाइन के ऐतिहासिक महत्व को संरक्षित रखने और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। योजना के अनुसार सालभर के कार्यक्रमों का कैलेंडर तैयार किया जाएगा और विरासत दिवस समेत अन्य अवसरों पर विशेष आयोजन किए जाएंगे। रेलवे शिमला स्थित बाबा भलकू रेलवे संग्रहालय को भी पर्यटन से जोड़ने की तैयारी कर रहा है। संग्रहालय को विद्यार्थियों, पर्यटकों और रेलवे प्रेमियों के बीच लोकप्रिय बनाने के लिए प्रचार किया जाएगा।

समिति ने रेललाइन के आसपास शैक्षणिक भ्रमण, स्वच्छता अभियान और जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर भी विचार किया। हालांकि मानसून के दौरान रेललाइन की सुरक्षा रेलवे के लिए चुनौती बनी हुई है। सोलन जिले में कोटी और गुम्मन के बीच बारिश से ट्रैक क्षतिग्रस्त होने के बाद नैरो गेज सेवाएं प्रभावित हुई हैं। रेलवे मरम्मत और सुरक्षा जांच के बाद सेवाएं बहाल करेगा।

# नाहन में डॉ. बिंदल से मिले कर्ण नंदा, संगठन पर चर्चा

**भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने रविवार को नाहन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजीव बिंदल से उनके निवास स्थान पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच आत्मीय संवाद हुआ और संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुलाकात के दौरान पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों, कार्यकर्ताओं की भूमिका और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने को लेकर विचार-विमर्श हुआ।



कर्ण नंदा ने कहा कि डॉ. राजीव बिंदल का लंबा राजनीतिक, सामाजिक और संगठनात्मक अनुभव भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने विभिन्न संवैधानिक और राजनीतिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए प्रदेश की राजनीति तथा जनसेवा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि डॉ. बिंदल का राजनीतिक अनुभव स्वर्णिम है और उनका संगठनात्मक मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के लिए बहुमूल्य है।

संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने तथा जनहित के विषयों को मजबूती से उठाने की उनकी कार्यशैली से पार्टी के कार्यकर्ताओं को निरंतर सीखने का अवसर मिलता है। कर्ण नंदा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। वरिष्ठ नेतृत्व का अनुभव जब युवा और सक्रिय कार्यकर्ताओं की ऊर्जा के साथ जुड़ता है तो संगठन और अधिक प्रभावी तथा मजबूत बनता है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में संगठनात्मक गतिविधियों को विस्तार देने के साथ बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. बिंदल का कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीय संबंध और निरंतर संवाद संगठन को मजबूती प्रदान करता है। वरिष्ठ नेताओं से मिलने वाला अनुभव और मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करता है तथा उन्हें जनसेवा के कार्यों में और अधिक सक्रियता से जुटने की प्रेरणा देता है।

# सरकारी योजनाएं पात्र लोगों तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य - विक्रमादित्य सिंह

## टूटू विकास खंड के 782 परिवारों का चयन, 20 सितंबर तक आवेदन का अवसर

**भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दूधालटी में मुख्यमंत्री अपना परिवार सुखी परिवार योजना को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए योजना की जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि योजना का शुभारंभ आगामी 2 अक्टूबर को होगा। टूटू विकास खंड से करीब 782 परिवारों का चयन किया गया है। पात्र परिवार 20 सितंबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को अधिक से अधिक पात्र परिवारों का पंजीकरण सुनिश्चित करने और उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए।

मंत्री ने कहा कि योजना का उद्देश्य पात्र परिवारों को प्रदेश और केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से एकीकृत रूप से जोड़ना है। परिवार की वास्तविक जरूरत के आधार पर उन्हें सहायता उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रतिमाह 300 यूनिट तक निशुल्क बिजली और पात्र महिलाओं को 1500 रुपये मासिक आर्थिक सहायता देने का प्रावधान बताया गया है।

# शिमला में पानी का संकट गहराया, भाजपा ने सरकार को घेरा

**भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** राजधानी शिमला में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। कई इलाकों में लोगों को पानी के लिए कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। भाजपा ने इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस सरकार और नगर निगम शिमला पर निशाना साधा है। भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने आरोप लगाया कि सरकार 24 घंटे पानी उपलब्ध कराने के दावे करती रही, लेकिन जमीनी हालात इसके उलट हैं। उन्होंने कहा कि 972 करोड़ रुपये की 24×7 पेयजल योजना अब तक पूरी नहीं हो पाई है, जिससे शहरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा ने मांग की है कि सरकार जल्द प्रभावी कदम उठाकर पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करे। भाजपा ने कहा कि लगातार बिगड़ती जलापूर्ति से आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है।

# शिमला में अवैध निर्माण पर बड़ा एक्शन, छह इमारतें होंगी ध्वस्त

**भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** शिमला नगर निगम ने शहर में अवैध और स्वीकृत नक्शे से बाहर किए गए निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। शनिवार को नगर निगम आयुक्त कोर्ट में भवनों से जुड़े 20 मामलों की सुनवाई हुई। इनमें छह मामलों में निर्माण नियमों के विपरीत पाए जाने पर उन्हें तोड़ने के आदेश जारी किए गए। कार्रवाई में बालूगंज स्थित मस्जिद भी शामिल है।



नगर निगम के अनुसार पंथाघाटी, न्यू शिमला, फ्लावरडेल और खलीणी में किए गए अतिरिक्त निर्माणों पर भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होगी। इन स्थानों पर स्वीकृत नक्शे से अलग जाकर अतिरिक्त मंजिल, कमरे, बालकनी और अन्य हिस्सों का निर्माण किए जाने की शिकायतें सामने आई थीं। जांच और सुनवाई के बाद संबंधित मामलों में नगर निगम ने अपना निर्णय सुनाया। शहर में अवैध निर्माण को लेकर लंबे समय से शिकायतें मिल रही हैं।

नगर निगम की ओर से ऐसे मामलों में पहले भवन मालिकों को नोटिस जारी किया जाता है और उन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाता है। इसके बाद दस्तावेजों और निर्माण की स्थिति की जांच के आधार पर कार्रवाई तय की जाती है। नगर निगम की इस कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मचा है। अधिकारियों का कहना है कि भवन निर्माण में स्वीकृत नक्शे और निर्धारित नियमों का पालन जरूरी है।

# हिमाचल में फिर बदला मौसम, बारिश का अलर्ट

**भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 6 सितंबर को प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। कांगड़ा और सिरमौर में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। मैदानी और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में आंधी, बिजली चमकने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का भी अनुमान है। आज से भारी बारिश की संभावना में कमी आएगी, लेकिन मौसम पूरी तरह साफ नहीं होगा। आज से 10 सितंबर तक प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश जारी रह सकती है। 11 और 12 सितंबर को भी कई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। हालांकि, 8 और 9 सितंबर को उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है।

# सेवा, शौर्य और सम्मान की परंपरा को संबल दे रही राज्य सरकार

**अनिल कुमार शर्मा, भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** शिमला। हिमाचल की पहाड़ियों से निकलने वाली कई राहें देश की सीमाओं तक जाती हैं। इन राहों पर चलकर प्रदेश की पीढ़ियों ने राष्ट्रसेवा को अपना जीवन-धर्म बनाया है। सेना में जाना यहां केवल नौकरी नहीं, बल्कि साहस, अनुशासन और देश के प्रति समर्पण की गौरवशाली परंपरा है।

हिमाचल के वीर सपूतों को अब तक 1,252 वीरता पुरस्कार मिले हैं। इनमें चार परमवीर चक्र, दो अशोक चक्र, 10 महावीर चक्र, 25 कीर्ति चक्र, 58 वीर चक्र और 102 शौर्य चक्र शामिल हैं। कांगड़ा के मेजर सोमनाथ शर्मा देश के पहले परमवीर चक्र विजेता रहे हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों और शहीद परिवारों के कल्याण को प्राथमिकता दे रही है। सरकारी सेवाओं में पूर्व सैनिकों के लिए 15 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। सैनिक कल्याण विभाग के तहत विशेष रोजगार प्रकोष्ठ भी स्थापित किया गया है।

युद्ध विधवाओं की बेटियों के विवाह के लिए 50 हजार रुपये की सहायता दी जाती है। गैर-पेंशनभोगी पूर्व सैनिकों को 10 हजार रुपये मासिक वृद्धावस्था पेंशन तथा उनकी विधवाओं को पांच हजार रुपये मासिक सहायता मिलती है। पात्र दिव्यांग सैनिकों को एक लाख रुपये प्रतिवर्ष की सहायता दी जाती है। सैनिकों के बच्चों को विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए 500 से 1,000 रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाती है। वीरता पुरस्कार विजेताओं को 30 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता तथा पात्रों को निशुल्क बस-पास सुविधा भी उपलब्ध है। हिमाचल में 1,33,557 पूर्व सैनिक, 40,004 सैन्य विधवाएं और 991 युद्ध विधवाएं हैं।

# जातिगत जनगणना के प्रारूप पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, प्रमाणित जाति सूची शामिल करने की मांग

**भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** कांग्रेस ने जातिगत जनगणना के प्रस्तावित प्रारूप पर सवाल उठाते हुए इसमें बदलाव की मांग की है। कांग्रेस नेता गुरदीप सिंह सप्पल ने रविवार को शिमला में कहा कि जनगणना में आबादी के अनुपात के आधार पर सामाजिक हिस्सेदारी का सही आकलन होना चाहिए। उन्होंने मौजूदा प्रश्नावली को दोषपूर्ण बताते हुए तेलंगाना और बिहार की तर्ज पर नई प्रश्नावली तैयार करने की मांग की। सप्पल ने कहा कि जाति और उपजाति दर्ज करने के लिए खुला विकल्प रखने से आंकड़ों में असमानता आ सकती है, क्योंकि कई जातियां अलग-अलग क्षेत्रों में अलग नामों से जानी जाती हैं। उन्होंने प्रमाणित जातियों की सूची को प्रश्नावली में शामिल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रारूप में पिछड़ा वर्ग का स्पष्ट उल्लेख नहीं है, जिससे ओबीसी और ईबीसी समुदायों की वास्तविक संख्या का आकलन प्रभावित हो सकता है।




### जातिगत जनगणना पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना के सही आंकड़े सामने आने से सामाजिक न्याय की नीतियां बेहतर तरीके से लागू हो सकेंगी। सप्पल ने आरोप लगाया कि मौजूदा प्रारूप में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को स्पष्ट नहीं किया गया है, जिससे वंचित वर्गों की वास्तविक स्थिति सामने आने में कठिनाई होगी। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की उपलब्ध सूची को प्रश्नावली में शामिल किया जाए। कांग्रेस नेता ने कहा कि पारदर्शी और वैज्ञानिक तरीके से तैयार की गई जनगणना ही समाज के सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व दिलाने में मदद कर सकती है। उन्होंने केंद्र से जल्द प्रारूप में संशोधन करने की अपील की। कांग्रेस नेता ने कहा कि जातिगत जनगणना से प्राप्त आंकड़े समाज के कमजोर और पिछड़े वर्गों के लिए योजनाएं बनाने में सहायक होंगे। उन्होंने दोहराया कि सही आंकड़ों के बिना आरक्षण, शिक्षा और रोजगार से जुड़ी नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन संभव नहीं है।

**जिम्मेदारी**

## खेल प्रकोष्ठ में चार प्रदेश सह-संयोजक सहित 10 जिला संयोजकों को जिम्मेदारी

# पूर्व सैनिक और खेल प्रकोष्ठ में सह-संयोजक व जिला संयोजक नियुक्त

**अनिल कुमार शर्मा, भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश ने संगठनात्मक विस्तार को गति देते हुए पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ और खेल प्रकोष्ठ में प्रदेश सह-संयोजकों एवं जिला संयोजकों की नई नियुक्तियां की हैं। दोनों प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजकों ने प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व से चर्चा के बाद नई टीम की घोषणा की। सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। पार्टी नेतृत्व का उद्देश्य दोनों प्रकोष्ठों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संपर्क बढ़ाने और संगठन को प्रदेश से लेकर जिला तथा जमीनी स्तर तक और अधिक मजबूत करना है।



भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक लेफ्टिनेंट कमांडर अभिषेक पटियाल ने प्रदेश सह-संयोजक के रूप में नायक विनोद कुमार, ऑनरेरी कैप्टन जितेन्द्र कुमार, सूबेदार मेजर संत राम तोमर, नायक हीरा लाल ठाकुर, नायब सूबेदार मनीष कुमार और कैप्टन एम.आर. ठाकुर को जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं जिला स्तर पर हमीरपुर में कैप्टन मदन बरयाल, पालमपुर में कैप्टन श्याम लाल, मंडी में सूबेदार नरेंद्र कुमार, देहरा में मनोज राणा और शिमला में हवलदार पवन कुमार चौहान को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है।

प्रदेश संयोजक अभिषेक पटियाल ने कहा कि पूर्व सैनिकों ने देश की सुरक्षा और सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके अनुभव और समाज के प्रति समर्पण को संगठन के साथ जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रकोष्ठ की नई टीम पूर्व सैनिकों, सेवारत सैनिकों के परिवारों तथा भाजपा संगठन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए कार्य करेगी। पूर्व सैनिकों से जुड़े विषयों, समस्याओं और आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से संगठन के समक्ष उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई जिम्मेदारियां मिलने के बाद सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता से कार्य करेंगे और पूर्व सैनिक समुदाय के साथ नियमित संपर्क स्थापित करेंगे। इसका उद्देश्य संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने के साथ पूर्व सैनिकों के अनुभव का लाभ लेना भी है।

इसी क्रम में भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कुलदीप सिंह राणा ने भी नई टीम की घोषणा की। उन्होंने प्रदेश सह-संयोजक के रूप में तेज प्रताप चोपड़ा, कुलदीप राणा, ईश्वर रोहाल और शीला कौशल को जिम्मेदारी सौंपी है। खेल प्रकोष्ठ में जिला संयोजकों के रूप में कुल्लू में खेमराज ठाकुर, महासू में अंकित वर्मा, हमीरपुर में जयदीप शर्मा, पालमपुर में नवीन कटोच, मंडी में सुनील कुमार, कांगड़ा में विजय रामशरण भंडारी, ऊना में अरुण ठाकुर, किन्नौर में ज्ञान विद्या, चंबा में सुरेन्द्र ठाकुर और सुंदरनगर में अशोक कुमार को नियुक्त किया गया है। कुलदीप सिंह राणा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। प्रदेश के खिलाड़ियों ने विभिन्न स्तरों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

खेल प्रकोष्ठ का प्रयास रहेगा कि खिलाड़ियों, युवाओं और खेल प्रतिभाओं के साथ निरंतर संवाद स्थापित किया जाए। खेलों से जुड़े विषयों और खिलाड़ियों की समस्याओं को संगठनात्मक मंच पर मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल प्रकोष्ठ के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को संगठन की गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। जिला स्तर पर नियुक्त पदाधिकारी स्थानीय खिलाड़ियों और खेल संगठनों के साथ संपर्क बढ़ाकर उनकी आवश्यकताओं को समझेंगे तथा संबंधित विषयों को उचित मंच तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। दोनों प्रदेश संयोजकों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि नई नियुक्तियों से पूर्व सैनिकों, युवाओं और खिलाड़ियों के बीच संगठन की पहुंच बढ़ेगी तथा भाजपा को प्रदेश से लेकर जिला और बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करने में सहायता मिलेगी।

# नीन में अंडर-19 छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न बलदेयां स्कूल बना ऑल राउंड बेस्ट विद्यालय

**भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** मशोबरा खंड की छात्रा वर्ग की अंडर-19 खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नीन में संपन्न हुई। चार दिवसीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलदेयां को ऑल राउंड बेस्ट स्कूल के खिताब से नवाजा गया। प्रतियोगिता में मशोबरा खंड के 15 विद्यालयों की करीब 250 छात्रा खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक स्पर्धाओं में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इनमें 11 सरकारी और चार निजी विद्यालय शामिल रहे।



समापन समारोह में स्थानीय पंचायत प्रधान घनश्याम कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि उपप्रधान बलदेव ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने विजेता और उपविजेता टीमों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। खेल प्रभारी नंदलाल शर्मा ने प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि वॉलीबॉल में पीरन ने प्रथम तथा कोटी ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

कबड्डी में बलदेयां प्रथम और नीन द्वितीय रहा। खो-खो में घैणी ने पहला तथा नीन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन में पटगैहर प्रथम और बलदेयां द्वितीय रहा। मार्चपास्ट में बलदेयां स्कूल ने पहला स्थान हासिल किया। योग प्रतियोगिता में बलदेयां प्रथम और मशोबरा द्वितीय रहा, जबकि शतरंज में घैणी ने प्रथम तथा बलदेयां ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खेल प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भी छात्राओं ने शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

लोकनृत्य में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मशोबरा प्रथम और एमपीएस मशोबरा द्वितीय रहा। समूहगान में आरपीएस बलदेयां ने पहला तथा मशोबरा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। एकांकी नाटक में घैणी प्रथम और आरपीएस बलदेयां द्वितीय रहा। संस्कृत श्लोक उच्चारण में दुर्गापुर प्रथम और बलदेयां द्वितीय रहा। संस्कृत गीतिका में दुर्गापुर ने पहला तथा मशोबरा ने दूसरा स्थान हासिल किया।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएचसी तेजम की टीम ने की 86 ग्रामीणों की जांच



**उदित नैनवाल।** जिला पिथौरागढ़ में दुर्गम क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने होकरा गांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जे.एस. चुफाल के निर्देशन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तेजम की टीम ने 86 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्साधिकारी डॉ. नीतीश भट्ट, नर्सिंग ऑफिसर पवन रावत, एएनएम कमला शर्मा और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कुसुम बेलवाल ने ग्रामीणों की जांच कर आवश्यक उपचार व परामर्श दिया। टीम ने ग्रामीणों को बीमारियों से बचाव, नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया। ग्रामीणों ने गांव में शिविर लगाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया। विभाग ने ऐसे क्षेत्रों में नियमित शिविर लगाने की बात कही।

### ऊखीमठ केस का फरार आरोपी सिरोबगड़ से गिरफ्तार, चाकू बरामद



**अनिल थपलियाल।** रुद्रप्रयाग पुलिस ने ऊखीमठ कोतवाली में दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे वांछित आरोपी प्रदीप सिंह सेमवाल को सिरोबगड़ क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के पास से एक अवैध चाकू भी बरामद हुआ। इस मामले में कोतवाली रुद्रप्रयाग में आयुध अधिनियम के तहत अलग मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। मामले में आगे की विवेचना और साक्ष्य संकलन जारी है।

### हल्द्वानी में ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा



**अनिल थपलियाल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक कुमार राय ने शनिवार को सरस मार्केट स्थित ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम की सुरक्षा और रखरखाव व्यवस्था परखी गई। अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप वेयरहाउस को सुरक्षित और सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में तहसीलदार कुलदीप पांडे और सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी हंसा दत्त पांडे समेत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### बूढ़ाकेदार में भेड़ परिक्रमा महोत्सव संपन्न



**अनिल थपलियाल।** नई टिहरी के बूढ़ाकेदार क्षेत्र के बौल्यासौंड़ में आयोजित प्रसिद्ध भेड़ परिक्रमा महोत्सव का रविवार को विधिवत समापन हुआ। मेले में करीब पांच हजार भेड़-बकरियों ने पारंपरिक परिक्रमा में हिस्सा लिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण पहुंचे तथा देवी-देवताओं का आशीर्वाद लिया। कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने कहा कि ऐसे आयोजन लोक संस्कृति, धार्मिक आस्था और पहाड़ी विरासत के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बूढ़ाकेदार में हैलीपैड निर्माण के लिए मुख्यमंत्री से वार्ता करने का आश्वासन दिया। विधायक शक्ति लाल शाह ने क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। मेले में दिनभर उत्साह और धार्मिक उल्लास का माहौल रहा।

# सीएम धामी ने किया हरतालिका तीज कार्यक्रम का शुभारंभ

## हरतालिका तीज पर गूंजे भजन, पारंपरिक गीतों से सजा माहौल

**विकास बलोनी**





उत्तराखंड में नेपाली समाज के प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्व हरतालिका तीज का शुभारंभ रविवार को धूमधाम और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए नेपाली समाज सहित प्रदेशवासियों को हरतालिका तीज की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हरतालिका तीज हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा, आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है। भगवान शिव और माता पार्वती का यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए, यही उनकी मंगलकामना है।

हरतालिका तीज के अवसर पर महिलाओं ने पति की दीर्घायु, परिवार की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए व्रत रखा। महिलाओं ने भगवान शिव और माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में नजर आईं। तीज के पारंपरिक गीतों, भजनों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया।

हरतालिका तीज का नेपाली समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। उनकी इसी तपस्या और भगवान शिव से पवित्र मिलन की स्मृति में हरतालिका तीज मनाने की परंपरा है। महिलाएं इस दिन श्रद्धा के साथ उपवास रखकर शिव-पार्वती की आराधना करती हैं।

उत्तराखंड में इस पर्व के आयोजन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और गणेश जोशी की सहभागिता से नेपाली समुदाय में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

### तीज में दिखी सांस्कृतिक एकता



मिस उत्तराखंड, कोमल

**वक्ताओं** ने कहा कि हरतालिका तीज केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित पर्व नहीं है, बल्कि यह नेपाली समाज की सांस्कृतिक पहचान, परंपराओं और सामाजिक एकजुटता का भी प्रतीक है। ऐसे आयोजन विभिन्न समुदायों के बीच आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक समन्वय को मजबूत करते हैं। बदलते समय में अपनी लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखना महत्वपूर्ण है। हरतालिका तीज जैसे पर्व नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उत्तराखंड में इस पर्व का व्यापक आयोजन प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता और विविधता में एकता की भावना को मजबूत करने का माध्यम बन रहा है।

# शिंकुन वेस्ट पीक पर फिर तिरंगा फहराने निकला पर्वतारोही दल



6,130 मीटर शिंकुन वेस्ट पीक पर दोबारा चढ़ेगा दल।

**अनिल थपलियाल**

**उत्तरकाशी।** समुद्र तल से 6,130 मीटर की ऊंचाई पर स्थित शिंकुन वेस्ट पीक पर पर्वतारोहियों ने 29 अगस्त को सफलतापूर्वक तिरंगा फहराकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। अब अभियान दल इसी पर्वतारोहण सत्र में महज 25 दिनों के भीतर दूसरी बार शिखर पर पहुंचने की तैयारी में जुटा है। स्नो लेपर्ड उत्तराखंड सांकरी ट्रेकिंग एजेंसी के पर्वतारोही प्रशांत रावत के नेतृत्व में पहला अभियान 23 अगस्त को मनाली से शुरू हुआ था। दल में मनाली के नरेश कुमार, ऋषिकेश की साक्षी अरोड़ा और कश्मीर की श्रिया शर्मा शामिल थीं। पहले सफल आरोहण के बाद टीम ने बिना अधिक समय गंवाए दूसरे अभियान की तैयारियां शुरू कर दीं।

दूसरा अभियान दो सितंबर को शुरू हुआ, जिसमें सात सदस्यीय दल शामिल है। अलग-अलग राज्यों से आए अनुभवी पर्वतारोही इस चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। अभियान के दौरान मौसम, बर्फ की स्थिति, अत्यधिक ऊंचाई और कठिन तकनीकी परिस्थितियां बड़ी चुनौतियां रहेंगी। इसके बावजूद दल पूरे उत्साह और तैयारी के साथ दूसरे आरोहण की ओर बढ़ रहा है। यदि टीम 25 दिनों के भीतर दूसरी बार शिंकुन वेस्ट पीक पर सफलतापूर्वक पहुंचती है, तो यह पर्वतारोहण क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि मानी जाएगी।

# जनता की जरूरत हमारी प्राथमिकता: अग्रवाल

## ऋषिकेश में विकास कार्यों को विधायक निधि से मिल रही रफ्तार

**अनिल थपलियाल**

ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के अमित ग्राम गुमानीवाला स्थित श्री शिव शक्ति मंदिर में विधायक निधि से निर्मित टिन शेड का निर्माण कार्य पूरा होने पर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल का आभार जताया। मंदिर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। करीब साढ़े तीन लाख रुपये की विधायक निधि से तैयार किए गए इस टिन शेड से मंदिर में होने वाले धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं तथा स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर डॉ. अग्रवाल ने कहा कि जनता की आवश्यकता और मांग के आधार पर विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। विधायक निधि से क्षेत्र में सड़क, नाली, विद्युत, प्रकाश व्यवस्था, मंदिरों और सामुदायिक स्थलों से जुड़े विभिन्न कार्य लगातार कराए जा रहे हैं।



शिव शक्ति मंदिर में सुविधा बढ़ी, विधायक निधि से बना टिन शेड।

उन्होंने कहा कि धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं का विस्तार सीधे तौर पर आमजन की सुविधा से जुड़ा है। मंदिर में टिन शेड बनने से बारिश और धूप के दौरान श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी तथा आयोजनों के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा।

### क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप होंगे विकास कार्य

**डॉ. अग्रवाल** ने कहा कि ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्रवासियों की मांगों और सुझावों को ध्यान में रखते हुए आगे भी जरूरी विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और जनता के सहयोग से विकास की प्रक्रिया को और गति दी जा सकती है। कार्यक्रम में वीरभद्र मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, पार्षद सत्य कपरवान, पार्षद राजेश कोठियाल, निर्मला उनियाल, भुवन चंद फुलारा, पूर्व पार्षद विपिन पंत, परशुराम गौड़, विनोद पांडे, राजू बिष्ट सहित कई क्षेत्रीय कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# रैथल भेड़ मेले में उमड़ा आस्था और लोक संस्कृति का रंग



समेश्वर महाराज की परिक्रमा करती भेड़ों ने मोहा मन।

**अनिल थपलियाल**

उत्तरकाशी जिले में रैथल गांव में आयोजित पारंपरिक भेड़ मेले में रविवार को आस्था, लोक संस्कृति और बुग्याली जीवनशैली का अद्भुत संगम देखने को मिला। टकनौर क्षेत्र के पंचगाई रैथल में आयोजित इस मेले में दूरस्थ बुग्यालों से ग्रामीण अपनी भेड़ों की टोलियां लेकर पहुंचे। भगवान समेश्वर महाराज और मां बगमुंडी की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भेड़ों द्वारा मंदिर की परिक्रमा की गई, जो मेले का मुख्य आकर्षण रही। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पारंपरिक आयोजन को उत्साह के साथ मनाया। पूर्व विधायक विजयपाल सिंह सजवाण ने भी मेले में पहुंचकर समेश्वर महाराज और मां बगमुंडी के दर्शन किए तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

उन्होंने कहा कि रैथल की यह परंपरा टकनौर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पशुपालक जीवनशैली का जीवंत प्रतीक है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और लोक परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने पंचगाई रैथल सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों को इस विरासत को जीवित रखने के लिए शुभकामनाएं दीं।

# गोपेश्वर लॉ कॉलेज में बीसीआई समिति ने सुविधाओं का किया सत्यापन



**उदित नैनवाल**

राजकीय विधि महाविद्यालय गोपेश्वर में बार काउंसिल ऑफ इंडिया की मान्यता से जुड़ी व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से गठित निरीक्षण समिति ने महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक और अन्य सुविधाओं का भौतिक सत्यापन किया। समिति ने भूमि-भवन, कक्षा-कक्ष, पुस्तकालय, मूट कोर्ट, विधिक सहायता केंद्र, कंप्यूटर केंद्र और सभागार का निरीक्षण किया। इस दौरान आवश्यक अभिलेखों और दस्तावेजों का भी अवलोकन किया गया।

समिति के सदस्यों ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं से संवाद कर पढ़ाई, सुविधाओं और शैक्षणिक व्यवस्था के संबंध में उनकी राय जानी। महाविद्यालय प्रशासन ने समिति को उपलब्ध संसाधनों और व्यवस्थाओं की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि अप्रैल 2026 में मान्यता के लिए निरीक्षण कराया गया था। इसके बाद बीसीआई के निर्देश पर सुविधाओं का दोबारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# काशी विश्वनाथ मंदिर में 280 मरीजों को मिला निशुल्क उपचार

**अनिल थपलियाल**



उत्तरकाशी स्थित श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर सेवा मंडल और बलूनी हॉस्पिटल देहरादून के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 280 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में डॉ. उदय शंकर बलूनी और डॉ. विष्णु बाजपेयी ने मरीजों की जांच की। इस दौरान लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में जरूरी सलाह भी दी गई। शिविर में आयुष्मान कार्ड से संबंधित जानकारी भी उपस्थित लोगों को दी गई। बताया गया कि पात्र लाभार्थी बलूनी हॉस्पिटल देहरादून में आयुष्मान कार्ड के माध्यम से अनुमोदित उपचार का निशुल्क लाभ ले सकते हैं।

मंदिर के महंत अजय पुरी ने कहा कि जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना इस पहल का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा। शिविर के सफल संचालन में सेवा मंडल के पदाधिकारियों और सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# श्रमिकों की समस्याओं का मौके पर होगा समाधान: महाराज

**अनिल थपलियाल**



एकेश्वर (पौड़ी) के ब्लॉक सभागार में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने श्रमिक पंजीकरण एवं नवीनीकरण शिविर में क्षेत्रीय जनता और जनप्रतिनिधियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कई समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। महाराज ने कहा कि श्रमिक प्रदेश और देश के विकास की मजबूत कड़ी हैं। सरकार का उद्देश्य पंजीकृत श्रमिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सरलता, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराना है। उन्होंने श्रमिकों से समय पर पंजीकरण और नवीनीकरण कराने की अपील की।

उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से श्रमिकों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिल रही है और सरकारी सुविधाएं सीधे जनता तक पहुंचाई जा रही हैं। महाराज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले श्रमिकों को प्रक्रिया की पूरी जानकारी सरल भाषा में दी जाए और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिले। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन, सिंचाई, पेयजल, ऊर्जा और बाल विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# शिक्षक दिवस पर स्कूल में नहीं पहुंचे दोनों शिक्षक, एक निलंबित

**अनिल थपलियाल**



चमोली के ज्योतिर्मठ विकासखंड स्थित राजकीय जूनियर हाईस्कूल भलागांव में शिक्षक दिवस के दिन ही शिक्षण व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए। पांच सितंबर को विद्यालय में तैनात दोनों शिक्षक अनुपस्थित मिले। स्कूल पहुंचे बच्चों को शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम और पढ़ाई की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें शिक्षक नहीं मिले। मामले को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा विभाग ने शिक्षिका रेनू डंगवाल को निलंबित कर दिया है। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक देवेंद्र लाल के जनगणना ड्यूटी पर होने की जानकारी सामने आई है।

विभाग ने इसकी पुष्टि के लिए तहसीलदार से रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट के आधार पर उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों और महिला मंगल दल ने शिक्षकों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि दूरस्थ क्षेत्रों में पहले ही शिक्षा व्यवस्था कई चुनौतियों से जूझ रही है। ऐसे में शिक्षकों की अनियमित उपस्थिति बच्चों की पढ़ाई और भविष्य को प्रभावित कर सकती है। विद्यार्थियों ने भी विद्यालय में नियमित कक्षाएं संचालित करने की मांग उठाई है। मामले ने सरकारी विद्यालयों में निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं।

# वरिष्ठ कहानीकार कुसुम भट्ट 'आरब्ध' सम्मान से सम्मानित



**अनिल थपलियाल**

देहरादून में हिंदी की वरिष्ठ कहानीकार कुसुम भट्ट को 'आरब्ध' सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 'आरब्ध' पत्रिका का लोकार्पण भी किया गया। स्थानीय होटल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. डी.आर. पुरोहित ने कहा कि पत्रिका साहित्यकारों को लेखन के लिए बेहतर मंच उपलब्ध करा रही है। इससे नवलेखन को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

विशिष्ट अतिथि डॉ. नंदकिशोर हटवाल ने कहा कि डॉ. ईशान पुरोहित मूल रूप से ऊर्जा वैज्ञानिक हैं, लेकिन विज्ञान के साथ उनकी साहित्य में भी गहरी रुचि है। उन्होंने कुसुम भट्ट के साहित्य के मूल्यांकन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि किसी साहित्यकार के रचनात्मक योगदान का सही आकलन अक्सर लंबे समय बाद होता है।

मुख्य अतिथि गणेश खुगशाल 'गणि' ने कहा कि 'आरब्ध' का प्रकाशन हिंदी और आंचलिक भाषाओं को एक साथ समझने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि लेखक को केवल अच्छा लिखने पर ध्यान देना चाहिए, साहित्य का मूल्यांकन समाज स्वयं करता है।

# डॉ. चंद्र लाल भारती को मिला राष्ट्र रत्न सम्मान

**अनिल थपलियाल।** उत्तरकाशी के डॉ. चंद्र लाल भारती को सामाजिक सरोकार, मानवीय संवेदना, सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों के लिए राष्ट्र रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली स्थित संविधान क्लब में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. भारती वर्तमान में लोक निर्माण विभाग, हरिद्वार में सिविल इंजीनियर के पद पर सेवाएं दे रहे हैं। वह नौगांव विकासखंड के ग्राम ब्याली के मूल निवासी हैं। ग्रामीण परिवेश से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान हासिल करना उनके क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। सम्मान की जानकारी मिलने पर ग्राम ब्याली सहित नौगांव और पूरे उत्तरकाशी जिले में खुशी का माहौल है।



# नेपाल त्रासदी के मृतकों को मिली श्रद्धांजलि, देहरादून में रोपे गए 80 पौधे

**अनिल थपलियाल**



देहरादून के प्रेमनगर स्थित विधोली क्षेत्र में क्लीन एंड ग्रीन एनवायरमेंट समिति की ओर से इस मानसून सत्र का वृहद पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। पेट्रोलियम विश्वविद्यालय परिसर में हुए इस अभियान के दौरान फूल और फल देने वाले 80 से अधिक पौधे रोपे गए। इनमें अमलतास, नाशपाती, नीम, कनेर, चंपा, गुलमोहर, आम, बेलपत्र, ढाक, आंवला और शहतूत जैसी विभिन्न प्रजातियां शामिल रहीं।

समिति का यह नौवां पौधारोपण अभियान नेपाल में हुई भीषण त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। अभियान की शुरुआत से पहले समिति के सदस्यों और विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और नेपाल के लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

समिति के अध्यक्ष राम कपूर ने कहा कि भारत और क्लीन एंड ग्रीन एनवायरमेंट समिति नेपाल के लोगों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में नेपाल को हरसंभव सहायता के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। पौधारोपण को पर्यावरण संरक्षण के साथ मानवीय संवेदना से जोड़ते हुए उन्होंने इसे श्रद्धांजलि का सार्थक माध्यम बताया। अभियान में समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों और पेट्रोलियम विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी की। समिति ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए नियमित रूप से ऐसे अभियान आगे भी जारी रखे जाएंगे।

# टीईटी बाध्यता हटाने को 13 सितंबर को रैली

## सरकार पर दबाव बनाने देहरादून पहुंचेंगे कर्मचारी-शिक्षक

**अनिल थपलियाल**

रामनगर (हल्द्वानी)। पुरानी पेंशन योजना बहाल करने और शिक्षकों को टीईटी की बाध्यता से मुक्त रखने की मांग को लेकर कर्मचारी-शिक्षक संगठन 13 सितंबर को देहरादून में बड़ी रैली करेंगे। रैली में प्रदेशभर से कर्मचारी और शिक्षक शामिल होंगे। इसे सफल बनाने के लिए रविवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला घासमंडी में कर्मचारी-शिक्षक संगठनों की संयुक्त बैठक हुई।



पुरानी पेंशन बहाली को कर्मचारी-शिक्षकों की हुंकार।

बैठक में रैली में अधिक से अधिक कर्मचारियों और शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए रणनीति तैयार की गई। कर्मचारी शिक्षक संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष नवेंदु मठपाल ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली और टीईटी की बाध्यता समाप्त करने की मांग को लेकर होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने रैली के बाद भी कार्मिक हित में कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो संगठन आंदोलन को और तेज करने के लिए मजबूर होगा।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संरक्षक नंदराम आर्य ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण आधार थी। इसे समाप्त करना कर्मचारियों के हितों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि केंद्र की ओर से पुरानी पेंशन के स्थान पर लाई गई एकीकृत पेंशन व्यवस्था भी कर्मचारियों को स्वीकार नहीं है।

राजकीय शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री अनिल कडाकोटी ने कहा कि लंबे समय से सेवाएं दे रहे शिक्षकों की योग्यता और अनुभव को नजरअंदाज कर टीईटी जैसी परीक्षा के आधार पर उनकी पात्रता तय करना उचित नहीं है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### किसान मोर्चे का छठा दिन, दोपहर तक प्रशासन को अल्टीमेटम

**भारतेंदु संवाददाता, मोहाली।** किसान नेताओं ने कहा कि सरकार की ओर से बातचीत के लिए पहल नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। किसानों ने प्रशासन को रविवार दोपहर दो बजे तक का समय दिया है। उनका कहना है कि तय समय तक सकारात्मक जवाब नहीं मिला तो बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी और बड़े आंदोलन का ऐलान किया जा सकता है।

### पंजाब में नशे के खिलाफ नागरिक बने पुलिस की सबसे बड़ी ताकत

**भारतेंदु संवाददाता, चंडीगढ़।** इन सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की। अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ और करीब 22 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई। अधिकारियों का कहना है कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से नशे के नेटवर्क की जानकारी समय पर मिल रही है, जिससे कार्रवाई को प्रभावी बनाने में मदद मिली है। इससे पुलिस को तस्करों तक पहुंचने और नेटवर्क तोड़ने में मदद मिली।

# गिद्धों को भूपेंद्र यादव ने बताया कुदरती सफाईकर्मी, संरक्षण पर पंचकूला में मंथन

## केंद्रीय मंत्री ने कहा- पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित रखने में गिद्धों की अहम भूमिका

**भारतेंदु संवाददाता, चंडीगढ़**

अंतरराष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस के अवसर पर हरियाणा के पंचकूला में भारत में गिद्ध संरक्षण को लेकर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। 'संकट से उबरने की राह पर-भारत के गिद्धों का संरक्षण' विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में देशभर से विशेषज्ञ, वन अधिकारी और संरक्षण से जुड़े प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने गिद्धों को देश का 'कुदरती सफाईकर्मी' बताते हुए कहा कि पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित बनाए रखने में इन पक्षियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि गिद्ध बिना किसी शोर-शराबे के मृत पशुओं के अवशेषों को तेजी से साफ करते हैं। इससे वातावरण स्वच्छ रखने के साथ संक्रमण और महामारियों के फैलाव को रोकने में भी मदद मिलती है। उन्होंने गिद्धों के संरक्षण को पर्यावरण सुरक्षा से सीधे जुड़ा विषय बताया।



पार्टी नेताओं के बीच संवाद बढ़ाकर आगामी चुनावी रणनीति मजबूत करने पर जोर।

कार्यशाला में गिद्धों की घटती संख्या, उनके सामने मौजूद चुनौतियों और संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने गिद्धों के प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखने, भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने और इनके लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। गिद्धों की संख्या में कमी का असर केवल वन्यजीवों पर नहीं, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ सकता है। कार्यक्रम के दौरान गिद्ध संरक्षण से संबंधित प्रयासों और उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाने पर भी चर्चा हुई।

केंद्रीय मंत्री ने संरक्षण कार्यों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, विभागों के बीच बेहतर समन्वय और जनभागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि वन्यजीव संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि समाज को भी इसमें सक्रिय भूमिका निभानी होगी। इस अवसर पर 'स्टोरी ऑफ जटायु' पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

### गिद्ध संरक्षण पर बढ़ा जोर

**कार्यशाला** में विशेषज्ञों ने बताया कि गिद्धों की घटती संख्या के पीछे कई पर्यावरणीय और मानवीय कारण रहे हैं। ऐसे में इनके प्राकृतिक आवासों की निगरानी और संरक्षण को प्राथमिकता देना जरूरी है। अधिकारियों ने कहा कि गिद्धों के लिए सुरक्षित भोजन और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के साथ स्थानीय स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलाए जाने चाहिए। कार्यक्रम में संरक्षण से जुड़े विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि गिद्धों की मौजूदगी किसी भी क्षेत्र के स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का संकेत मानी जाती है। इनके संरक्षण से जैव विविधता को बढ़ावा मिलने के साथ पर्यावरणीय संतुलन भी कायम रहेगा। कार्यशाला में भविष्य की योजनाओं और संरक्षण अभियानों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# वन कर्मचारियों की नौकरी सुरक्षित, मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने दिया आश्वासन

## वन विभाग के 1,458 कर्मचारियों को अब तक किया गया नियमित

**भारतेंदु संवाददाता, चंडीगढ़**

पंजाब के वन एवं वन्यजीव संरक्षण मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने वन विभाग के कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए आश्वासन दिया है कि सरकार किसी भी वन कर्मचारी को नौकरी से नहीं निकालेगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री ने यह बात डेमोक्रेटिक वन कर्मचारी यूनियन, पंजाब के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक के दौरान कही।

बैठक में यूनियन के प्रतिनिधियों ने वन विभाग के कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दे और मांगें मंत्री के सामने रखीं। मंत्री ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि जायज मांगों को सरकार के उच्च स्तर पर उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हितों से जुड़े मामलों पर उचित स्तर पर विचार किया जाएगा। वन कर्मचारियों की ओर से फील्ड वर्करों के कार्य को खतरनाक कार्यों की श्रेणी में शामिल करने की मांग भी उठाई गई। कर्मचारियों का कहना है



कि फील्ड में काम करने के दौरान उन्हें कई तरह की कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। इस मांग पर मंत्री ने कहा कि वह इस मामले को सरकार के समक्ष उठाएंगे और उचित निर्णय के लिए प्रयास करेंगे।

मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने यह भी स्पष्ट किया कि विभाग में पहले से चल रहे किसी भी कार्य को ठेके पर नहीं दिया जाएगा। इस आश्वासन से उन कर्मचारियों को राहत मिली है, जिन्हें अपने रोजगार की स्थिति को लेकर चिंता थी। सरकार की ओर से काम को ठेके पर देने के बजाय मौजूदा कर्मचारियों की नौकरी सुरक्षा पर जोर दिए जाने की बात कही गई है। मंत्री ने बताया कि वन विभाग में अब तक 1,458 कर्मचारियों को नियमित किया जा चुका है।

इनमें 942 कर्मचारियों को पिछले वर्ष नियमित किया गया था, जबकि इस वर्ष अब तक 516 कर्मचारियों को नियमित किया गया है। सरकार के इस कदम को लंबे समय से विभाग में सेवाएं दे रहे कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक के दौरान कर्मचारियों ने अन्य लंबित मांगों और विभागीय समस्याओं से भी मंत्री को अवगत कराया। मंत्री ने भरोसा दिया कि कर्मचारियों की जायज मांगों पर सरकार गंभीरता से विचार करेगी।

### बेहतर कार्य वातावरण देने पर जोर

**उन्होंने** कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। सरकार का प्रयास है कि वन विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण और आवश्यक सुविधाएं मिलें। बैठक में दिए गए आश्वासन से कर्मचारियों में भरोसा बढ़ा है।

# चुनाव से पहले पंजाब में जनगणना, जातिगत आंकड़ों के साथ जुटेगी 40 सवालों की जानकारी



**भारतेंदु संवाददाता, चंडीगढ़।** पंजाब में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले जनगणना का काम पूरा होगा। केंद्र सरकार की ओर से तय कार्यक्रम के अनुसार जनगणना का मुख्य चरण एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक चलेगा। इससे पहले लोगों को अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कराने का अवसर दिया जाएगा।

इसके लिए 16 से 30 नवंबर 2026 तक स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मुख्य चरण पूरा होने के बाद पांच से नौ जनवरी 2027 तक दोबारा जांच का काम किया जाएगा। इस बार होने वाली जनगणना कई मायनों में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पहली बार लंबे अंतराल के बाद जातिगत आंकड़े भी जुटाए जाएंगे। पंजाब में जनगणना के दौरान लोगों से उनकी जाति से संबंधित जानकारी भी ली जाएगी। इससे राज्य में विभिन्न सामाजिक समूहों की आबादी और उनकी स्थिति से जुड़े आंकड़े सामने आने की उम्मीद है।

जनगणना के दौरान प्रत्येक परिवार से कुल 40 सवाल पूछे जाएंगे। इनमें परिवार और आवास से जुड़ी जानकारी के अलावा जाति, धर्म, शिक्षा, रोजगार, भाषा और प्रवास से संबंधित सवाल शामिल होंगे। इसके साथ ही कोविड-19 टीकाकरण से जुड़ी जानकारी भी दर्ज की जाएगी। इस तरह जनगणना के माध्यम से परिवारों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति से संबंधित व्यापक आंकड़े जुटाए जाएंगे।

## बघेल की विदाई, पंजाब कांग्रेस में पायलट की एंट्री



**भारतेंदु संवाददाता, चंडीगढ़।** पार्टी नेतृत्व का मानना है कि पंजाब में कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती आंतरिक मतभेदों को खत्म करना है। लंबे समय से पार्टी के भीतर अलग-अलग नेताओं और गुटों के बीच खींचतान की स्थिति बनी हुई है। इसका असर संगठन की चुनावी तैयारियों और कार्यकर्ताओं के मनोबल पर भी पड़ा है। ऐसे में सचिन पायलट को जिम्मेदारी सौंपकर हाईकमान ने एक अनुभवी और अपेक्षाकृत स्वीकार्य चेहरे के जरिए संतुलन साधने की कोशिश की है। पायलट के सामने प्रदेश संगठन को मजबूत करने, नेताओं के बीच समन्वय बढ़ाने और जमीनी कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की चुनौती होगी। इसके अलावा उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मजबूत रणनीति तैयार करनी होगी। कांग्रेस के लिए यह बदलाव कितना असरदार साबित होगा, इसका पता आने वाले दिनों में पार्टी की गतिविधियों और नेताओं के बीच तालमेल से चलेगा।

# सुखना जंगल बनेगा चंडीगढ़ के पर्यटन का नया आधार

◆ **सुखना झील का वन क्षेत्र पर्यटकों के लिए आकर्षण का नया केंद्र बन सकता है।**

**भारतेंदु संवाददाता, चंडीगढ़**

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि सुखना झील केवल चंडीगढ़ की खूबसूरती और पहचान का प्रतीक नहीं है, बल्कि इसके पीछे विकसित वन क्षेत्र भी शहर के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

सुखना झील के आसपास का पूरा क्षेत्र वन्यजीव, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ-साथ चंडीगढ़ और पंजाब के लिए पर्यटन का बड़ा आधार बन सकता है। जैव विविधता को लेकर आयोजित राष्ट्रीय बैठक में कटारिया ने कहा कि सुखना क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं को तलाशते समय पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। उनका कहना था कि विकास और प्रकृति के बीच संतुलन बनाकर ही इस क्षेत्र को बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। ऐसा विकास होना चाहिए, जिससे प्राकृतिक संपदा सुरक्षित रहे और स्थानीय लोगों की मूलभूत जरूरतें भी पूरी होती रहें।

कटारिया ने सुखना झील का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रशासन लगातार यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता रहा है कि झील में पहुंचने वाला पानी प्रदूषित न हो। उन्होंने कहा कि झील के निर्माण से पहले से ही आसपास के क्षेत्र में आबादी बसी हुई है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण के साथ स्थानीय परिस्थितियों और लोगों की आवश्यकताओं को भी ध्यान में



रखना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि सुखना के वन क्षेत्र में मौजूद प्राकृतिक संपदा और जैव विविधता को संरक्षित रखते हुए पर्यटन की नई संभावनाएं विकसित की जा सकती हैं। इससे चंडीगढ़ आने वाले पर्यटकों को शहर की आधुनिक पहचान के साथ प्राकृतिक वातावरण का अनुभव भी मिल सकेगा। वन क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने से स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है।

## न्यूज ब्रीफ

### मोगा ग्रेनेड कांड में 17वीं गिरफ्तारी, यूके हैंडलर के संपर्क में था रणजीत

**भारतेंदु संवाददाता, मोगा।** पुलिस जांच में सामने आया है कि रणजीत सिंह विदेश में बैठे संचालक के संपर्क में था और उसके निर्देश पर गतिविधियों को अंजाम देने की तैयारी कर रहा था। पूछताछ के दौरान पुलिस को फिरोजपुर-जम्मू ट्रेन में धमाका करने की साजिश से जुड़े अहम सुराग मिलने की बात सामने आई है। जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि इस साजिश में रणजीत की क्या भूमिका थी और उसे किस स्तर पर निर्देश मिल रहे थे। पुलिस रिमांड के दौरान उससे अन्य आरोपितों और विदेशी संचालक से संपर्क के बारे में पूछताछ की जाएगी। अधिकारियों को उम्मीद है कि पूछताछ से मामले में जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी स्पष्ट हो सकती है। पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने और साजिश के पीछे के लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### एसआइआर नोटिस के बाद दस्तावेज जुटाने में छूटे पसीने, वोट कटने का डर

**भारतेंदु संवाददाता, लुधियाना।** लुधियाना में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के तहत रविवार को लगाए गए विशेष कैंपों में नोटिस पाने वाले मतदाताओं की भीड़ उमड़ी। दस्तावेजों में कमी पाए जाने के बाद लोगों को जवाब और जरूरी प्रमाण जमा कराने के लिए बुलाया गया था। कैंप में पहुंचे कई लोगों के पास जन्म प्रमाणपत्र और दसवीं कक्षा का प्रमाणपत्र नहीं मिला। इससे उन्हें मतदाता सूची में अपना नाम बने रहने को लेकर चिंता सताने लगी। लोगों का कहना है कि वे लंबे समय से संबंधित इलाकों में रह रहे हैं और नियमित रूप से मतदान करते आए हैं। इसके बावजूद अब पुराने दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने के कारण परेशानी खड़ी हो गई है। कई लोगों ने प्रशासन से मांग की कि उन्हें जरूरी प्रमाण जुटाने के लिए पर्याप्त समय दिया जाए और वैकल्पिक दस्तावेज स्वीकार करने की प्रक्रिया स्पष्ट की जाए।

### सोना 1200 और चांदी 2000 महंगी

**भारतेंदु संवाददाता, अमृतसर।** पंजाब में पांच सितंबर को सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी देखने को मिली। सोने का भाव 1200 रुपये बढ़कर 1,52,310 रुपये प्रति दस ग्राम पहुंच गया, जबकि चांदी 2000 रुपये उछलकर 2,37,130 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। सर्राफा बाजार में आई इस तेजी के साथ प्रदेश की प्रमुख कृषि मंडियों में भी अनाज और दलहन के भाव में उतार-चढ़ाव जारी रहा। खन्ना, लुधियाना, अमृतसर, जालंधर और बठिंडा मंडियों में गेहूं, बासमती चावल, दलहन तथा खल-बिनौला के ताजा भाव सामने आए। मंडियों में फसलों की आवक और मांग के अनुसार कीमतों में बदलाव देखने को मिला। किसानों और व्यापारियों की नजर अब आने वाले दिनों के बाजार भाव पर है। उपभोक्ताओं के लिए भी खाद्यान्न और कीमती धातुओं की कीमतों में बदलाव महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### यात्रियों और श्रमिकों को राहत, जालंधर स्टेशन पर लगेंगी दो फूड वैन

**भारतेंदु संवाददाता, जालंधर।** जालंधर सिटी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों और श्रमिकों की सुविधा के लिए दो फूड वैन लगाने की तैयारी है। इनमें से एक वैन मुख्य स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में और दूसरी काजी मंडी की तरफ माल गोदाम के पास लगाई जाएगी। दोनों वैन से लोगों को चौबीस घंटे खाने-पीने की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना है। काजी मंडी की ओर माल गोदाम में रोजाना मालगाड़ियों से सामान की लोडिंग और अनलोडिंग होती है। यहां सैकड़ों श्रमिक काम करते हैं, जिन्हें भोजन के लिए काफी परेशानी होती है। नई वैन शुरू होने से उन्हें कार्यस्थल के पास ही खाना मिल सकेगा। वहीं, मुख्य स्टेशन पर लगने वाली वैन से यात्रियों को भी राहत मिलेगी। रेलवे स्टेशन पर रात के समय आने-जाने वाले यात्रियों के लिए भी यह सुविधा उपयोगी साबित होगी। इससे श्रमिकों को भी आसानी होगी।

# रिटायरमेंट के बाद बनीं शिक्षिका, 36 साल बाद रेखा रानी को मिला हक

## रेखा रानी का 36 साल बाद शिक्षक बनने का सपना हुआ पूरा

**भारतेंदु संवाददाता, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ शिक्षा विभाग में सुपरिंटेंडेंट के पद से सेवानिवृत्त हुईं रेखा रानी का वर्षों पुराना शिक्षक बनने का सपना आखिरकार पूरा हो गया। केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) ने शिक्षा विभाग को उन्हें बैकडेट से शिक्षक पद पर पदोन्नति देने के आदेश जारी किए हैं। यह फैसला उनके लिए इसलिए भी खास है क्योंकि इसके लिए उन्हें करीब 10 साल तक कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी।

रेखा रानी ने शिक्षा विभाग में करीब 36 वर्ष तक अपनी सेवाएं दीं। वह शिक्षक पद के लिए योग्य थीं, लेकिन विभाग की ओर से उन्हें समय पर पदोन्नति नहीं दी गई। अपने अधिकार के लिए उन्होंने कैट का दरवाजा खटखटाया। लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद अब अधिकरण ने उनके पक्ष में फैसला सुनाते हुए बैकडेट से शिक्षक पद पर पदोन्नति देने के आदेश दिए हैं। कैट का फैसला तीन सितंबर को आया, जबकि रेखा रानी इससे करीब चार महीने पहले 30 अप्रैल 2026 को सुपरिंटेंडेंट के पद से सेवानिवृत्त हो चुकी थीं।



◆ **दशकभर संघर्ष के बाद रेखा रानी को मिला न्याय**

शिक्षक दिवस से ठीक पहले आया यह फैसला उनके लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। हालांकि, इस फैसले के साथ एक टीस भी जुड़ी हुई है। शिक्षक बनने का सपना पूरा होने के बावजूद अब वह बच्चों को कक्षा में पढ़ाने का अवसर नहीं पा सकेंगी।

रेखा रानी का कहना है कि यदि उन्हें समय रहते पदोन्नति मिल जाती तो वह पिछले करीब 10 वर्षों से बच्चों को पढ़ा रही होतीं। विभाग की ओर से समय पर पदोन्नति नहीं मिलने के कारण उनका यह सपना लगातार टलता रहा। इसके लिए उन्हें लंबे समय तक कानूनी संघर्ष करना पड़ा। रेखा रानी के मामले में कैट का फैसला उन कर्मचारियों के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिन्हें योग्यता पूरी करने के बावजूद पदोन्नति का लाभ समय पर नहीं मिल पाता।

### खुले बिजली तार और टूटे मीटर बॉक्स बने जानलेवा, एक महीने में दो मौतें

**भारतेंदु संवाददाता, जालंधर।** जालंधर सहित पंजाब के कई जिलों में खुले बिजली के तार और टूटे मीटर बॉक्स लोगों के लिए बड़ा खतरा बन गए हैं। बीते एक माह में करंट लगने से छात्रा समेत दो लोगों की जान जा चुकी है। मोहाली के नयागांव में सड़क पर जमा पानी में करंट उतरने से 48 वर्षीय व्यक्ति की मौत हुई। इससे पहले चंडीगढ़ के विश्वविद्यालय परिसर में छात्रा की करंट लगने से जान चली गई थी। लगातार हो रही इन घटनाओं ने बिजली सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विभिन्न जिलों में पड़ताल के दौरान कई स्थानों पर बिजली लाइनें और उपकरण असुरक्षित स्थिति में मिले। निचले इलाकों में खुले और टूटे मीटर बॉक्स बारिश के दौरान और अधिक खतरनाक हो जाते हैं। लोगों ने विभाग से तत्काल सुधार और नियमित जांच की मांग की है। विभागीय अधिकारियों ने जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया है, लेकिन जमीनी स्तर पर सुरक्षा इंतजामों में सुधार की जरूरत बनी हुई है।

# पंजाब चुनाव से पहले जनगणना की तैयारी, 1 दिसंबर से शुरू होगी प्रक्रिया

**भारतेंदु संवाददाता, चंडीगढ़**




पंजाब में आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए जनगणना की प्रक्रिया निर्धारित समय से पहले पूरी करने की तैयारी शुरू हो गई है। पहले देश में जनगणना वर्ष 2027 में प्रस्तावित थी, लेकिन चुनावी राज्यों में इसे पहले कराने का निर्णय लिया गया है। पंजाब में जनगणना की प्रक्रिया 1 दिसंबर 2026 से शुरू होकर 4 जनवरी 2027 तक चलेगी।

भारत के रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने बताया कि नागरिकों को स्व-गणना का विकल्प भी दिया जाएगा। इसके तहत लोग 16 से 30 नवंबर के बीच अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। स्व-गणना की सुविधा से नागरिकों को अपनी जानकारी दर्ज करने में आसानी होगी और प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी। जनगणना के दौरान घरों और परिवारों से संबंधित जरूरी आंकड़े जुटाए जाएंगे। इसके लिए संबंधित क्षेत्रों में गणनाकर्मियों की तैनाती की जाएगी। अधिकारियों की ओर से प्रक्रिया को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने की तैयारी की जा रही है।

पंजाब के अलावा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और गोवा में भी इसी अवधि के दौरान जनगणना की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। विधानसभा चुनावों से पहले जनगणना कराए जाने के कारण पंजाब में इस प्रक्रिया को विशेष महत्व दिया जा रहा है। प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों को अंतिम रूप देने के साथ लोगों को भी जनगणना में सही जानकारी उपलब्ध कराने के लिए जागरूक किया जाएगा।

### 15 सितंबर को पंजाब के सेवा केंद्र रहेंगे बंद

**भारतेंदु संवाददाता, लुधियाना।** पंजाब के सभी सेवा केंद्र 15 सितंबर 2026 को बंद रहेंगे। पंजाब सेवा केंद्र कर्मचारी यूनियन ने लंबे समय से लंबित मांगों का समाधान नहीं होने के विरोध में एक दिन के पूर्ण बंद का फैसला लिया है। यूनियन के अनुसार, कर्मचारी कई बार सरकार के समक्ष अपनी मांगें रख चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया। इसके विरोध में कर्मचारी मोहाली में धरना देकर सरकार के खिलाफ रोष जताएंगे। बंद के कारण प्रदेशभर में सेवा केंद्रों से मिलने वाली विभिन्न सरकारी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

**विवाद** हरपाल चीमा ने उठाए संवैधानिक प्रक्रिया पर सवाल, मान ने बुलाई आपात कैबिनेट बैठक

# हाईकोर्ट नियुक्ति को लेकर पंजाब में सियासी घमासान हुआ तेज

**भारतेंदु संवाददाता, जालंधर**

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा की नियुक्ति को लेकर पंजाब में राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आरोप लगाया है कि नियुक्ति प्रक्रिया में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की राय और सहमति नहीं ली गई।

उन्होंने इसे निर्धारित संवैधानिक प्रक्रिया की अनदेखी बताया है। इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आपात कैबिनेट बैठक बुलाई है। हरपाल सिंह चीमा ने रविवार को जालंधर में कहा कि हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की नियुक्ति को लेकर मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर में स्पष्ट प्रावधान हैं।



इसके पैरा-6 के अनुसार किसी भी हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस की नियुक्ति से पहले संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री की राय और सहमति ली जानी चाहिए। चीमा का दावा है कि पंजाब के मामले में इस प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया।

वित्त मंत्री ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से इस नियुक्ति को लेकर कोई सलाह या सहमति नहीं ली गई। उन्होंने केंद्र सरकार पर निर्धारित नियमों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। चीमा ने कहा कि केंद्र सरकार के स्तर से पंजाब के राज्यपाल और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के पत्रों में भी मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर के पैरा-6 का उल्लेख किया गया है। इसके बावजूद मुख्यमंत्री से परामर्श नहीं किया गया।

उन्होंने कहा कि यह मामला केवल एक नियुक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि संवैधानिक प्रक्रिया और केंद्र तथा राज्य के बीच अधिकारों से भी जुड़ा हुआ है। इसलिए पंजाब सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है। आम आदमी पार्टी की ओर से भी नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए गए हैं। मामले के तूल पकड़ने के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आपात कैबिनेट बैठक बुलाने का निर्णय लिया है।

**इस** घटनाक्रम के बाद पंजाब सरकार और केंद्र के बीच टकराव बढ़ने के आसार हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान की ओर से बुलाई गई आपात बैठक में नियुक्ति प्रक्रिया के सभी पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। सरकार यह भी विचार कर सकती है कि संवैधानिक प्रक्रिया का पालन नहीं होने के आरोप को लेकर आगे क्या कदम उठाया जाए। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि राज्य सरकार इस विषय को केवल राजनीतिक मुद्दे के तौर पर नहीं देख रही, बल्कि इसे संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय मानती है।

## कठुआ के अमोल शर्मा बने जेएंडके के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक

**भारतेंदु संवाददाता, कठुआ**

**◆ 100 प्रतिशत परिणाम दिलाने वाले अमोल शर्मा सम्मानित**

कठुआ जिले के राजकीय मिडिल स्कूल पथवाल में सेवाएं दे रहे शिक्षक अमोल शर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए स्टेट बेस्ट शिक्षक अवार्ड से सम्मानित किया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर मिली इस उपलब्धि से क्षेत्र के शिक्षा जगत में खुशी की लहर है। विभिन्न वर्गों के लोगों ने अमोल शर्मा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अमोल शर्मा अक्टूबर 2021 से राजकीय मिडिल स्कूल पथवाल में सेवाएं दे रहे हैं। इससे पहले वह राजकीय मिडिल स्कूल नगरोटा गुजरू में कार्यरत रहे। अप्रैल 2016 में शिक्षक के रूप में नियुक्त होने के बाद से उन्होंने शिक्षण को केवल कक्षा तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने विद्यार्थियों को सरल और प्रभावी तरीके से पढ़ाने के लिए कई नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों को अपनाया।

अमोल शर्मा ने विद्यार्थियों की पढ़ाई में रुचि बढ़ाने के लिए तकनीक और डिजिटल माध्यमों का भी प्रभावी इस्तेमाल किया। कोविड महामारी के दौरान जब विद्यालयों में नियमित कक्षाएं प्रभावित हुईं, तब उन्होंने डिजिटल माध्यमों से बच्चों तक शिक्षा पहुंचाने का प्रयास किया। उनकी पहल का लाभ उन बच्चों को भी मिला जो सामान्य परिस्थितियों में शिक्षा से जुड़ने में कठिनाई महसूस करते थे। उन्होंने घुमंतू परिवारों के बच्चों को भी शिक्षा से जोड़ने की दिशा में प्रयास किए। विद्यार्थियों की व्यक्तिगत जरूरतों को समझकर पढ़ाने और उन्हें शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों में आगे बढ़ाने पर भी उन्होंने विशेष ध्यान दिया।

# यूएसबीआरएल से मजबूत हुई जम्मू-कश्मीर में रेल कनेक्टिविटी

## चिनाब पुल ने जम्मू-कश्मीर रेल परियोजना को बनाया खास

**भारतेंदु संवाददाता, श्रीनगर**

**◆ रेलवे विस्तार से घाटी की देश से दूरी हुई कम**

जम्मू-कश्मीर में रेलवे विस्तार ने प्रदेश की कनेक्टिविटी को नई दिशा दी है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना पूरी होने के बाद जम्मू संभाग और कश्मीर घाटी के बीच सीधा रेल संपर्क स्थापित हुआ है। 272 किलोमीटर लंबे इस रेल कॉरिडोर में कठिन पहाड़ी क्षेत्रों के बीच सुरंगों और पुलों का निर्माण किया गया है। परियोजना में 36 प्रमुख सुरंगें और 943 पुल शामिल हैं। करीब 119 किलोमीटर रेल मार्ग सुरंगों से होकर गुजरता है। इससे वर्षभर सुरक्षित रेल संपर्क उपलब्ध कराने में मदद मिली है।

इस परियोजना की सबसे बड़ी उपलब्धियों में रियासी जिले में चिनाब नदी पर बना चिनाब रेल पुल भी शामिल है। नदी तल से करीब 359 मीटर ऊंचा यह पुल दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च पुल बताया जाता है। इसके अलावा अंजी खड्ड पर देश का पहला केबल आधारित रेलवे पुल भी बनाया गया है। इन निर्माणों ने भारतीय रेलवे की इंजीनियरिंग क्षमता को नई पहचान दी है।



रेल संपर्क शुरू होने से जम्मू, कटड़ा और श्रीनगर के बीच यात्रियों को बड़ी सुविधा मिली है। वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनों से यात्रा का समय कम हुआ है। पर्यटन, तीर्थयात्रा और व्यापार को भी इसका लाभ मिलने की उम्मीद है। कश्मीर के सेब, सूखे मेवे, पश्मीना और हस्तशिल्प जैसे उत्पादों को देश के बड़े बाजारों तक पहुंचाने में रेल परिवहन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर भी काम जारी है। जम्मू तवी, कटड़ा, उधमपुर और बडगाम जैसे प्रमुख स्टेशनों को बेहतर सुविधाओं से विकसित किया जा रहा है।

## तीन बड़े हमलों में शामिल पाकिस्तानी आतंकी यासिर ढेर

**भारतेंदु संवाददाता, श्रीनगर।** मध्य कश्मीर के युसमर्ग में आतंकियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। सेना ने ऑपरेशन अशदर के तहत करीब 15 हजार फीट की ऊंचाई वाले इलाके में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी यासिर को मार गिराया। यासिर को वर्ष 2024 में जम्मू-कश्मीर में हुए तीन बड़े आतंकी हमलों में शामिल बताया गया था। सेना की कार्रवाई के बाद इलाके में अन्य आतंकियों की तलाश के लिए अभियान जारी है।

राज्य ब्यूरो, श्रीनगर के अनुसार, बडगाम जिले के युसमर्ग के ऊंचाई वाले क्षेत्र में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने अभियान शुरू किया था। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और अधिक ऊंचाई के बावजूद जवानों ने आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखी। इसी अभियान के दौरान पाकिस्तानी नागरिक और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े यासिर को मार गिराया गया।



गगनगीर और बोटापथरी हमलों का आरोपी था यासिर।

यासिर पर जम्मू-कश्मीर में हुए कई गंभीर आतंकी हमलों में शामिल होने का आरोप था। उसे पुंछ में भारतीय वायुसेना के काफिले पर घात लगाकर किए गए हमले, गगनगीर में श्रमिकों की हत्या और बोटापथरी में सेना के वाहन पर हुए हमले से जोड़ा गया है। इन घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दी थी। सुरक्षाबलों की कार्रवाई के बाद अब फरार आतंकी मूसा की तलाश तेज कर दी गई है। उसके संभावित ठिकानों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

## आर्किटेक्ट विशाल अब्रोल 2026-28 के लिए चेयरपर्सन निर्वाचित

**भारतेंदु संवाददाता, जम्मू।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स (आईआईए) जम्मू-कश्मीर चैप्टर ने वर्ष 2026-28 के कार्यकाल के लिए नई गवर्निंग बॉडी का गठन किया है। 1 से 3 सितंबर तक हुए चुनावों के बाद आर्किटेक्ट विशाल अब्रोल को चैप्टर का नया चेयरपर्सन चुना गया है। उनके नेतृत्व में 14 सदस्यीय टीम ने जिम्मेदारी संभाल ली है। नई टीम में हबिंदर पाल सिंह को वाइस चेयरपर्सन, संदीपु धर और सुनील नगारी को जॉइंट ऑनरेरी सेक्रेटरी तथा मनु राजपूत को ऑनरेरी ट्रेजरर नियुक्त किया गया है। कार्यकारी समिति में मनिंदर सिंह, रणधीर चंद, विवेक सागर शर्मा, कुलबीर ठाकुर, अनव शर्मा, अर्चना रजदान, अर्शिया खजूरिया, अनूप शर्मा और कुशाग्र आनंद शामिल हैं। नई गवर्निंग बॉडी में चार महिला आर्किटेक्ट्स को स्थान मिला है, जो वास्तुकला क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है।

# एक नवंबर से महंगी होगी वैष्णो देवी की हेलीकॉप्टर सेवा

**भारतेंदु संवाददाता, कटड़ा**

माता वैष्णो देवी के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के लिए यात्रा से जुड़ी व्यवस्थाओं में कई महत्वपूर्ण बदलाव होने जा रहे हैं। इनमें सबसे प्रमुख बदलाव हेलीकॉप्टर सेवा के किराये में प्रस्तावित बढ़ोतरी है। एक नवंबर से हेलीकॉप्टर का किराया करीब 15 प्रतिशत बढ़ सकता है। मौजूदा समय में एक तरफ का किराया 2320 रुपये है, जो बढ़कर करीब 2700 रुपये होने की संभावना है। इसी तरह दोनों तरफ की यात्रा का किराया 4650 रुपये से बढ़कर लगभग 5400 रुपये हो सकता है। किराये में बढ़ोतरी का प्रमुख कारण विमान ईंधन की कीमतों में वृद्धि बताया जा रहा है।

इसके अलावा वैष्णो देवी धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा और यात्रा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई नई योजनाओं पर काम किया जा रहा है। नए हेलीपैड विकसित करने, रोपवे सुविधा को मजबूत करने तथा पहचान और सुरक्षा व्यवस्था के लिए पहचान-पत्र प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने की तैयारी है। इससे भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की आवाजाही को आसान बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।



हेलीकॉप्टर किराया बढ़ेगा, वैष्णो देवी धाम में कई नई सुविधाएं होंगीं शामिल।

यात्रा सुविधाओं के विस्तार के तहत शिवखोड़ी तक हेलीकॉप्टर सेवा बढ़ाने की योजना भी प्रस्तावित है। इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ श्रद्धालुओं के लिए आने-जाने के विकल्प बढ़ेंगे।

धाम में प्रसाद व्यवस्था को भी आकर्षक बनाने की तैयारी है। श्रद्धालुओं को पंचमेवा प्रसाद उपलब्ध कराने के साथ अन्य सुविधाओं के विस्तार पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इन बदलावों का उद्देश्य यात्रा को अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाना है।

## जम्मू के गांधीनगर में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने खोला नया कार्यालय

**भारतेंदु संवाददाता, जम्मू।** नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जम्मू के गांधीनगर इलाके में अपना नया कार्यालय शुरू किया है। पार्टी के पुराने हेडक्वार्टर में मरम्मत कार्य चलने के कारण नए कार्यालय की व्यवस्था की गई है। नए कार्यालय का उद्घाटन वरिष्ठ नेता अजय सडोत्रा और रतन लाल गुप्ता ने किया। इस अवसर पर पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने बताया कि पुराने कार्यालय की मरम्मत पूरी होने तक संगठन की सभी गतिविधियां नए कार्यालय से संचालित की जाएंगी। यहां कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें, पार्टी कार्यक्रमों की तैयारियां और जनसंपर्क अभियान जारी रहेंगे। अजय सडोत्रा और रतन लाल गुप्ता ने कहा कि कार्यालय पार्टी संगठन का अहम केंद्र होता है। नए कार्यालय के माध्यम से कार्यकर्ताओं और आम लोगों के साथ संपर्क को और मजबूत किया जाएगा।

# जम्मू-कश्मीर को जल्द मिलेगा राज्य का दर्जा : उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी

**भारतेंदु संवाददाता, जम्मू**

उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल होने को लेकर उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया है और उम्मीद है कि वह अपने इस वादे को पूरा करेगी। चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला दिल्ली दौरे के दौरान जम्मू-कश्मीर से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लगातार केंद्र सरकार के समक्ष उठाते हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जब भी दिल्ली जाते हैं, केंद्रीय गृह मंत्री, प्रधानमंत्री या अन्य केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर प्रदेश के विकास और लोगों से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हैं। हाल में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ हुई बैठक के बाद राज्य दर्जा बहाली के मुद्दे को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हुई हैं।



उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के विकास से जुड़े विषयों के साथ राज्य का दर्जा बहाल करना भी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार इस दिशा में जल्द सकारात्मक कदम उठाएगी। चौधरी ने स्थानीय अधिकारियों और प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े विषयों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के स्थानीय अधिकारियों को महत्वपूर्ण पदों पर पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए। उनका मानना है कि स्थानीय अधिकारियों को जिम्मेदारी मिलने से प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और क्षेत्र से जुड़े मुद्दों को बेहतर तरीके से समझकर उनका समाधान किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार जम्मू-कश्मीर के विकास और जनता से जुड़े मुद्दों को केंद्र के समक्ष लगातार रख रही है।

राज्य दर्जा बहाली को लेकर केंद्र के साथ संवाद जारी है। उपमुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि केंद्र सरकार अपने आश्वासन को पूरा करेगी और जम्मू-कश्मीर को उसका राज्य का दर्जा वापस मिलेगा। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पहले भी विभिन्न केंद्रीय नेताओं के साथ मुलाकातों में जम्मू-कश्मीर से जुड़े विकास कार्यों और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते रहे हैं। ऐसे में उपमुख्यमंत्री के बयान के बाद राज्य दर्जा बहाली को लेकर उम्मीदें एक बार फिर चर्चा में हैं। केंद्र के आश्वासन पर भरोसा जताते हुए उन्होंने जल्द राज्य का दर्जा बहाल होने की उम्मीद जताई।

# लद्दाख में हाईकोर्ट की स्थायी बेंच के नियम लागू

**एजेंसी, लेह**

लद्दाख में जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाईकोर्ट की स्थायी बेंच के नियम लागू होने से क्षेत्र के लोगों के लिए न्याय तक पहुंच आसान होने की उम्मीद बढ़ी है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इसे लद्दाख की न्याय व्यवस्था को अधिक सुलभ और मजबूत बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। भौगोलिक रूप से विशाल और दुर्गम क्षेत्र होने के कारण लद्दाख के लोगों को हाईकोर्ट से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए क्षेत्र से बाहर जाना पड़ता था। इससे उन्हें लंबी दूरी तय करने के साथ समय और धन भी खर्च करना पड़ता था।




**◆ स्थायी बेंच से लद्दाख के दूरदराज लोगों को मिलेगा सुलभ न्याय**

स्थायी बेंच की व्यवस्था से अब विशेष रूप से दूरदराज और दुर्गम इलाकों में रहने वाले नागरिकों को न्यायिक प्रक्रिया तक पहुंच बनाने में सुविधा होगी।

उपराज्यपाल ने कहा कि न्याय व्यवस्था का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचना जरूरी है और स्थायी बेंच इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे मामलों की सुनवाई के लिए लोगों को अनावश्यक यात्रा से राहत मिल सकती है और न्यायिक प्रक्रिया अधिक प्रभावी बन सकती है। उन्होंने लद्दाख में न्याय वितरण प्रणाली को मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री के प्रति आभार भी जताया।

## जम्मू-कश्मीर की भावनाएं कुचल रही भाजपा : तारिक करा



**भारतेंदु संवाददाता, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हमीद करा ने पूर्ण राज्य के दर्जे की बहाली को प्रदेश के लोगों का वैध अधिकार बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जम्मू-कश्मीर के लोगों की भावनाओं और लोकतांत्रिक आकांक्षाओं की अनदेखी कर रही है। करा ने कहा कि राज्य का दर्जा केवल प्रशासनिक व्यवस्था का विषय नहीं बल्कि लोगों की गरिमा और लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व से जुड़ा महत्वपूर्ण सवाल है। जिला कांग्रेस कमेटी जम्मू शहरी की ओर से चट्ठा में आयोजित चौपाल पे चर्चा कार्यक्रम में करा ने कहा कि कांग्रेस जनता से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी लोकतांत्रिक संस्थाओं के भीतर और बाहर राज्य के दर्जे की बहाली के लिए अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। करा ने कहा कि युवाओं के अधिकार, सरकार की जवाबदेही और जनहित के मुद्दों पर भी कांग्रेस संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी जनता की समस्याओं को दबने नहीं देगी और लोगों की आवाज को उचित मंच तक पहुंचाने का काम करेगी। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रमन भल्ला, पूर्व मंत्री योगेश साहनी, नीरज कुंदन समेत कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय समस्याओं और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

# एनएचएम कर्मचारियों का 9 सितंबर से तीन दिवसीय हड़ताल का एलान

## वेतन और स्थायीकरण की मांग पर करेंगे हड़ताल

**भारतेंदु संवाददाता, श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारियों ने अपनी लंबे समय से लंबित मांगों पर सरकार की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं होने के विरोध में नौ सितंबर से 72 घंटे की प्रदेशव्यापी हड़ताल का एलान किया है। हड़ताल में जम्मू और कश्मीर दोनों संभागों के जिला, ब्लाक और क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत एनएचएम कर्मचारी शामिल होंगे। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम तथा एनएचएम की अन्य योजनाओं से जुड़े कर्मचारी भी आंदोलन का समर्थन करेंगे।

यह निर्णय एनएचएम कर्मचारियों की प्रदेश स्तरीय संयुक्त समन्वय समिति की वर्चुअल बैठक में लिया गया। समिति के अनुसार, कर्मचारियों ने पांच सितंबर को सरकार और संबंधित अधिकारियों को अपनी मांगों के समाधान के लिए अल्टीमेटम दिया था, लेकिन इसके बावजूद उन्हें कोई संतोषजनक प्रतिक्रिया नहीं मिली। कर्मचारियों का आरोप है कि उनकी मांगों को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा है।




मांगें नहीं मानीं तो 72 घंटे काम बंद।

एनएचएम कर्मचारी वेतन वृद्धि, सभी कर्मचारियों के स्थायीकरण और तबादला नीति बनाए जाने सहित कई मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। समिति का कहना है कि कर्मचारियों की ओर से कई बार ज्ञापन सौंपे गए और अधिकारियों के साथ बातचीत भी की गई। इस दौरान उन्हें मांगों पर विचार करने के आश्वासन मिले, लेकिन समस्याओं के समाधान के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

समिति ने कहा कि प्रस्तावित हड़ताल उनका अंतिम विकल्प है। बातचीत के माध्यम से समाधान निकालने के सभी प्रयास विफल होने के बाद कर्मचारियों को सामूहिक आंदोलन का फैसला लेना पड़ा है। कश्मीर संभाग के अध्यक्ष मुनीर अंद्राबी ने कहा कि कर्मचारी लगातार धैर्य बनाए हुए थे और उन्हें उम्मीद थी कि सरकार बातचीत के जरिए उनकी समस्याओं का समाधान करेगी।

## बिलावर के देवाल में 11 ग्राम हेरोइन बरामद, एक नशा तस्कर गिरफ्तार

**भारतेंदु संवाददाता, बिलावर।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कठुआ पुलिस ने बिलावर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 11 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। यह कार्रवाई एसएसपी कठुआ मोहिता शर्मा-आईपीएस की निगरानी में की गई। पुलिस के अनुसार थाना बिलावर की टीम ने धाड़ी-देवाल लिंक रोड पर नाका लगाया था। इस दौरान पैदल आ रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 11 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विशाल कुमार निवासी वार्ड नंबर आठ पारलीवंड कठुआ के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में थाना बिलावर में एफआईआर नंबर 182/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21/22 में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर नशे की सप्लाई से जुड़े नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नशे के अवैध कारोबार को रोकने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# एटीएम में मदद के बहाने पिन देखा कार्ड बदला और 40 हजार उड़ाए

**भारतेंदु संवाददाता, जम्मू।** नानक नगर इलाके में एटीएम से पैसे निकालने गई महिला के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि एटीएम में मौजूद एक व्यक्ति ने मदद करने के बहाने महिला का पिन देख लिया। इसके बाद उसने चालाकी से महिला का एटीएम कार्ड बदल दिया। महिला को इसकी जानकारी उस समय नहीं हुई और वह वहां से चली गई।




कुछ समय बाद महिला के बैंक खाते से करीब 40 हजार रुपये निकाल लिए गए। खाते से रकम निकलने की जानकारी मिलने पर महिला को ठगी का पता चला। इसके बाद उसने मामले की जानकारी संबंधित बैंक और पुलिस को दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आरोपी ने पहले महिला का पिन देख लिया और फिर उसका कार्ड बदलकर दूसरे कार्ड से खाते से रकम निकाल ली। घटना के बाद इलाके में एटीएम इस्तेमाल करने वाले लोगों में चिंता का माहौल है। लोगों ने पुलिस से आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी करने और खाते से निकाली गई रकम बरामद करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और एटीएम के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपी तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। लोगों से एटीएम में किसी अनजान व्यक्ति की मदद लेते समय सावधानी बरतने की अपील की गई है।

घटना के बाद पुलिस ने लोगों से एटीएम का इस्तेमाल करते समय सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस के अनुसार, किसी अनजान व्यक्ति को अपना पिन बताने या कार्ड सौंपने से बचें। एटीएम में लेन-देन करते समय आसपास मौजूद लोगों पर नजर रखें। साथ ही, खाते से किसी भी संदिग्ध निकासी का संदेश मिलने पर तुरंत बैंक और पुलिस को सूचना दें।

## जम्मू-कश्मीर में शिक्षकों के लिए तबादला नियम बदले

**भारतेंदु संवाददाता, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर स्कूल शिक्षा विभाग ने रहबर-ए-तालीम, ग्रेड-सेकेंड और ग्रेड-तीन शिक्षकों के लिए नई तबादला नीति-2026 प्रस्तावित की है। प्रस्तावित नीति के तहत किसी शिक्षक को सामान्य तौर पर एक स्थान पर तीन वर्ष की सेवा पूरी करने के बाद ही तबादले के लिए पात्र माना जाएगा। वहीं, किसी शिक्षक को एक ही स्थान पर पांच वर्ष से अधिक समय तक तैनात रहने की अनुमति नहीं होगी। विभाग ने प्रस्तावित नीति को लेकर शिक्षकों और संबंधित पक्षों से आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किए हैं। नई व्यवस्था का उद्देश्य शिक्षकों के तबादले को जरूरत आधारित और छात्र केंद्रित बनाना है। इसके साथ ही शिक्षकों का युक्तिकरण करने तथा स्कूल शिक्षा विभाग की प्रशासनिक कार्यकुशलता में सुधार लाने पर भी जोर दिया गया है। नीति के लागू होने के बाद शिक्षकों की तैनाती को लेकर निर्धारित अवधि और जरूरत को प्रमुख आधार बनाया जाएगा। इससे एक ही स्थान पर लंबे समय तक शिक्षकों की तैनाती पर रोक लगेगी और जरूरत वाले विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। विभाग का मानना है कि संतुलित एवं जरूरत आधारित तबादला व्यवस्था से विद्यालयों में शिक्षकों का बेहतर वितरण किया जा सकेगा। प्रस्तावित नीति में तीन वर्ष की न्यूनतम सेवा अवधि और पांच वर्ष की अधिकतम तैनाती अवधि को महत्वपूर्ण प्रावधान बनाया गया है।

## जम्मू-कश्मीर : एमबीबीएस-बीडीएस की दूसरी काउंसलिंग आज से

**भारतेंदु संवाददाता, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर बोर्ड ऑफ प्रोफेशनल एंट्रेंस एग्जामिनेशन ने एमबीबीएस और बीडीएस पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए दूसरे चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग की अधिसूचना जारी कर दी है। बोर्ड के अनुसार दूसरी काउंसलिंग सात सितंबर को दोपहर 12:30 बजे से शुरू होगी और 10 सितंबर की मध्यरात्रि तक चलेगी। इस दौरान पात्र अभ्यर्थियों को अपनी पसंद के कॉलेज और पाठ्यक्रम के लिए नए सिरे से ऑनलाइन विकल्प भरने होंगे।

दूसरे चरण की काउंसलिंग में उन अभ्यर्थियों को शामिल होने का अवसर मिलेगा जिन्हें पहली काउंसलिंग में कोई सीट आवंटित नहीं हुई थी। इसके अलावा पहली काउंसलिंग में सीट प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी भी निर्धारित नियमों के अनुसार दूसरी काउंसलिंग में भाग ले सकेंगे। हालांकि, उन्हें उसी संस्थान को दोबारा विकल्प के रूप में चुनने की अनुमति नहीं होगी। पहली काउंसलिंग में प्रवेश रद्द कराने वाले अभ्यर्थी भी निर्धारित शर्तों के तहत दूसरे चरण में शामिल हो सकते हैं, लेकिन वे पहले वाले संस्थान का विकल्प दोबारा नहीं भर सकेंगे।



बोर्ड ने उन पात्र नीट-यूजी अभ्यर्थियों को भी दूसरी काउंसलिंग में शामिल होने का अवसर दिया है, जिन्होंने पहले चरण में हिस्सा नहीं लिया था। ऐसे अभ्यर्थियों को काउंसलिंग शुल्क के रूप में 1500 रुपये जमा करने होंगे। वहीं, पहली काउंसलिंग के दौरान शुल्क जमा कर चुके अभ्यर्थियों को दोबारा शुल्क नहीं देना होगा। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि पहली काउंसलिंग में भरी गई सभी पसंद दूसरे चरण के लिए मान्य नहीं होंगी। सभी अभ्यर्थियों को नई पसंद भरनी होगी।

## जम्मू-कश्मीर में शिक्षकों की नई तबादला नीति, तीन साल से पहले नहीं होगा ट्रांसफर

**भारतेंदु संवाददाता, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के तबादलों को लेकर नई नीति-2026 का प्रस्ताव तैयार किया है। इस नीति के तहत रेगुलर रहबर-ए-तालीम (आरआरइटी), ग्रेड-सेकेंड और ग्रेड-तीन शिक्षकों के लिए तबादले के नियमों में बदलाव किया जाएगा। प्रस्तावित नीति का उद्देश्य शिक्षकों की तैनाती को अधिक पारदर्शी, जरूरत आधारित और छात्र हितों के अनुरूप बनाना है।



नई नीति के अनुसार किसी शिक्षक को सामान्य परिस्थितियों में एक स्थान पर तीन वर्ष की सेवा पूरी करने के बाद ही तबादले के लिए पात्र माना जाएगा। वहीं, किसी भी शिक्षक को एक ही स्थान पर पांच वर्ष से अधिक समय तक तैनात रहने की अनुमति नहीं होगी। इससे लंबे समय से एक ही जगह पर कार्यरत शिक्षकों के स्थानांतरण का रास्ता साफ होगा।

स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रस्तावित नीति पर शिक्षकों और संबंधित पक्षों से आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किए हैं। विभाग का कहना है कि सुझावों के आधार पर नीति को अंतिम रूप दिया जाएगा। नई व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों का उचित युक्तिकरण करना, स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना और प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ाना है। विभाग का मानना है कि इससे दूरदराज और जरूरत वाले क्षेत्रों में शिक्षकों की तैनाती बेहतर तरीके से हो सकेगी। शिक्षा विभाग की इस पहल से उम्मीद है कि स्कूलों में शिक्षकों की कमी को कम करने और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध करवाने में मदद मिलेगी। नीति लागू होने के बाद शिक्षकों के तबादले अधिक व्यवस्थित और नियम आधारित तरीके से किए जा सकेंगे। नई नीति से शिक्षकों की तैनाती होगी व्यवस्थित, दूरदराज क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को मिलेगा मजबूत आधार।

# धन-संपत्ति के पीछे भागता समाज, विरासत में मिली जमीन रिश्तों को जोड़ने के बजाय तोड़ रही





नरेंद्र भारती
स्वतंत्र लेखक, मंडी

विरासत में मिली संपत्ति आज के समय में एक गंभीर यक्ष प्रश्न बनती जा रही है-क्या यह वरदान है या अभिशाप? देखने में तो यह वरदान प्रतीत होती है, लेकिन वास्तविकता में यह कई बार अभिशाप का रूप ले लेती है।

आज समाज में ऐसे अनेक उदाहरण देखने को मिलते हैं, जहां विरासत में मिली संपत्ति ने परिवारों को जोड़ने के बजाय तोड़ दिया है।

हमारे बुजुर्गों ने कठिन परिश्रम, त्याग और संयम से पाई-पाई जोड़कर जमीन-जायदाद बनाई थी। उन्होंने अपने जीवन की सुख-सुविधाओं का त्याग कर आने वाली पीढ़यों के लिए यह धरोहर तैयार की, लेकिन आज की पीढ़ी अक्सर उस संपत्ति का महत्व समझने में असफल हो रही है।

लोग विरासत में मिली जमीन को कौड़ियों के भाव बेचकर ऐशो-आराम की जिंदगी जीने में लग जाते हैं। जमीन बेचकर मिलने वाले लाखों-करोड़ों रुपए का उपयोग विकास या भविष्य की सुरक्षा के लिए करने के बजाय, लोग महंगी गाड़ियां, ब्रांडेड कपड़े, महंगे मोबाइल और विलासिता की वस्तुओं पर खर्च कर देते हैं। कुछ लोग नशे और दिखावे में इतना डूब जाते हैं कि कुछ ही समय में सारी संपत्ति समाप्त हो जाती है। परिणामस्वरूप, जो लोग कल तक संपन्न थे, वे आज दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो जाते हैं।

संपत्ति के बंटवारे ने भी रिश्तों में दरार पैदा कर दी है। भाई-भाई के बीच झगड़े, मुकदमेबाजी और यहां तक कि हिंसा की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। खून के रिश्ते, जो कभी प्रेम और विश्वास की नींव पर टिके थे, आज स्वार्थ और लालच की भेंट चढ़ते जा रहे हैं। रिश्तों में मिठास की जगह खटास ने ले ली है। कई मामलों में तो जमीन के छोटे से टुकड़े के लिए हत्या तक हो जाती है, जो अत्यंत चिंताजनक और दुखद है।

बढ़ती महत्वाकांक्षाएं और भौतिकवाद भी इस समस्या के मुख्य कारण हैं। लोग अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा दिखाने के लिए अनावश्यक खर्च करते हैं और दूसरों से आगे निकलने की होड़ में अपने ही संबंधों को खो देते हैं।

अनपढ़ लोग जमीन के बदले जमीन खरीद लेते हैं, जबकि पढ़े-लिखे लोग भी कई बार गलत निर्णय लेकर अपनी आर्थिक स्थिति को कमजोर कर लेते हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम इस स्थिति पर गंभीरता से विचार करें। हमें समझना होगा कि संपत्ति से अधिक महत्वपूर्ण हमारे रिश्ते हैं। यदि रिश्तों की दीवार में एक भी दरार आ जाए, तो पूरा परिवार बिखर सकता है। इसलिए हमें उदार दृष्टिकोण अपनाना चाहिए और आपसी समझ, प्रेम और सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए। रिश्तों पर जमी नफरत की बर्फ को पिघलाना होगा और आपसी विश्वास को मजबूत करना होगा। परिवार में संवाद, पारदर्शिता और न्यायपूर्ण बंटवारा ही इस समस्या का समाधान हो सकता है। साथ ही, युवाओं को यह शिक्षा दी जानी चाहिए कि वे संपत्ति का सदुपयोग करें और अपने भविष्य को सुरक्षित बनाएं।

बहरहाल, यदि हम समय रहते नहीं संभले, तो यह धनलिप्सा हमें विनाश की ओर ले जाएगी। हमें इस मृगतृष्णा से बाहर निकलकर वास्तविक मूल्यों को अपनाना होगा। तभी हम अपने समाज को इस संकट से बचा सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ, समृद्ध और प्रेमपूर्ण वातावरण तैयार कर सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बारहवीं कक्षा के बाद का मोड़ : करियर चरित्र और चेतना की नई शुरुआत





अजय सिंह
(राज्य पुरस्कार विजेता) प्रवक्ता
रसायन विज्ञान, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गढ़ जमूला

बारहवीं कक्षा की परीक्षा केवल अंकों का खेल नहीं है, बल्कि यह जीवन के एक महत्वपूर्ण मोड़ का संकेत है। इस दहलीज को पार करते ही विद्यार्थी एक ऐसे मार्ग पर कदम रखता है जहां उसे अपने भविष्य, अपने व्यक्तित्व और अपने मूल्यों-तीनों का निर्माण करना होता है। यह समय केवल करियर चुनने का नहीं, बल्कि यह तय करने का भी है कि वह किस प्रकार का मनुष्य बनना चाहता है।

करियर के साथ चरित्र का निर्माण : अक्सर विद्यार्थी बारहवीं के बाद केवल इस चिंता में डूब जाते हैं कि कौन-सा कोर्स करें, कौन-सी नौकरी मिलेगी, कितनी आय होगी। यह चिंताएं स्वाभाविक हैं, लेकिन जीवन का उद्देश्य केवल आर्थिक सफलता तक सीमित नहीं होना चाहिए। एक छोटी-सी कहानी इस संदर्भ में विचारणीय है- एक गुरु ने अपने दो शिष्यों को शिक्षा पूर्ण होने पर आशीर्वाद दिया। पहले शिष्य ने पूछा, 'गुरुदेव, मैं सबसे बड़ा व्यापारी कैसे बनूं?' दूसरे शिष्य ने पूछा, 'गुरुदेव, मैं ऐसा मनुष्य कैसे बनूं जिससे समाज को लाभ हो?'

वर्षों बाद पहला शिष्य धनवान तो बना, परंतु समाज में उसका सम्मान नहीं था। दूसरा शिष्य भले ही उतना धनी नहीं बना, लेकिन उसके कार्यों ने उसे समाज का प्रिय और आदरणीय व्यक्ति बना दिया। यह प्रसंग सिखाता है कि करियर जरूरी है, परंतु चरित्र उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है।

नशा और गलत संगति-एक खतरनाक जाल : युवाओं के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती नशा और गलत संगति है। जिज्ञासा या साथियों के दबाव में एक बार गलत रास्ता चुनने से भविष्य प्रभावित हो सकता है। उदाहरण के लिए, राहुल ने दोस्तों के साथ 'मजाक में' नशा किया और पढ़ाई और परिवार से दूर हो गया, जबकि उसका मित्र अर्जुन वही प्रलोभन ठुकराकर सफल बना। साथ ही, भीड़ मानसिकता खतरनाक है। अफवाहों पर उग्र भीड़ मॉब लिंचिंग जैसी घटनाएं कर सकती है। उदाहरण में, एक सामाजिक कार्यकर्ता को बच्चा चुराने वाला समझकर भीड़ ने घेर लिया, लेकिन एक युवक ने समझदारी दिखाई और पुलिस को बुलाया। यह सिखाता है कि सच्चा शिक्षित वही है जो विवेक से काम ले।

विचारधारा और संगठन : सोच-समझकर चयन : युवावस्था में ऊर्जा और उत्साह के कारण विद्यार्थी किसी भी विचारधारा या संगठन से जल्दी प्रभावित हो जाते हैं, लेकिन बिना समझे अनुसरण करना खतरनाक हो सकता है। एक प्रेरक प्रसंग में, स्वामी विवेकानंद के पास एक युवक आया और बोला, 'मैं देश के लिए कुछ करना चाहता हूं, मुझे किस संगठन से जुड़ना चाहिए?' विवेकानंद ने उत्तर दिया, 'पहले स्वयं को शारीरिक, मानसिक और नैतिक रूप से मजबूत बनाओ। जब तुम सही दिशा में खड़े हो जाओगे, तब सही मार्ग स्वत: मिल जाएगा।' यह संदेश आज भी प्रासंगिक है।

साहित्य : व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम : अच्छा साहित्य व्यक्ति को भीतर से गढ़ता है और उसे संवेदनशील व संघर्षशील बनाता है। उदाहरण के लिए, एक बालक ने वीर योद्धा की कहानी पढ़ी और देशभक्ति सीखी, वहीं साधु की कहानी ने उसे करुणा सिखाई। इसने उसे समझाया कि 'सच्चा वीर वह है जिसमें साहस और करुणा दोनों हों।' विद्यार्थी ऐसे साहित्य का अध्ययन करें जो प्रेम, दया, साहस और देशभक्ति में संतुलन बनाए।

संतुलित व्यक्तित्व : सच्ची सफलता : सच्ची सफलता केवल पद, धन या प्रसिद्धि से नहीं मापी जाती। यह है- अपने मूल्यों पर कायम रहना, सही निर्णय लेना और समाज के लिए उपयोगी बनना। उदाहरण के लिए, एक सैनिक को मां ने कहा, 'वीर बनो, परंतु निर्दयी मत बनो।' वीर वह है जो सही के लिए लड़ता है, और निर्दयी वह जो बिना सोच दूसरों को कष्ट देता है। बारहवीं के बाद का समय विद्यार्थी के जीवन की दिशा तय करता है। यदि वह नशा, अपराध और गलत संगति से दूर रहकर, सोच-समझकर निर्णय ले और अच्छे साहित्य का अध्ययन करे, तो वह सफल, आदर्श नागरिक और सच्चा राष्ट्रभक्त बन सकता है। यही सफलता और शालीनता का सच्चा समन्वय है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## संपादकीय

# बढ़ा भारत-बेल्जियम सहयोग

भारत और बेल्जियम के संबंध अब पारंपरिक कूटनीतिक और व्यापारिक दायरे से आगे बढ़कर व्यापक रणनीतिक साझेदारी की दिशा में बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर के बीच हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता ने यह स्पष्ट किया है कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों में दोनों देश एक-दूसरे को केवल व्यापारिक साझेदार के रूप में नहीं, बल्कि भरोसेमंद और दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोगी के रूप में देख रहे हैं। रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, दुर्लभ खनिज, तकनीक और खुफिया जानकारी साझा करने जैसे क्षेत्रों में सहयोग इस रिश्ते की बढ़ती व्यापकता को दर्शाता है।

भारत के लिए बेल्जियम का महत्व केवल यूरोप के एक देश के रूप में नहीं है। उसकी भौगोलिक स्थिति, औद्योगिक क्षमता, तकनीकी विशेषज्ञता और यूरोपीय संघ के साथ उसके मजबूत संस्थागत संबंध उसे भारत के लिए महत्वपूर्ण साझेदार बनाते हैं। बेल्जियम अत्याधुनिक अनुसंधान, तकनीक, बंदरगाह आधारित व्यापार और लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में मजबूत स्थिति रखता है। इसलिए दोनों देशों के बीच अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य महज आर्थिक आंकड़ा नहीं, बल्कि संबंधों को नई ऊंचाई देने की महत्वाकांक्षा है।

रक्षा सहयोग इस नई साझेदारी का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष बनकर उभर रहा है। भारत अपनी रक्षा जरूरतों में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इसके लिए घरेलू उत्पादन क्षमता के साथ अत्याधुनिक तकनीक और विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी जरूरी है। जोरावर टैंक जैसे आधुनिक रक्षा उपकरणों से जुड़े सहयोग से यह संकेत मिलता है कि भारत अब केवल रक्षा सामग्री खरीदने वाला देश नहीं रहना चाहता, बल्कि सह-विकास और सह-निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सैन्य प्रशिक्षण और खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान से दोनों देशों की सुरक्षा साझेदारी भी मजबूत हो सकती है। आतंकवाद और उभरती सुरक्षा चुनौतियों के दौर में ऐसी साझेदारी का महत्व और बढ़ जाता है।

स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग भविष्य की जरूरतों से जुड़ा हुआ है। भारत ने हरित ऊर्जा और कम कार्बन वाली अर्थव्यवस्था की दिशा में महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। काकीनाडा में प्रस्तावित बड़े हरित अमोनिया परियोजना जैसे प्रयास भारत की ऊर्जा महत्वाकांक्षा और बेल्जियम की तकनीकी एवं औद्योगिक क्षमता को जोड़ सकते हैं। हरित अमोनिया भविष्य में स्वच्छ ईंधन और ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। ऐसे में दोनों देशों का सहयोग ऊर्जा सुरक्षा के साथ पर्यावरणीय लक्ष्यों को भी मजबूती दे सकता है।

दुर्लभ खनिजों के क्षेत्र में सहयोग भी रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी, रक्षा उपकरण, ऊर्जा भंडारण और सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए दुर्लभ खनिजों की उपलब्धता आने वाले समय में आर्थिक और सामरिक शक्ति का महत्वपूर्ण आधार बनने वाली है। इन खनिजों के प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण और आपूर्ति शृंखला को सुरक्षित बनाना किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक है। भारत और बेल्जियम इस क्षेत्र में मिलकर काम करते हैं तो दोनों देशों को वैश्विक आपूर्ति शृंखला की अनिश्चितताओं से निपटने में लाभ मिल सकता है।

सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं। बेल्जियम का आईएमईसी संस्थान अनुसंधान और अत्याधुनिक तकनीकी विकास के लिए दुनिया में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। दूसरी ओर भारत अपने सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र को तेजी से विकसित कर रहा है। भारत का विशाल बाजार, कुशल मानव संसाधन और उत्पादन क्षमता तथा बेल्जियम की अनुसंधान विशेषज्ञता एक-दूसरे की पूरक बन सकती हैं। इससे भारत को उन्नत तकनीक, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में लाभ मिल सकता है और बेल्जियम को भारतीय बाजार तथा औद्योगिक क्षमता से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

दोनों देशों के संबंधों का एक महत्वपूर्ण पक्ष साझा वैश्विक दृष्टिकोण भी है। नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संवाद और कूटनीति में विश्वास तथा अंतरराष्ट्रीय संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान की आवश्यकता पर दोनों देशों की सोच में समानता दिखाई देती है। यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों को जल्द समाप्त करने तथा संवाद के माध्यम से समाधान तलाशने का समर्थन वैश्विक शांति के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ साझा रुख भी भारत और बेल्जियम के बीच सुरक्षा सहयोग को मजबूत आधार प्रदान करता है।

वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां भी इस साझेदारी को विशेष महत्व देती हैं। युद्ध, ऊर्जा संकट, व्यापारिक तनाव और आपूर्ति शृंखला में अस्थिरता ने दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं के सामने नई चुनौतियां खड़ी की हैं। ऐसे समय में भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि उसे वैश्विक साझेदारियों के लिए अधिक सक्षम बनाती है। भारत अब केवल निवेश और तकनीक हासिल करने वाला देश नहीं, बल्कि तकनीक, उत्पादन और बाजार की अपनी क्षमता के आधार पर समान भागीदारी की पेशकश करने वाला देश बन रहा है।

-शिवांश धाकड़

## कविता

# बड़ा हसीन है, ये कर्ज

डॉ. कौमार्या मनोज

**मुझ** पर मित्रों का प्यार यूं ही बरसने दो,
इस खूबसूरत रिश्ते को दिल में बसने दो।
बड़ा हसीन है ये साथ तुम्हारा,
मुझे उम्रभर अपना कर्जदार रहने दो।
वो आंखें जो छलकती हैं गम में,
और चमक उठती हैं मेरी खुशी में,
उन आंखों में सदा प्यार रहने दो,
हर पल अपनापन बेशुमार रहने दो।
मौसम लाख बदलते रहें अपनी राह,
आए सावन, पतझड़ या फिर बहार,
मेरे मित्रों की दोस्ती यूं ही महकती रहे,
हर दिन रहे रिश्तों में प्यार अपार।
महज दोस्ती नहीं, ये विश्वास की बगिया है,
जिसमें स्नेह के फूलों की खुशबू बसी है।
इसे यूं ही प्रेम से गुलजार रहने दो,
हर दिल में अपनापन बरकरार रहने दो।
वो मस्ती, वो हंसी, वो प्यारी शरारतें,
जो जीवन के हर पल को खास बनाती हैं,
न तुम उन्हें भूलो, न हम उन्हें भूलें,
ये यादें उम्रभर दिल को मुस्कुराती रहें।
उम्र बढ़े तो बढ़े खूब बढ़े,
पर मन में बचपन की मिठास रहने दो,
चेहरों पर हंसी और दिलों में उजास रहने दो,
दोस्ती का ये रिश्ता हमेशा खास रहने दो।
दूरियां चाहे कितनी भी राहों में आएं,
दिलों की नजदीकियां कम न होने दो,
जब भी पुकारें हम एक-दूजे को,
इस रिश्ते को कभी कमजोर न होने दो।

# बुढ़ापे में अपनों का साथ भी नसीब नहीं बुजुर्गों की बढ़ती उपेक्षा समाज के लिए चिंता





तुलसी राम डोगरा
स्वतंत्र लेखक, पालमपुर

एक अनुमान के अनुसार हमारे देश में वृद्धों की संख्या आए-दिन तेजी से बढ़ रही है और इसके साथ ही उनकी संतानों द्वारा उन्हें प्रताड़ित करने के अप्रत्याशित गंभीर घटनाओं में भी बेतहाशा वृद्धि अक्सर मीडिया में देखने-सुनने को मिलती रहती है।

इस समस्या की जटिलता को देखते हुए संतानों द्वारा अपने बुजुर्गों की उपेक्षा रोकने और उनकी 'जीवन संध्या' को सुखमय बनाने के लिए देश में सबसे पहले हिमाचल के तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने अपने 2002 के मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल के दौरान 'वृद्ध माता-पिता एवं आश्रित भरण-पोषण कानून' बनाया था।

इस कानून के अंतर्गत संतानों द्वारा पीड़ित माता-पिता को संबंधित जिला मजिस्ट्रेट के पास अपनी शिकायत करने का अधिकार दिया गया व दोषी पाए जाने पर संतान को माता-पिता की संपत्ति से वंचित करने, सरकारी अथवा सार्वजानिक क्षेत्र में नौकरियां न देने तथा सेवारत सरकारी कर्मचारियों के वेतन से समुचित राशि काटकर माता-पिता को देने का प्रावधान किया गया। धूमल द्वारा लिए गए इस निर्णय की हिमाचल प्रदेश में ही नहीं यद्यपि देश के हर कोने में सर्वत्र प्रशंसा हुई। तदोपरांत बुजुर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए देश की संसद ने भी 'अभिभावक और वरिष्ठ नागरिक देखभाल व कल्याण विधेयक - 2007' द्वारा बुजुर्गों की देखभाल न करने पर तीन माह तक कैद का प्रावधान किया और इसके विरुद्ध अपील की अनुमति भी नहीं है। इसके पश्चात असम और दिल्ली जैसे राज्य सरकारों ने भी इसका अनुसरण किया और अब तेलंगाना सरकार भी जल्द ही ऐसे कानून को अमलीजामा पहनाने जा रही है, जो स्वागतयोग्य ही नहीं, बल्कि प्रशंसनीय भी है। आज सवाल यह उठता है कि आखिर ऐसे कानून बनाने की आखिर आवश्यकता क्यों आन पड़ी? वास्तव में आज संतानें अपने मां-बाप की देखभाल के कर्तव्य से विमुख होती जा रही और हमारे स्वाभिमानी और बुजुर्ग आए-दिन भावनात्मक यातनाओं से गुजर रहे हैं, यह अत्याधिक पीड़ादायक विषय है। देश के हर कोने से संतानों द्वारा बुजुर्गों को प्रताड़ित करने के गंभीर मामले रोजमर्रा प्रकाश में आते रहते हैं।

मां-बाप बच्चों का लालन-पालन बड़ी ही मुश्किल व अपनी जिंदगी की समस्त पूंजी इस उम्मीद के साथ लगाते हैं कि शायद वृद्धावस्था की आने वाली जीवन संध्या में औलाद उनकी लाठी का सहारा बनेगी। यही नहीं,वे उनकी परवरिश के लिए इतने मशगूल हो जाते हैं कि उन्हें अपने सुख-दु:ख की चिंता भी कदापि नहीं रहती है। पहले बच्चों की परवरिश, शिक्षा, भविष्य को संवारने और उनका करियर बनाने के लिए येन-केन-प्रकारेण वह दिन-रात प्रयासरत रहते हैं। इसके उपरांत भी संतानें आज उन्हें दरकिनार रही हैं और ऐसे में बुजुर्गों को संतान के सहारे की दरकार हो रही है। ऐसे मामले भी सामने आ रहे हैं कि जिन वृद्धों की कमाई का कोई साधन नहीं है वह दो वक्त की रोटी तक के लिए जहां मोहताज हैं, वहीं दर-दर की ठोकरें खाने को भी विवश हैं।

लगता है कि आज की पीढ़ी अपनी परंपरा, सभ्यता और संस्कृति के मूल्यों को तिलांजलि देकर पतन की ओर जा रही है अथवा विमुख हो रही है। यह सत्य है कि मां-बाप जैसे पवित्र रिश्ते को अधिकांश वर्तमान पीढ़ी अपनी स्वार्थ सिद्धी एवं व्यवहार के चलते उन्हें अपमानित करने में उतारु है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## व्यक्तित्व विशेष

# युगल बैडमिंटन को दिलाई नई पहचान



ज्वाला गुट्टा
जन्म : 7 सितंबर 1983

**ज्वाला** गुट्टा भारतीय बैडमिंटन की उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने युगल मुकाबलों को देश में नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका जन्म 7 सितंबर 1983 को महाराष्ट्र के वर्धा में हुआ। उन्होंने बहुत कम उम्र में बैडमिंटन खेलना शुरू किया और आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया। महिला युगल और मिश्रित युगल दोनों वर्गों में उनकी उपलब्धियां उल्लेखनीय रही हैं।

ज्वाला गुट्टा ने अपने करियर में दोनों युगल वर्गों को मिलाकर 316 मुकाबले जीते और विश्व रैंकिंग में छठे स्थान तक पहुंचीं। उन्होंने अपने शुरुआती करियर में श्रुति कुरियन के साथ जोड़ी बनाई, लेकिन बाद में अश्विनी पोनप्पा के साथ उनकी जोड़ी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता मिली। दोनों ने लगातार विश्व की शीर्ष खिलाड़ियों के बीच अपनी जगह बनाए रखी और 2015 में दसवीं रैंकिंग तक पहुंचीं।

मिश्रित युगल में ज्वाला गुट्टा ने वी. दीजू के साथ भी शानदार प्रदर्शन किया। वर्ष 2010 में यह जोड़ी विश्व रैंकिंग में छठे स्थान तक पहुंची और भारत की पहली ऐसी मिश्रित युगल जोड़ी बनी जिसने विश्व की शीर्ष दस जोड़ियों में जगह बनाई। वर्ष 2009 में सुपर सीरीज मास्टर्स फाइनल्स के फाइनल में पहुंचना भारतीय बैडमिंटन के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि थी।

राष्ट्रमंडल खेलों में भी ज्वाला गुट्टा ने भारत को गौरवान्वित किया। वर्ष 2010 में उन्होंने महिला युगल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि 2014 में रजत पदक अपने नाम किया। वर्ष 2011 की विश्व चैंपियनशिप में उन्होंने कांस्य पदक हासिल किया। 2014 में थॉमस एवं उबर कप और एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में भी उन्होंने पदक जीतकर भारतीय बैडमिंटन में अपना योगदान दिया। ज्वाला गुट्टा ने लंदन 2012 ओलंपिक में महिला युगल और मिश्रित युगल दोनों स्पर्धाओं के लिए क्वालीफाई करके इतिहास रचा। बाद में उन्होंने रियो 2016 ओलंपिक में अश्विनी पोनप्पा के साथ महिला युगल में हिस्सा लिया। हालांकि ओलंपिक में उन्हें पदक नहीं मिल सका, लेकिन उनके अंतरराष्ट्रीय करियर में कई बड़ी उपलब्धियां शामिल रहीं।

# पंजाब विश्वविद्यालय चुनाव परिणामों ने युवा पीढ़ी की राजनीतिक सोच और बदलते रुझानों पर छेड़ी नई बहस





अतुल ठाकुर

पंजाब विश्वविद्यालय छात्र परिषद चुनाव के नतीजों ने परिसर की राजनीति में राष्ट्रवादी विचारधारा और छात्र समर्थन को लेकर नई बहस छेड़ दी है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के उम्मीदवार अंकित बिढ़ान की लगातार दूसरी जीत को इस बदलाव के महत्वपूर्ण संकेत के रूप में देखा जा रहा है। इससे यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या युवा मतदाता अब स्थिरता, मजबूत नेतृत्व और राष्ट्रवादी विचारों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

इस चुनाव में मुकाबला कई प्रमुख छात्र संगठनों के बीच था। करीब 16,500 मतदाताओं वाले चुनाव में अंकित बिढ़ान ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 500 से अधिक मतों से हराकर अध्यक्ष पद पर कब्जा बरकरार रखा। पंजाब विश्वविद्यालय के इतिहास में किसी छात्र संगठन द्वारा लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद जीतना महत्वपूर्ण राजनीतिक उपलब्धि माना जा रहा है। वर्ष 2025 में भी इसी संगठन ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की थी। लगातार दूसरी सफलता ने संगठन की परिसर में मजबूत होती पकड़ को रेखांकित किया है।

चुनाव का एक अहम पहलू शिरोमणि अकाली दल की छात्र शाखा स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया का समर्थन रहा। संगठन ने अपना उम्मीदवार मैदान में उतारने के बजाय अंकित बिढ़ान का समर्थन किया। इसे छात्र राजनीति में विभिन्न विचारधाराओं से जुड़े संगठनों के बीच साझा हितों और रणनीतिक सहयोग के संकेत के रूप में देखा जा सकता है। सिख और हिंदू छात्र राजनीति से जुड़े संगठनों का एक मंच पर आना भी इस चुनाव के सामाजिक और राजनीतिक महत्व को बढ़ाता है।

हालांकि विश्वविद्यालय चुनाव के परिणाम को पूरे देश के युवाओं की राजनीतिक सोच का अंतिम प्रमाण मानना उचित नहीं होगा। छात्र राजनीति में स्थानीय मुद्दे, उम्मीदवार की व्यक्तिगत लोकप्रियता, संगठन की सक्रियता और चुनावी रणनीति की बड़ी भूमिका होती है। इसके बावजूद लगातार दो चुनावों में एक ही विचारधारा से जुड़े संगठन की सफलता को नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता। यह संकेत जरूर मिलता है कि परिसर के एक महत्वपूर्ण वर्ग में राष्ट्रवादी विचारों और संगठित छात्र राजनीति के प्रति स्वीकार्यता बनी हुई है।

पिछले कुछ वर्षों में युवाओं को लेकर यह धारणा मजबूत हुई है कि नई पीढ़ी सरकार और सत्ता प्रतिष्ठान से असंतुष्ट है तथा विरोध की राजनीति की ओर बढ़ रही है। सामाजिक माध्यमों पर युवाओं की सक्रियता और असहमति के स्वर इस धारणा को बल देते रहे हैं। लेकिन पंजाब विश्वविद्यालय के चुनाव परिणाम इस तस्वीर का दूसरा पहलू सामने रखते हैं। यहां मतदाताओं के एक हिस्से ने राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़े संगठन को लगातार दूसरी बार नेतृत्व सौंपा है।

इसका अर्थ यह नहीं कि युवा पीढ़ी पूरी तरह किसी एक राजनीतिक विचारधारा के साथ खड़ी हो गई है। आज का युवा मुद्दों के आधार पर निर्णय लेने वाला मतदाता भी हो सकता है। रोजगार, शिक्षा, फीस, छात्र सुविधाएं, सुरक्षा, परिसर का माहौल और भविष्य की संभावनाएं उसके मतदान को प्रभावित कर सकती हैं। इसलिए छात्र चुनावों के परिणामों को व्यापक राजनीतिक बदलाव का संकेत मानने से पहले उनके स्थानीय संदर्भ को समझना आवश्यक है।

फिर भी पंजाब विश्वविद्यालय का चुनाव आने वाले समय के लिए कई सवाल छोड़ता है। यदि राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़े संगठन लगातार छात्र नेतृत्व हासिल करते हैं तो इससे पंजाब की युवा राजनीति में नए समीकरण बन सकते हैं। भाजपा और अकाली दल के बीच बढ़ती नजदीकी के संदर्भ में भी इस घटनाक्रम को देखा जा रहा है। छात्र राजनीति अक्सर व्यापक समाज में उभरती राजनीतिक प्रवृत्तियों की शुरुआती झलक देती है, इसलिए इन परिणामों पर राजनीतिक दलों की नजर स्वाभाविक है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि विश्वविद्यालय परिसर लोकतांत्रिक विचारों और राजनीतिक बहस की प्रयोगशाला होते हैं। यहां अलग-अलग विचारधाराओं को अपनी बात रखने और युवाओं को प्रभावित करने का अवसर मिलता है। ऐसे में किसी एक चुनाव की जीत को पूरे युवा वर्ग की मानसिकता का प्रतिनिधि मानना अतिशयोक्ति होगी। लेकिन लगातार दूसरी सफलता को महज संयोग बताना भी उचित नहीं है।

पंजाब विश्वविद्यालय के चुनाव परिणाम यह संकेत जरूर देते हैं कि युवा राजनीति को केवल विरोध और असहमति के चश्मे से देखना अधूरा दृष्टिकोण है। नई पीढ़ी में राष्ट्रवाद, नेतृत्व, स्थिरता और वैचारिक पहचान जैसे मुद्दों के लिए भी जगह है। आने वाले समय में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि यह रुझान केवल परिसर की राजनीति तक सीमित रहता है या पंजाब की व्यापक युवा राजनीति में भी इसका प्रभाव दिखाई देता है। यही इस चुनाव परिणाम का सबसे बड़ा राजनीतिक संकेत है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

'भारतेन्दु शिखर

प्रकाशक, मुद्रक, संपादक एवं स्वामी शिवांश धाकड़ द्वारा शर्मा भवन, न्यू रणजीत नगर, एप्पल फ्रूट मंडी, नजदीक ढली टनल, शिमला (हि.प्र.) 171006 से प्रकाशित एवं बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद शिमला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/2000/02437
ई-मेल : bhartendunewsmedia@gmail.com, फोन नंबर : 88946-77702

# चित्रकूट बाढ़ पर सीएम योगी ने संभाला मोर्चा

## मंदाकिनी की भीषण बाढ़ के बीच चित्रकूट पहुंचे योगी आदित्यनाथ, हरसंभव मदद का दिया भरोसा

**एजेंसी, लखनऊ**

चित्रकूट में बाढ़ से बिगड़े हालात का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को चित्रकूट पहुंचे। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया और अधिकारियों से आपदा से हुए नुकसान की विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद मुख्यमंत्री रामघाट पहुंचे और बाढ़ की स्थिति का मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर दोपहर के करीब देवांगना घाटी हवाई पट्टी पर उतरा। यहां अधिकारियों ने उन्हें चित्रकूट में बाढ़ की स्थिति, प्रभावित क्षेत्रों और हुए नुकसान की जानकारी दी। इसके बाद मुख्यमंत्री रामघाट पहुंचे। राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, नंद गोपाल नंदी सहित



बोले- आपदा की घड़ी में कोई खुद को अकेला न समझे।

जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर राहत सामग्री का वितरण किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उन्होंने हवाई सर्वेक्षण के दौरान चित्रकूट में बाढ़ से पैदा हुई भयावह स्थिति को देखा है। उन्होंने बताया कि जब बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई, उस समय वह बस्ती में थे। स्थिति की जानकारी मिलते ही उन्होंने पुलिस महानिदेशक, प्रांतीय सशस्त्र बल को आवश्यक निर्देश दिए और राहत एवं बचाव दलों को तत्काल सक्रिय किया। शुरुआत में चित्रकूट में केवल एक राज्य आपदा मोचन बल की टीम मौजूद थी, जिसके बाद राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल और प्रांतीय सशस्त्र बल की अतिरिक्त टीमें भेजी गईं। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रकूट में इस स्तर की बाढ़ पहली बार देखने को मिली है।

◆ **परिवारों को मुआवजा देने का मुख्यमंत्री ने किया ऐलान**

### प्रभावित परिवारों की मदद में नहीं होगी कोई कमी

**मुख्यमंत्री** ने बाढ़ पीड़ितों को संबोधित करते हुए कहा, 'चित्रकूट संकट में है, मैं रामभक्त बनकर आया हूं।' उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में चित्रकूट के लोगों को अकेला महसूस करने की जरूरत नहीं है। सरकार पूरी तरह उनके साथ खड़ी है और प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। रामायण मेला परिसर में आयोजित राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रभावित परिवारों को राहत किट बांटी। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित किसी भी व्यक्ति को सरकार की ओर से सहायता में कमी नहीं होने दी जाएगी। किसानों, व्यापारियों और अन्य प्रभावित परिवारों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा।

## ब्रिक्स के 65 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने निहारी ताजमहल की खूबसूरती

**एजेंसी, लखनऊ।** रिमझिम बारिश के बीच ब्रिक्स देशों के 65 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को आगरा पहुंचकर ताजमहल का दीदार किया। प्रतिनिधिमंडल में रूस, मिस्र और बोलिविया के मुख्य न्यायाधीशों समेत कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। यह दल नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स चीफ जस्टिस फोरम में भाग लेने के लिए भारत आया हुआ है। रविवार सुबह करीब 11 बजे से प्रतिनिधिमंडल के सदस्य अलग-अलग समूहों में ताजमहल पहुंचे। उन्होंने करीब डेढ़ घंटे तक परिसर में समय बिताया और बारिश के बीच छाते लेकर विश्व प्रसिद्ध स्मारक की खूबसूरती निहारी। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने ताजमहल के साथ तस्वीरें भी खिंचाई। आगरा प्रशासन की ओर से सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। प्रतिनिधिमंडल के कार्यक्रम में ताजमहल के अलावा आगरा किला का भ्रमण भी शामिल है। ब्रिक्स देशों के वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों के इस दौरे को भारत की सांस्कृतिक विरासत से परिचय के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## लखनऊ : डबल डेकर बस में लगी भीषण आग, 30 यात्री सकुशल रेस्क्यू

**एजेंसी, लखनऊ**

◆ **गोरखपुर से गुजरात जा रही थी बस**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार को शहीद पथ पर एक डबल डेकर बस में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। बस गोरखपुर से गुजरात जा रही थी। मेदांता अस्पताल के सामने बस में आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, चलते समय बस के एक टायर में आग लगी, जिसने देखते ही देखते बस के पिछले हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। आग तेजी से फैलने के कारण यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि, समय रहते सभी 30 यात्रियों को बस से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। कुछ यात्रियों के सामान के जलने की जानकारी सामने आई है।

सूचना मिलते ही अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी, सहायक पुलिस आयुक्त गोसाईंगंज और सुशांत गोल्फ सिटी थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल की टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। अपर पुलिस (दक्षिणी) रल्लापल्ली वसंथ कुमार ने बताया कि टायर फटने की वजह से हादसा हुआ है।

हादसे के बाद यातायात व्यवस्था और सुरक्षा के मद्देनजर शहीद पथ पर कुछ समय के लिए यातायात डायवर्ट किया गया। मौके पर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस के अनुसार, स्थिति फिलहाल सामान्य और नियंत्रण में है। किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हैं।

# कौशाम्बी : यमुना में डूबकर तीन बच्चों की मौत, हादसे का मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

**एजेंसी, कौशाम्बी**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के पड़ोसी जनपद कौशाम्बी में स्थित महेवाघाट थाना क्षेत्र के घोघपुर गांव में शनिवार को यमुना नदी में स्नान करने गए तीन बच्चों की डूबने से जान चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने गोताखोरों के सहयोग से बच्चों के शव बरामद किये। इस हादसे की जानकारी होते ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल संज्ञान लिया और अधिकारियों को निर्देश दिये कि मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को हरसंभव राहत पहुंचाए।

पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी सत्यनारायण प्रजापति ने बताया कि हादसे में महेवा थाना क्षेत्र के घोघापुर गांव निवासी बृजेश (7) पुत्र सोनू निषाद तथा सगे भाई करन (6) और शनि (4) पुत्र राजेश निषाद की जान चली गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि महेवा घाट थाना क्षेत्र के घोघापुर गांव निवासी सोनू निषाद और उनके भाई राजेश निषाद दिल्ली में मजदूरी करते हैं। दोनों भाई करीब चार दिन पहले ही अपने परिवार के साथ गांव घोघपुर आए। शनिवार को उनके बच्चे यमुना किनारे नहाने के लिए



तीन मासूमों की मौत से घोघपुर गांव में मातम।

गए थे।

जहां स्नान करते समय शनि गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। छोटे भाई को डूबता देख बृजेश और करन उसे बचाने के लिए आगे गये तो वे दोनों भी डूबने लगे। जब तक आस-पास के लोग कुछ कर पाते, इस बीच तीनों बच्चे गहरे पानी में समा गए।

## प्रयागराज : गौ-तस्करों और गौकशों के खिलाफ चले अभियान में चार अभियुक्त गिरफ्तार

**एजेंसी, प्रयागराज।** अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस आयुक्त एवं अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में गंगानगर जोन में गो-तस्करों और गौकशों के विरुद्ध विशेष गिरफ्तारी एवं सत्यापन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 80 स्थानों पर दबिश दी। सहायक पुलिस आयुक्तों के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में गंगानगर जोन के विभिन्न थाना क्षेत्रों की 33 पुलिस टीमों को लगाया गया। पुलिस टीमों ने संदिग्ध व्यक्तियों और पूर्व में गो-तस्करी अथवा गौकशी से जुड़े लोगों का सत्यापन किया। इस दौरान 72 अभियुक्तों का सत्यापन किया गया, जबकि चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने रविवार को बताया कि 'गो-तस्करी और गौकशी जैसी गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस द्वारा ऐसे मामलों में संलिप्त लोगों का लगातार सत्यापन किया जा रहा है। कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। आमजन की सुरक्षा और क्षेत्र में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है।

◆ **गो-तस्करी पर पुलिस का शिकंजा, 80 ठिकानों पर की दबिश**

# सपा की 'सैफई वापसी' सुनिश्चित : केशव प्रसाद मौर्य

## बोले- जंगलराज, गुंडाराज, भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति के प्रतीक हैं सपा-राजद

**एजेंसी, लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी और उसके नेतृत्व पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को पार्टी नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया है। उनके उत्तर प्रदेश आने से ही समाजवादी पार्टी के नेताओं में बेचैनी दिखाई देने लगी है। मौर्य ने तंज कसते हुए कहा कि जब केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह उत्तर प्रदेश आएंगे, तब सपा की स्थिति क्या होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने के साथ ही समाजवादी पार्टी की 'सैफई वापसी' सुनिश्चित हो जाएगी।

केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को सोशल मीडिया पर किए अपने पोस्ट में सपा और राष्ट्रीय जनता दल के बीच समानता का उल्लेख करते हुए दोनों दलों पर निशाना साधा। उन्होंने



यूपी प्रभारी विनोद तावड़े के आगमन से सपा 'सन्न', अमित शाह के आने पर क्या होगा हाल : केशव मौर्य।

कहा कि सपा और राजद की राजनीतिक कुंडली एक जैसी है। दोनों दलों के चाल, चरित्र और चेहरे में काफी समानता है। मौर्य ने आरोप लगाया कि दोनों पार्टियां जंगलराज, गुंडाराज, भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति की प्रतीक रही हैं। उन्होंने कहा कि जनता इन दलों की राजनीति और उनके शासन के तौर-तरीकों को अच्छी तरह समझ चुकी है।

◆ **बोले- जनता ने राजद-कांग्रेस-सपा की तिकड़ी को पूरी तरह नकार दिया**

उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां समाजवादी पार्टी का एक भी प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं था। इसके बावजूद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बिहार के राजनीतिक मैदान में सक्रिय नजर आए। मौर्य के अनुसार, बिहार की जनता ने चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक दलों और नेताओं के आचरण को देखा तथा अपना निर्णय स्पष्ट रूप से सुनाया। मौर्य ने राजद, कांग्रेस और सपा के राजनीतिक गठजोड़ पर भी निशाना साधा।

# 17 सितंबर को काशी से शुरू होगी सेवा संकल्प यात्रा

**एजेंसी, वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की ओर से काशी से गुजरात के वडनगर तक 'सेवा संकल्प बाइक यात्रा' निकाली जाएगी। करीब 20 दिन चलने वाली इस यात्रा का शुभारंभ 17 सितंबर को काशी विश्वनाथ मंदिर में 10 नदियों के जल से भगवान काशी विश्वनाथ के जलाभिषेक के बाद होगा। यात्रा का समापन 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मस्थान वडनगर में किया जाएगा।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक दिलीप पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को पार्टी ने 'सेवा संकल्प अभियान' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री के जन्मस्थान वडनगर और कर्मभूमि काशी से यात्राएं निकाली जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल बाइक यात्रा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा के रूप में आयोजित किया जा रहा है।

◆ **10 राज्यों से गुजरेगी भाजयुमो की 2000 किलोमीटर बाइक यात्रा**

◆ **वडनगर में 7 अक्टूबर को समाप्त होगी सेवा संकल्प यात्रा**

उन्होंने बताया कि कुल 20 बाइक यात्राएं प्रस्तावित हैं। इनमें 10 यात्राएं वडनगर से और 10 यात्राएं काशी से शुरू होंगी। प्रत्येक टोली में 25 बाइक सवार होंगे और प्रत्येक बाइक पर दो लोग सवार रहेंगे। युवा कार्यकर्ता करीब 20 दिनों तक प्रतिदिन लगभग 100 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। यात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सेवा, संवाद और जनजागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## एक करोड़ की हेरोइन के साथ अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी, प्रयागराज।** प्रयागराज एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लखनऊ के गोमतीनगर क्षेत्र से एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बाराबंकी जिले के जैदपुर थाना क्षेत्र के टिकरा उसमा गांव निवासी सरूफ के रूप में हुई है। उसके कब्जे से करीब आधा किलो हेरोइन बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग एक करोड़ रुपये बताई गई है। कार्रवाई के दौरान आरोपी के दो साथी सद्दाम और अंसार मोटरसाइकिल से फरार हो गए। एएनटीएफ टीम उनकी तलाश में जुटी है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि गिरोह उत्तर प्रदेश के लखनऊ, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज और कानपुर समेत कई जिलों में हेरोइन की सप्लाई करता था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गोमतीनगर थाने में मुकदमा दर्ज किया है और फरार तस्करों की तलाश जारी है।

# संभल सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

## बहजोई-चंदौसी मार्ग पर हुआ दर्दनाक हादसा, बजरी से लदा था ट्रक

**एजेंसी, संभल**

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। हादसा बहजोई कोतवाली क्षेत्र में बहजोई-चंदौसी मार्ग पर हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। घायलों को तत्काल उपचार के लिए बहजोई के सरकारी अस्पताल भेजा गया। गंभीर हालत को देखते हुए एक घायल को संभल के लिए रेफर किया गया है। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और आसपास के लोग भी राहत कार्य में जुट गए।

पुलिस के अनुसार टेंपो में करीब आठ से नौ लोग सवार थे और वह सवारियों को लेकर बहजोई-चंदौसी मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान सामने से एक बजरी लदा ट्रक आ रहा था। सड़क पर एक ई-रिक्शा भी आ रहा था, जिसे बचाने के प्रयास में टेंपो



दर्दनाक हादसे में क्षतिग्रस्त ट्रक।

◆ **सवारियों से भरे टेंपो ने बचाने के प्रयास में ट्रक को मारी टक्कर**

चालक ने वाहन को नियंत्रित करने की कोशिश की। इसी दौरान टेंपो सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। ट्रक भी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया।

हादसे में टेंपो सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कई अन्य लोग घायल बताए गए हैं। दुर्घटना के बाद सड़क पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को वाहनों से बाहर निकालने में मदद की। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की।

पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ई-रिक्शा को बचाने के प्रयास में टेंपो सामने से आ रहे बजरी लदे ट्रक से टकरा गया।

# बागपत में श्रद्धालुओं की बस पर पलटा ईंटों से भरा ट्रक, 9 घायल

**एजेंसी, बागपत**

◆ **ओवरटेक करने की कोशिश में चालक ने खोया ट्रक पर नियंत्रण, डिवाइडर से टकराकर बस पर पलटा**

उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में रविवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। राष्ट्र वंदना चौक के पास हाईवे पर ओवरटेक करने के प्रयास में तेज रफ्तार ईंटों से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर श्रद्धालुओं से भरी निजी बस पर पलट गया। हादसे में बस में सवार नौ श्रद्धालु घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाकर उपचार कराया गया।

जानकारी के अनुसार श्रद्धालु राजस्थान स्थित बागड़ धाम के दर्शन कर निजी बस से अपने गंतव्य की ओर लौट रहे थे। रविवार सुबह करीब तीन बजे पीछे से तेज गति से आ रहा ट्रक बस को ओवरटेक करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान चालक ट्रक पर नियंत्रण खो बैठा। ट्रक पहले डिवाइडर पर चढ़ा और इसके बाद श्रद्धालुओं से भरी बस के ऊपर पलट गया। अचानक हुए हादसे से मौके पर चीख-पुकार मच गई।

हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग और राहगीर तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने बस में फंसे श्रद्धालुओं को बाहर निकालने में मदद की और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भिजवाया। घायलों में संजय, गोरी, राजू, हिमांशु, कश्मीरा, गुड्डो, पंकज और नेमपाल समेत नौ लोग शामिल हैं।

हादसे के बाद हाईवे पर यातायात भी प्रभावित हुआ। पुलिस ने बुलडोजर की मदद से क्षतिग्रस्त बस और ट्रक को सड़क से हटवाया तथा सड़क पर बिखरी ईंटों को हटाकर यातायात सुचारु कराया। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चाहल ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

**राहत** प्रयागराज में बाढ़ नियंत्रण कक्ष ने हालात पूरी तरह सामान्य बताए

# प्रयागराज में गंगा-यमुना का जलस्तर घटा

**एजेंसी, प्रयागराज**

प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों के जलस्तर में पिछले 24 घंटे के दौरान गिरावट दर्ज होने से प्रशासन और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। फिलहाल जिले में बाढ़ जैसी कोई स्थिति नहीं है और दोनों नदियों का जलस्तर सामान्य बताया गया है। प्रशासन के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे के दौरान कहीं भी बारिश नहीं हुई है। साथ ही सभी बांध और तटबंध पूरी तरह सुरक्षित हैं। बाढ़ नियंत्रण कक्ष की ओर से नदियों के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी संभावित स्थिति से समय रहते निपटा जा सके। यमुना नदी का नैनी स्थित जलस्तर 81.95 मीटर दर्ज किया गया है। इसमें पिछले 24 घंटे में 11 सेंटीमीटर की कमी आई है। इसी तरह गंगा नदी का फाफामऊ में जलस्तर 82.26 मीटर रहा, जहां 46 सेंटीमीटर की

### गंगा-यमुना के घटते जलस्तर से प्रयागराज को राहत



उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई।

छतनाग में गंगा का जलस्तर 81.42 मीटर दर्ज हुआ और यहां भी 17 सेंटीमीटर की कमी आई है। एसटीपी बक्सी बांध पर जलस्तर 82.07 मीटर रहा, जिसमें सात सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई। जलस्तर में लगातार कमी को देखते हुए फिलहाल बाढ़ का खतरा नहीं माना जा रहा है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के प्रभारी निखिल प्रसाद ने बताया कि जिले में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

◆ **प्रयागराज में सभी बांध और तटबंध सुरक्षित**

◆ **प्रशासन लगातार कर रहा निगरानी**

उन्होंने कहा कि प्रशासन नदियों के जलस्तर की नियमित निगरानी कर रहा है और सभी संवेदनशील स्थानों पर नजर रखी जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक बांधों और तटबंधों की स्थिति भी सामान्य है। प्रयागराज में गंगा और यमुना का विशेष महत्व है और मानसून के दौरान इनके जलस्तर में होने वाला उतार-चढ़ाव प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण रहता है। नदी किनारे रहने वाले लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जलस्तर की निगरानी लगातार जारी रखी जाती है।

# योगी से मिले विनोद तावड़े, बोले- यूपी में फिर बनेगी एनडीए सरकार

## बूथ मजबूत करने से चुनावी रणनीति तक, भाजपा ने शुरू की 2027 की तैयारी

**एजेंसी, लखनऊ**

लखनऊ में रविवार को उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर संगठन, सरकार और आगामी विधानसभा चुनाव से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश सह प्रभारी जगदीश पटेल भी मौजूद रहे। बैठक को वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद विनोद तावड़े ने अपने सामाजिक माध्यम पोस्ट के जरिए प्रदेश में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार बनने का दावा किया। उन्होंने लिखा कि उत्तर प्रदेश की विकास रफ्तार आगे भी जारी रहेगी और प्रदेश में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनेगी।

तावड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा भाजपा के



संगठन और चुनावी रणनीति पर मंथन, योगी से मिले विनोद तावड़े।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता वर्ष 2027 में एक बार फिर एनडीए सरकार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को आगे बढ़ाने की बात भी कही। भाजपा नेतृत्व की ओर से लगातार यह प्रयास किया जा रहा है कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाए और सरकार की योजनाओं तथा उपलब्धियों को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात से पहले विनोद तावड़े प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक से भी मुलाकात कर चुके हैं। इन बैठकों में संगठनात्मक गतिविधियों और सरकार से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इससे पहले शनिवार को लखनऊ स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में भी महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में विनोद तावड़े, सह प्रभारी जगदीश पटेल और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में प्रदेश महामंत्रियों के साथ संगठन की गतिविधियों की समीक्षा की गई।

समीक्षा बैठक में पार्टी के विभिन्न अभियानों की प्रगति, बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनाव की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई।

# 95 कर्मचारियों की पुरानी पेंशन पर सरकार ने बढ़ाई कानूनी लड़ाई, हाई कोर्ट के फैसले को देगी चुनौती

## हरियाणा सरकार ने एसएलपी दाखिल करने के लिए संबंधित विभागों को समय सीमा तय की

**भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार 95 कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने के हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी में है। इस संबंध में वित्त विभाग ने संबंधित प्रशासनिक विभागों को कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए हैं। विभागों से दस दिन के भीतर लेटर्स पेटेंट अपील दाखिल करने के लिए कहा गया है।

सरकार के इस कदम से कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ देने के मामले में कानूनी लड़ाई आगे बढ़ गई है। मामला ओमप्रकाश बनाम हरियाणा सरकार से जुड़ा है। इस मामले के साथ जुड़े 94 अन्य मामलों में भी हाई कोर्ट ने कर्मचारियों को राहत दी थी। अदालत ने कर्मचारियों को अलग-अलग श्रेणियों में रखते हुए पुरानी पेंशन और पेंशन संबंधी लाभ देने का रास्ता साफ किया था।



हाई कोर्ट के आदेश के बाद प्रदेश सरकार ने अब इस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने का निर्णय लिया है। पहली श्रेणी में ऐसे कर्मचारी शामिल हैं, जिन्हें एक जनवरी 2006 से पहले पार्ट टाइम, अस्थायी या अनुबंध आधार पर नियुक्त किया गया था और बाद में उन्हें नियमित कर दिया गया। इन कर्मचारियों की नियुक्ति और नियमितीकरण से जुड़े तथ्यों को ध्यान में रखते हुए हाई कोर्ट ने उन्हें पुरानी पेंशन योजना के दायरे में राहत दी थी।

सरकार की ओर से अब हाई कोर्ट के आदेश के कानूनी पहलुओं की समीक्षा की जा रही है। वित्त विभाग ने संबंधित प्रशासनिक विभागों को निर्धारित समयसीमा में अपील की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत आवश्यक दस्तावेज और रिकॉर्ड तैयार किए जाएंगे, ताकि सरकार का पक्ष सुप्रीम कोर्ट के समक्ष रखा जा सके।

इस मामले में कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन का लाभ महत्वपूर्ण है। नई और पुरानी पेंशन व्यवस्था के बीच अंतर को लेकर कर्मचारी संगठन लंबे समय से अपनी मांगें उठाते रहे हैं। ऐसे में हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सरकार के सुप्रीम कोर्ट जाने से इस मामले पर कर्मचारियों और कर्मचारी संगठनों की नजरें भी टिक गई हैं। सरकार की अपील के बाद अब सुप्रीम कोर्ट में यह तय होगा कि हाई कोर्ट के आदेश के तहत संबंधित कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलेगा या नहीं। फिलहाल प्रदेश सरकार ने अपील दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दे दिए हैं।

# गन्ने की छह नई प्रजातियां बनीं उम्मीद चीनी उत्पादन में आएगा उछाल

**भारतेन्दु संवाददाता, करनाल**

देश में चीनी उद्योग और गन्ना किसान इन दिनों दोहरी चुनौती का सामना कर रहे हैं। उत्तर भारत में लंबे समय से प्रमुख किस्म रही सीओ-0238 में लाल सड़न रोग तेजी से फैलने के कारण गन्ने की पैदावार और चीनी उत्पादन प्रभावित हुआ है। इसके साथ ही गन्ने का रकबा घटने से चीनी मिलों के पेराई सत्र पर भी असर पड़ रहा है।

इस संकट के बीच भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के करनाल और लखनऊ स्थित संस्थानों तथा महाराष्ट्र के वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने छह नई उन्नत गन्ना प्रजातियां विकसित की हैं। इन किस्मों को अधिक पैदावार, रोग प्रतिरोधक क्षमता और बेहतर चीनी रिकवरी को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार नई प्रजातियां चीनी उद्योग के लिए उम्मीद की नई किरण साबित हो सकती हैं। नई किस्मों की खासियत यह है कि इनमें लाल सड़न रोग के प्रति बेहतर प्रतिरोधक क्षमता विकसित की गई है। साथ ही कुछ प्रजातियां जल्दी पकने वाली हैं, जिससे किसानों को समय पर फसल तैयार करने और मिलों को पेराई व्यवस्था बेहतर रखने में मदद मिल सकती है। इन प्रजातियों से चीनी की रिकवरी में भी उल्लेखनीय सुधार की संभावना जताई गई है।

वैज्ञानिकों का मानना है कि सीओ-0238 पर अत्यधिक निर्भरता कम करना जरूरी है। लंबे समय तक एक ही किस्म की खेती होने से रोग का प्रभाव तेजी से बढ़ा है। ऐसे में नई उन्नत प्रजातियों को किसानों तक पहुंचाने से फसल विविधता बढ़ेगी और बीमारी के कारण होने वाले नुकसान को कम करने में मदद मिलेगी। नई प्रजातियों से गन्ने की उत्पादकता और चीनी रिकवरी बढ़ने की उम्मीद है। इससे किसानों की आय में सुधार के साथ चीनी मिलों को भी बेहतर उत्पादन हासिल करने में मदद मिल सकती है। आने वाले समय में इन किस्मों का व्यापक स्तर पर इस्तेमाल देश के चीनी उद्योग को मजबूती दे सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### रोशनी बिश्नोई की संपत्ति हो सकती है कुर्क गुरुग्राम कोर्ट ने दिया अंतिम मौका

**भारतेन्दु संवाददाता, हिसार।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय भजनलाल की बेटी रोशनी बिश्नोई की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जालसाजी के मामले में गुरुग्राम कोर्ट में शनिवार को उनके खिलाफ भगोड़ा घोषित करने की तामील रिपोर्ट पेश की गई। कोर्ट ने रोशनी बिश्नोई को 6 अक्टूबर 2026 तक पेश होने का अंतिम समय दिया है। इसके बाद उनके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सकती है और संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया भी शुरू हो सकती है। इसी सुनवाई से पहले भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई अचानक विदेश रवाना हो गए। विदेश यात्रा के चलते वह हिसार में आयोजित पारंपरिक जन्माष्टमी कार्यक्रम में भी शामिल नहीं हो सके। कार्यक्रम के बैनर पर उनका बड़ा फोटो लगाया गया था। मंत्री अरविंद शर्मा ने मंच से बताया कि कुलदीप बिश्नोई जरूरी काम से विदेश गए हैं।

### टोल बैरियर के पास मुंह के बल गिरा कर्मचारी, 25 सेकेंड तड़पा और हो गई मौत

**भारतेन्दु संवाददाता, फरीदाबाद।** गुरुग्राम रोड स्थित बंधवाड़ी टोल प्लाजा पर एक कर्मचारी की अचानक मौत हो गई। कर्मचारी टोल बैरियर के पास अचानक मुंह के बल गिर पड़ा। वह करीब 25 सेकेंड तक जमीन पर तड़पता रहा। इसके बाद वह अचेत हो गया। कर्मचारी को इस हालत में देखकर दूसरा कर्मचारी तुरंत दौड़कर उसके पास पहुंचा और उसे संभालने का प्रयास किया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कर्मचारी के गिरने के बाद तड़पने की पूरी घटना दिखाई दे रही है। मृतक के परिवार ने आरोप लगाया है कि कर्मचारी को एक कार ने टक्कर मारी थी, जिसके बाद वह गिर पड़ा। परिवार ने मामले की जांच की मांग की है। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### राव इंद्रजीत की लगातार दूरी पर सवाल सीएम सैनी ने जवाब देने से बनाई दूरी

**भारतेन्दु संवाददाता, रेवाड़ी।** हरियाणा भाजपा में एक बार फिर तल्खी की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। रविवार को रेवाड़ी में नशे के खिलाफ आयोजित मैराथन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहुंचे, लेकिन केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह कार्यक्रम से नदारद रहे। खास बात यह रही कि कार्यक्रम के पोस्टरों और बैनरों पर राव इंद्रजीत का नाम प्रमुखता से लिखा गया था। पत्रकारों ने मुख्यमंत्री सैनी से राव इंद्रजीत की लगातार गैरमौजूदगी को लेकर सवाल किया, लेकिन वह बिना जवाब दिए आगे बढ़ गए। इससे पहले भी रेवाड़ी में मुख्यमंत्री के दो कार्यक्रमों में राव इंद्रजीत शामिल नहीं हुए थे। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के हालिया बयान के बाद इस मामले को लेकर राजनीतिक चर्चाएं और तेज हो गई हैं। कार्यक्रम में भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मेट्रो के शीशे पर मोबाइल चिपकाकर रील बनाने वालों पर डीएमआरसी का शिकंजा

**भारतेन्दु संवाददाता, गुरुग्राम।** गुरुग्राम को समयपुर बादली से जोड़ने वाली दिल्ली मेट्रो की यलो लाइन के स्टेशनों पर रील बनाने के नए खतरनाक ट्रेंड को लेकर डीएमआरसी ने सख्त रुख अपनाया है। कुछ इन्फ्लुएंसर मेट्रो ट्रेन के शीशों पर सक्शन कप या टेप की मदद से मोबाइल चिपकाकर वीडियो बना रहे हैं। ट्रेन के स्टेशन से रवाना होने के बाद मोबाइल प्लेटफॉर्म और सुरंग के दृश्य रिकॉर्ड करता है। इस दौरान कुछ लोग प्लेटफॉर्म पर दौड़ते या नाचते हुए भी वीडियो बनाते हैं। डीएमआरसी ने ऐसी गतिविधियों को लेकर सख्त सलाह जारी की है। निगम ने स्पष्ट किया है कि मेट्रो परिसर में इस तरह की गतिविधियों में शामिल पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यलो लाइन के कुछ स्टेशनों पर निगरानी भी बढ़ाई गई है। डीएमआरसी ने यात्रियों से अपील की है कि वे मेट्रो संचालन और सुरक्षा व्यवस्था में बाधा डालने वाली गतिविधियों से बचें। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# मेले में दो गुट भिड़े, बीच-बचाव करने पहुंचे युवक के पेट में घोंपा सुआ

### दो गुटों के विवाद में बीच-बचाव करना पड़ा भारी, युवक गंभीर रूप से घायल

**भारतेन्दु संवाददाता, कैथल**

श्री 11 रुद्री मंदिर में मेला देखने पहुंचे दो दोस्तों पर दो युवकों ने मुक्के और लात-घूंसों से हमला कर दिया। दोनों दोस्त मंदिर परिसर में दो गुटों के बीच हो रहे झगड़े को शांत कराने और बीच-बचाव करने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। हमले में एक युवक के पेट में पंक्चर लगाने वाला सुआ घोंप दिया गया।

जानकारी के अनुसार, युवक अपने दोस्त के साथ मेला देखने के लिए श्री 11 रुद्री मंदिर पहुंचा था। मेला परिसर में उस समय दो गुटों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो रहा था। दोनों दोस्तों ने विवाद बढ़ता देखकर बीच-बचाव करने का प्रयास किया। आरोप है कि इसी दौरान झगड़े में शामिल दो युवकों ने दोनों दोस्तों को निशाना बना लिया। आरोपियों ने पहले उनके साथ मारपीट की और लात-घूंसों से हमला किया।



इसके बाद एक आरोपी ने पंक्चर लगाने वाले सुए से युवक पर वार कर दिया। सुआ पेट में लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मेला स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसका इलाज शुरू किया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई।

# नरेला में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या, 16 राउंड फायरिंग के बाद भागे बदमाश

**भारतेन्दु संवाददाता, सोनीपत।** दिल्ली के नरेला में सोनीपत के प्रॉपर्टी डीलर प्रमोद हत्याकांड का वीडियो सामने आया है। वीडियो में 16 राउंड फायरिंग के बाद बदमाश हथियार लहराकर बाइक से भागते दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि तीन सितंबर को नाहरी गांव निवासी प्रमोद (40) को दो शूटरों ने 16 गोलियां मारी थीं। अधिक खून बहने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। हत्या के बाद से ही परिजन आरोपियों के एनकाउंटर की मांग कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हत्याकांड में शामिल आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। आरोपियों की पहचान होने और जल्द गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद परिवार शव लेने के लिए राजी हुआ। करीब 75 घंटे बाद रविवार दोपहर सोनीपत में प्रमोद का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# नगर निगम यूनियन प्रधान सुरेंद्र गिरफ्तार सरकारी गाड़ियों में तोड़फोड़ का आरोप

**भारतेन्दु संवाददाता, हिसार**

सेक्टर-13 मार्केट में डोर-टू-डोर सफाई अभियान के दौरान नगर निगम कर्मचारियों पर हमला, सरकारी गाड़ियों के शीशे तोड़ने और सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने रविवार को मुख्य आरोपी एवं नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान सुरेंद्र उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस टीम आरोपी प्रधान को गिरफ्तार करने के लिए अचानक नगर निगम कार्यालय पहुंची। उस समय सुरेंद्र कर्मचारियों के साथ धरने पर बैठा था। पुलिस को देखते ही नगर निगम कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने एकजुट होकर पुलिस कार्रवाई का विरोध किया और आरोपी को पुलिस के साथ जाने से रोकने का प्रयास किया। स्थिति को देखते हुए पुलिस टीम ने सख्ती दिखाई और सुरेंद्र को हिरासत में ले लिया।




गिरफ्तारी के दौरान सिविल लाइन थाना प्रभारी ने सुरेंद्र को पकड़कर वहां से बाहर निकाला। इस दौरान कर्मचारियों और पुलिस के बीच काफी देर तक तनातनी का माहौल बना रहा। पुलिस के अनुसार, मामला सेक्टर-13 मार्केट में सफाई अभियान के दौरान हुए विवाद से जुड़ा है। आरोप है कि अभियान के दौरान नगर निगम कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई और सरकारी वाहनों के शीशे तोड़े गए। इसके अलावा सरकारी कर्मचारियों को काम करने से रोकने का भी आरोप है।

घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। जांच के दौरान सुरेंद्र उर्फ गोलू को मुख्य आरोपी के रूप में चिन्हित किया गया। रविवार को पुलिस ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। सुरेंद्र की गिरफ्तारी का नगर निगम कर्मचारियों ने विरोध किया।

# एससी-एसटी रेलकर्मियों को पदोन्नति में राहत, अर्हता अंकों में मिलेगी दस प्रतिशत छूट

**भारतेन्दु संवाददाता, अंबाला**

रेलवे में पदोन्नति का इंतजार कर रहे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के रेलकर्मियों के लिए राहत की खबर है। रेलवे बोर्ड ने एससी-एसटी कर्मचारियों की पदोन्नति से जुड़े नियमों को स्पष्ट करते हुए नई दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसका उद्देश्य आरक्षित पदों को खाली रहने से रोकना और पदोन्नति प्रक्रिया को लेकर बनी असमंजस की स्थिति को दूर करना है।

नई व्यवस्था का लाभ गैर-सुरक्षा श्रेणी के पदों पर होने वाली पदोन्नति में मिलेगा। रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे, उत्पादन इकाइयों, अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन तथा संबंधित कार्यालयों को इसके संबंध में निर्देश जारी किए हैं। गैर-सुरक्षा श्रेणी में ग्रुप-सी के पदों पर वरिष्ठता के आधार पर चयन होने पर एससी-एसटी कर्मचारियों को सामान्य वर्ग के निर्धारित अर्हता अंकों में 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह छूट व्यावसायिक योग्यता और कुल अंकों दोनों में लागू होगी।



रेलवे बोर्ड के नए नियमों से एससी-एसटी रेलकर्मियों को पदोन्नति में मिलेगी अतिरिक्त राहत।

इसके बावजूद यदि आरक्षित रिक्तियों के अनुरूप पर्याप्त कर्मचारी पैनल में उपलब्ध नहीं होते हैं, तो 'बेस्ट अमंग द फेल्ड' योजना के तहत सामान्य अर्हता मानक पूरा नहीं करने वाले कर्मचारियों पर भी विचार किया जा सकेगा। इस योजना के तहत लिखित परीक्षा, मौखिक परीक्षा, सेवा अभिलेख सहित प्रत्येक मद और कुल मिलाकर कम से कम 20 प्रतिशत अंक हासिल करना जरूरी होगा। ऐसे कर्मचारियों को आरक्षित रिक्तियों की संख्या के अनुरूप पैनल में शामिल किया जा सकेगा। हालांकि, इस आधार पर होने वाली पदोन्नति तदर्थ होगी। छह महीने बाद कर्मचारी के प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी और संतोषजनक प्रदर्शन होने पर पदोन्नति नियमित की जा सकेगी।

वहीं, 30 प्रतिशत सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा में भी एससी-एसटी कर्मचारियों को अर्हता मानकों में राहत जारी रहेगी। लिखित परीक्षा में उनके लिए सामान्य वर्ग के निर्धारित अंकों के तीन-पांचवें अंक पर्याप्त होंगे। मौखिक परीक्षा और सेवा अभिलेख में भी निर्धारित छूट मिलेगी। हालांकि, योग्यता आधारित इस परीक्षा में 'बेस्ट अमंग द फेल्ड' योजना लागू नहीं होगी। इससे आरक्षित श्रेणी के कर्मचारियों को पदोन्नति के अवसर मिलेंगे और लंबे समय से खाली पड़े पदों को भरने में सहायता होगी।

# पंचकूला में बैंक लॉकर से 50 लाख के गहने गायब, छह साल बाद खुला राज

**भारतेन्दु संवाददाता, पंचकूला**

बैंक का लॉकर सुरक्षित समझकर वर्षों तक बेफिक्र रहने वाले सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी के परिवार को उस समय बड़ा झटका लगा, जब करीब छह साल बाद लॉकर खोला गया। लॉकर में रखे करीब 50 लाख रुपये कीमत के सोने के गहने गायब मिले। मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मामला सेक्टर-11 स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा का है। सेक्टर-12 निवासी सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सुल्तान सिंह ने सेक्टर-10 पुलिस चौकी में शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि लॉकर से उनकी पत्नी के करीब 34.5 तोले सोने के आभूषण गायब हैं। इनकी वर्तमान कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई गई है। शिकायत के अनुसार, सुल्तान सिंह और उनकी पत्नी सुनीता देवी का वर्ष 1993 से पीएनबी की सेक्टर-11 शाखा में लॉकर था। इसमें उनकी पत्नी के सोने के आभूषण रखे हुए थे। परिवार ने वर्ष 2019 के दौरान लॉकर में गहने रखे थे। इसके बाद लंबे समय तक



लॉकर नहीं खोला गया। वर्ष 2026 में जब परिवार ने लॉकर खोला तो उसमें गहने नहीं मिले। लॉकर खाली देखकर परिवार के होश उड़ गए। इसके बाद बैंक अधिकारियों को मामले की जानकारी दी गई और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। बैंक लॉकर की सुरक्षा व्यवस्था, अभिलेख और लॉकर संचालन से जुड़े विवरण खंगाले जा रहे हैं। बैंक कर्मचारियों की भूमिका समेत विभिन्न पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही गहने गायब होने की पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। साथ ही लॉकर तक पहुंच और उसके संचालन से जुड़े सभी रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की जा रही है।

# गोगा महाराज की ज्योत लेकर श्रद्धालुओं ने 300 किलोमीटर पैदल यात्रा कर निभाई परंपरा

**भारतेन्दु संवाददाता, हिसार**

गोगा महाराज के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था लगातार बढ़ती जा रही है। कांवड़ यात्रा की तर्ज पर अब बड़ी संख्या में भक्त लंबी दूरी पैदल तय कर गोगा महाराज की ज्योत लेकर अपने गांव लौट रहे हैं। इसी क्रम में सोहना क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं का एक जत्था करीब 300 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर हिसार पहुंचा।

रात के समय हिसार-दिल्ली मार्ग पर हांसी के पास श्रद्धालुओं का जत्था विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। आगे दो युवक हाथों में लालटेन जैसी ज्योत लेकर चल रहे थे, जबकि पीछे ट्रैक्टर-ट्राली के साथ अन्य श्रद्धालु भजन और धार्मिक गीतों के बीच आगे बढ़ रहे थे। अंधेरे में जलती ज्योत भक्तों की आस्था और विश्वास का प्रतीक बनी हुई थी। इस यात्रा में शामिल करीब 28 वर्षीय जतिन और 27 वर्षीय प्रियांशु मोहला गांव के रहने वाले हैं। जतिन खेतीबाड़ी से जुड़े हैं, जबकि प्रियांशु एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। दोनों पिछले चार



300 किलोमीटर पैदल चलकर गोगा महाराज की ज्योत लेकर हिसार पहुंचे श्रद्धालु।

वर्षों से अपने साथियों के साथ गोगामेड़ी जाकर गोगा महाराज की ज्योत लेकर गांव लौटने की परंपरा निभा रहे हैं।

इस बार भी दोनों ने अपने काम से एक सप्ताह की छुट्टी लेकर यात्रा में भाग लिया। श्रद्धालुओं का कहना है कि लंबी दूरी और रास्ते की कठिनाइयों के बावजूद गोगा महाराज के प्रति उनकी आस्था उन्हें आगे बढ़ने की शक्ति देती है। यात्रा के दौरान भक्त जगह-जगह रुककर पूजा-अर्चना करते हैं और गोगा महाराज के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते हैं। श्रद्धालुओं की यह पैदल यात्रा धार्मिक आस्था के साथ-साथ आपसी भाईचारे और परंपरा के प्रति समर्पण का भी संदेश दे रही है। श्रद्धालुओं को इस यात्रा को लेकर स्थानीय लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिला।

रास्ते में कई स्थानों पर लोगों ने यात्रियों का स्वागत किया और उनके लिए जलपान व विश्राम की व्यवस्था की। पैदल यात्रा के दौरान श्रद्धालु अनुशासन के साथ जत्थे में आगे बढ़ते रहे। गोगा महाराज के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने बताया कि हर वर्ष इस यात्रा में शामिल होने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। युवाओं का इस धार्मिक परंपरा से जुड़ना विशेष रूप से उत्साहजनक है।

# हरियाणा में आधे-अधूरे एसटीपी, 903 करोड़ का जुर्माना वसूलने में बोर्ड नाकाम

## आठ जिलों में 1523 एमएलडी घरेलू सीवेज में सिर्फ 51 प्रतिशत का उपचार मानकों के अनुरूप हुआ

**भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़**

हरियाणा में सीवेज प्रबंधन की व्यवस्था को लेकर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) की रिपोर्ट ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। प्रदेश में कई सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) अपनी निर्धारित क्षमता के अनुरूप काम नहीं कर रहे हैं। इसके चलते बड़ी मात्रा में घरेलू सीवेज का उचित तरीके से उपचार नहीं हो पा रहा है। वर्ष 2019-20 से 2023-24 के दौरान फरीदाबाद, गुरुग्राम, सोनीपत, अंबाला, यमुनानगर और पानीपत समेत आठ जिलों में प्रतिदिन 1523 मिलियन लीटर सीवेज उत्पन्न हुआ, लेकिन इसमें से केवल 51 प्रतिशत सीवेज का ही मानकों के अनुरूप उपचार हो सका।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एसटीपी की क्षमता का पूरा इस्तेमाल नहीं होने और संचालन व्यवस्था में खामियों के कारण सीवेज उपचार प्रभावित हुआ। इसका सीधा असर पर्यावरण और जल स्रोतों पर पड़ने की आशंका है। पर्याप्त उपचार के बिना छोड़े जाने वाले सीवेज से नदियों, नालों और अन्य जलस्रोतों में प्रदूषण बढ़ सकता है। ऐसे में सीवेज के वैज्ञानिक तरीके से उपचार और एसटीपी के प्रभावी संचालन की जरूरत और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। कैग की रिपोर्ट



में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए गए हैं।

पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन करने वाली विभिन्न विभागीय एजेंसियों और संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई में बोर्ड अपेक्षित स्तर की सख्ती नहीं दिखा सका। रिपोर्ट के अनुसार बोर्ड करीब 903 करोड़ रुपये के पर्यावरणीय जुर्माने की वसूली करने में नाकाम रहा। इससे नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की प्रभावशीलता को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार 650 औद्योगिक इकाइयों पर पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन के लिए कुल 264 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था। हालांकि, इनमें से 334 इकाइयों से केवल करीब 50 करोड़ रुपये ही वसूले जा सके। इस तरह बड़ी राशि की वसूली लंबित रही। कैग ने अपनी जांच में जुर्माने की प्रक्रिया, उसकी वसूली और संबंधित विभागों की निगरानी व्यवस्था में खामियां सामने आने की बात कही है।

प्रदेश में तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच सीवेज की मात्रा लगातार बढ़ रही है। शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों में आबादी बढ़ने के साथ सीवेज प्रबंधन की जिम्मेदारी भी बढ़ती जा रही है। ऐसे में एसटीपी का निर्धारित क्षमता के अनुसार संचालन जरूरी है। यदि प्लांट पूरी क्षमता से काम नहीं करते हैं तो सीवेज का बड़ा हिस्सा बिना उचित उपचार के पर्यावरण में पहुंच सकता है। कैग रिपोर्ट में सामने आई स्थिति से यह भी स्पष्ट होता है कि केवल एसटीपी स्थापित करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके नियमित संचालन, क्षमता के इस्तेमाल और उपचारित पानी की गुणवत्ता की निगरानी भी जरूरी है। संबंधित विभागों को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्लांट निर्धारित मानकों के अनुरूप लगातार काम करें।


रिपोर्ट में जुर्माना वसूली की धीमी प्रक्रिया भी चिंता का विषय है। पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आर्थिक दंड लगाया जाता है, लेकिन यदि समय पर इसकी वसूली नहीं होती तो कार्रवाई का उद्देश्य कमजोर पड़ जाता है। 650 औद्योगिक इकाइयों पर लगाए गए 264 करोड़ रुपये के जुर्माने में से केवल 50 करोड़ रुपये की वसूली इसका उदाहरण है। कैग की रिपोर्ट ने हरियाणा में सीवेज उपचार, पर्यावरणीय नियमों के पालन और जुर्माना वसूली की व्यवस्था की कमियों को उजागर किया है। अब जरूरत है कि संबंधित विभाग एसटीपी की क्षमता का पूरा उपयोग सुनिश्चित करने के साथ लंबित पर्यावरणीय जुर्मानों की वसूली के लिए ठोस कदम उठाएं। इससे न केवल प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि पर्यावरणीय नियमों के प्रति जवाबदेही भी बढ़ेगी। इससे प्रदेश में प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को नई मजबूती मिल सकेगी।

# सुरजेवाला को बड़ी जिम्मेदारी, कांग्रेस ने कर्नाटक के बाद गुजरात का प्रभारी बनाया

**भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़**

कांग्रेस हाईकमान ने हरियाणा के वरिष्ठ नेता और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला को गुजरात का नया प्रभारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही कर्नाटक का प्रभार भी उनके पास रहेगा। पार्टी के इस फैसले से सुरजेवाला का संगठन में सियासी कद और बढ़ गया है। सुरजेवाला अब कांग्रेस के उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हो गए हैं, जिन्हें एक साथ दो महत्वपूर्ण राज्यों की संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपी गई है। गुजरात में इससे पहले मुकुल वासनिक प्रभारी की भूमिका निभा रहे थे। कांग्रेस ने अगस्त 2023 में वासनिक को गुजरात का प्रभारी बनाया था। अब पार्टी ने संगठनात्मक स्तर पर बदलाव करते हुए यह जिम्मेदारी सुरजेवाला को दी है।

सुरजेवाला के लिए गुजरात की जिम्मेदारी इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि राज्य में कांग्रेस लंबे समय से अपने संगठन को मजबूत करने की कोशिश कर रही है। ऐसे में पार्टी नेतृत्व को उम्मीद है कि सुरजेवाला के संगठनात्मक अनुभव का लाभ गुजरात में पार्टी को मिलेगा। उन्हें कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने और संगठन को मजबूत करने की चुनौती भी संभालनी होगी। कर्नाटक में भी सुरजेवाला पहले से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद कर्नाटक में उनकी रणनीतिक भूमिका की चर्चा हुई थी। पार्टी की चुनावी तैयारियों और संगठन को लेकर उनके काम को हाईकमान ने महत्व दिया। इसी अनुभव के चलते अब



गुजरात जैसे महत्वपूर्ण राज्य की जिम्मेदारी भी उन्हें सौंपी गई है।

कांग्रेस के इस फैसले को सुरजेवाला पर हाईकमान के बढ़ते भरोसे के तौर पर देखा जा रहा है। आने वाले समय में उन्हें दोनों राज्यों में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और पार्टी की चुनावी रणनीति को मजबूत करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभानी होगी। सुरजेवाला के सामने अब दोनों राज्यों में पार्टी के संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की चुनौती होगी। उन्हें स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल बनाते हुए पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाना होगा। गुजरात में संगठन को सक्रिय करना और आगामी राजनीतिक परिस्थितियों के लिए कांग्रेस को तैयार करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। वहीं कर्नाटक में मौजूदा संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने की जिम्मेदारी भी उन्हें के कंधों पर होगी।

# ग्रेटर नोएडा में किसानों को बड़ी राहत, नई मुआवजा दर पर जमीन खरीदेगा प्राधिकरण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने किसानों से जमीन खरीदने के लिए नई मुआवजा दर तय कर दी है। नई दर लागू होने से किसानों को पहले की तुलना में अधिक मुआवजा मिलेगा और लंबे समय से जमीन की कमी के कारण अटकी परियोजनाओं को गति मिलने की उम्मीद है। प्राधिकरण ने जमीन की मुआवजा दर 4,125 रुपये से बढ़ाकर 6,415 रुपये प्रति वर्गमीटर कर दी है। अब इसी नई दर के आधार पर किसानों से जमीन खरीदने की तैयारी की जा रही है।

प्राधिकरण ने उन गांवों को प्राथमिकता देने का फैसला किया है, जहां कोई महत्वपूर्ण परियोजना प्रस्तावित है या जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण विकास कार्य अटके हुए हैं। इसके लिए संबंधित क्षेत्रों में सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों को गांवों और परियोजनाओं के अनुसार जमीन की



जरूरत का आकलन करने तथा किसानों से बातचीत की प्रक्रिया आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्राधिकरण की योजना है कि पहले उन स्थानों पर जमीन खरीदी जाए, जहां भूमि उपलब्ध न होने के कारण सड़क, आवासीय, औद्योगिक या अन्य विकास परियोजनाओं का काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। नई मुआवजा दर से किसानों को अपनी जमीन के बदले बेहतर आर्थिक लाभ मिलेगा। अधिकारियों के मुताबिक, जमीन खरीद की प्रक्रिया पूरी होने के बाद कई लंबित परियोजनाओं को रफ्तार मिल सकती है।

# दिल्ली बिल्डिंग हादसा: सत्य निकेतन में इमारत गिरने से मचा हड़कंप, राहत अभियान तेज

## पांच मंजिला इमारत गिरने से मचा हड़कंप, कई छात्रों के फंसे होने की आशंका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। साउथ कैंपस थाना क्षेत्र में एक पांच मंजिला इमारत अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एक छात्र की मौत हो गई है, जबकि करीब 30 से 40 छात्रों के फंसे होने की आशंका है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दिल्ली अग्निशमन विभाग और राहत-बचाव टीमें मौके पर पहुंच गईं। स्थानीय लोगों और छात्रों ने भी बचाव कार्य में मदद की। मलबे को हटाने और फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का अभियान लगातार जारी है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की दो टीमें मौके पर राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं, जबकि दो अन्य टीमों को स्टैंडबाय पर रखा गया है।

एनडीआरएफ के जवानों ने पहुंचने के बाद तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, जिनमें से एक व्यक्ति होश में था और दो बेहोशी की हालत में मिले। बचाव अभियान में एनडीआरएफ के साथ राज्य आपदा मोचन बल, दिल्ली अग्निशमन सेवा और अन्य एजेंसियां सहयोग कर रही हैं। हादसे की जानकारी मिलने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दुख जताया और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा



गुप्ता, पुलिस आयुक्त तथा एनडीआरएफ के महानिदेशक से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने की बात कही। बताया जा रहा है कि इमारत में कई छात्र रहते थे। हादसे के बाद आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। प्रशासन ने इलाके को सुरक्षित करने के लिए कदम उठाए हैं। पुलिस और प्रशासन की टीमें हादसे के कारणों की जांच में जुटी हैं।

# थप्पड़ का बदला बना मौत की वजह गुरुग्राम में सहकर्मी ने युवती की हत्या की

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हरियाणा के गुरुग्राम में एक कंपनी के अंदर दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। सेक्टर-37 स्थित एक कंपनी में काम करने वाली 25 वर्षीय युवती की उसके सहकर्मी ने कैंची से हमला कर हत्या कर दी। मृतका की पहचान उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले के जलालपुर गांव निवासी शिवानी के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार शिवानी गुरुग्राम के सेक्टर-37 क्षेत्र में एक पीजी में रहती थी और इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एनडीआर कंपनी में नौकरी करती थी। कंपनी में वाहनों के सीट कवर तैयार करने का काम होता है। पुलिस के मुताबिक शनिवार शाम कंपनी में काम के दौरान शिवानी और उसके सहकर्मी असलम के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान शिवानी ने असलम को थप्पड़ मार दिया। इससे नाराज आरोपी ने गुस्से में आकर कैंची से उसके गले पर वार कर दिया। हमले के बाद शिवानी गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गई।

घटना की सूचना मिलते ही कंपनी के अन्य कर्मचारियों ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवती को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां रविवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद कंपनी परिसर और आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने आरोपी सहकर्मी असलम को हिरासत में ले लिया है। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हत्या के पीछे विवाद और बदले की भावना को प्रारंभिक कारण माना जा रहा है। मामले की गहन जांच की जा रही है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी जुटाई जा रही है।

# सरकारी नौकरी का सुनहरा मौका डाक विभाग में 23,757 पद खाली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय डाक विभाग ने 10वीं पास युवाओं के लिए ग्रामीण डाक सेवक यानी जीडीएस भर्ती 2026 का नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती के तहत कुल 23,757 पदों पर उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। इसमें ब्रांच पोस्टमास्टर (बीपीएम), असिस्टेंट ब्रांच पोस्टमास्टर (एबीपीएम) और डाक सेवक के पद शामिल हैं। इस भर्ती की सबसे खास बात यह है कि उम्मीदवारों को चयन के लिए किसी लिखित परीक्षा या इंटरव्यू में शामिल नहीं होना होगा। अभ्यर्थियों का चयन 10वीं कक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाने वाली मेरिट सूची के माध्यम से किया जाएगा।

ऐसे में 10वीं में अच्छे अंक हासिल करने वाले उम्मीदवारों के लिए डाक विभाग में सरकारी नौकरी पाने का बेहतर अवसर है। भर्ती प्रक्रिया के तहत वन टाइम पंजीकरण की प्रक्रिया 31 अगस्त से 19 सितंबर तक पूरी की जा




सकती है। वहीं, भर्ती के लिए आवेदन करने और निर्धारित शुल्क का भुगतान करने की प्रक्रिया 2 सितंबर से 21 सितंबर तक चलेगी। इच्छुक उम्मीदवारों को आवेदन की अंतिम तारीख का इंतजार किए बिना समय पर अपना आवेदन पूरा करने की सलाह दी गई है। जीडीएस पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और अन्य पात्रता शर्तों को पूरा करना होगा।

उम्मीदवारों का चयन 10वीं के अंकों के आधार पर मेरिट से होने के कारण शैक्षणिक रिकॉर्ड इस भर्ती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डाक विभाग की इस भर्ती से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार का अवसर मिलने की उम्मीद है। खासतौर पर ऐसे उम्मीदवार, जो सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं लेकिन प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल नहीं होना चाहते, उनके लिए यह भर्ती महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

उम्मीदवारों को आवेदन करने से पहले आधिकारिक अधिसूचना में दिए गए नियम, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, शुल्क और अन्य आवश्यक जानकारी ध्यान से पढ़नी चाहिए। आवेदन प्रक्रिया पूरी करने के बाद उम्मीदवारों को आगे की चयन प्रक्रिया और मेरिट सूची से संबंधित जानकारी के लिए विभाग की आधिकारिक सूचनाओं पर नजर रखनी होगी।

# नशा मुक्ति बना जन आंदोलन, रेवाड़ी में एक लाख युवाओं ने दौड़कर दिया संदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश देने के उद्देश्य से रविवार सुबह हरियाणा के रेवाड़ी में हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इसे एक बड़े जन आंदोलन का रूप दे दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राव तुला राम स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर हाफ मैराथन को रवाना किया। मैराथन में करीब एक लाख युवाओं ने भाग लिया। सुबह से ही शहर में युवाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। प्रतिभागियों में नशे के खिलाफ जागरूकता को लेकर खासा उत्साह नजर आया।

मैराथन में शामिल युवाओं ने नशा न करने और अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने का संकल्प लिया। युवाओं ने संदेश दिया कि स्वस्थ समाज और मजबूत भविष्य के लिए नशे से दूरी बनाना



रेवाड़ी में नशा मुक्ति के लिए दौड़े युवा

जरूरी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस आयोजन को नशे के खिलाफ जनभागीदारी का प्रभावी उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि नशे जैसी सामाजिक बुराई से निपटने के लिए केवल सरकार के प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज और युवाओं की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है।

रेवाड़ी में आयोजित इस मैराथन के दौरान शहर में उत्साह और जोश का माहौल रहा। बड़ी संख्या में युवाओं ने एक साथ दौड़ लगाकर नशे के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया। आयोजन का उद्देश्य लोगों को नशे के गंभीर दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में युवाओं ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और अपने परिवार, दोस्तों तथा समाज के अन्य लोगों को भी नशे से बचने के लिए प्रेरित करेंगे। आयोजकों के अनुसार, इतनी बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी ने अभियान को व्यापक जनसमर्थन दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### नूंह में तीन वर्षीय नर तेंदुए का शव बरामद



**एजेंसी, नई दिल्ली।** नूंह (मेवात) में अरावली की तलहटी के पास तीन वर्षीय नर तेंदुए का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि एक महिला कब्रिस्तान के पास से गुजर रही थी। इसी दौरान उसकी नजर झाड़ियों के समीप पड़े तेंदुए के शव पर पड़ी। महिला ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। मामले की सूचना मिलने पर वन्यजीव विभाग के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वन्यजीव विभाग अब तेंदुए की मौत के कारणों का पता लगाने में जुटा है। अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि तेंदुए की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई या इसके पीछे कोई अन्य वजह थी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### प्रयागराज में मोती उत्पादन योजना शुरू, किसानों को 60% तक अनुदान



**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रयागराज में मत्स्य पालकों और किसानों की आय बढ़ाने के लिए पहली बार मोती संवर्धन योजना शुरू की गई है। योजना के तहत मोती उत्पादन से जुड़े लाभार्थियों को सरकार की ओर से 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को 40 प्रतिशत, जबकि महिला और अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को 60 प्रतिशत तक सब्सिडी मिलेगी। जिले में बड़े पैमाने पर मत्स्य पालन होता है। यहां की मछलियां आंध्र प्रदेश, बंगाल समेत कई राज्यों और उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में भेजी जाती हैं। अब मत्स्य पालकों और किसानों को मोती उत्पादन से जोड़कर उनकी आमदनी बढ़ाने की तैयारी है। विभाग ने पहली बार मोती संवर्धन योजना के लिए आवेदन मांगे हैं। इच्छुक मत्स्य पालक और किसान निर्धारित प्रक्रिया के तहत जल्द आवेदन कर सकते हैं। योजना से स्थानीय स्तर पर रोजगार और आय के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है।

### अलीगढ़ में चीनी के दामों को लेकर मुनाफाखोरी के आरोप

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चीनी मिलों द्वारा कीमतों में कमी किए जाने के बावजूद अलीगढ़ के खुदरा बाजार में चीनी महंगे दामों पर बिक रही है। थोक बाजार में चीनी का भाव करीब 53 से 54 रुपये प्रति किलो है, लेकिन कुछ दुकानदार पुराने स्टॉक के नाम पर इसे 60 से 68 रुपये प्रति किलो तक बेच रहे हैं। संजय गांधी कॉलोनी निवासी संगीता शर्मा शनिवार को स्थानीय प्रोविजन स्टोर पर ब्रेड और एक किलो चीनी खरीदने पहुंचीं। दुकानदार ने चीनी का भाव 65 रुपये प्रति किलो बताया। कीमत सुनकर उन्होंने हैरानी जताई। दुकानदार ने बताया कि यह नया स्टॉक है, जबकि तीन दिन पहले चीनी 70 रुपये प्रति किलो तक बिक रही थी। व्यापारियों के अनुसार, महंगे खुदरा भाव के कारण चीनी की बिक्री और कारोबार में करीब 30 प्रतिशत तक गिरावट आई है। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से बाजार की निगरानी कर उचित दाम सुनिश्चित करने की मांग की है।

### मेरठ में जर्जर मकान गिरा, मलबे में दबी व्यापारी की कार



**एजेंसी, नई दिल्ली।** मेरठ के शारदा रोड पर रविवार को बरसात के दौरान एक जर्जर मकान अचानक भरभराकर गिर गया। मकान का मलबा सड़क किनारे खड़ी एक व्यापारी की कार पर जा गिरा, जिससे कार पूरी तरह मलबे में दब गई। हादसे के समय कार के अंदर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मकान गिरने के दौरान सड़क से गुजर रहे लोग भी मलबे की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। अचानक मकान गिरने की तेज आवाज से आसपास के दुकानदारों में अफरा-तफरी और खलबली मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि मकान काफी समय से जर्जर हालत में था और लगातार बारिश के कारण उसकी स्थिति और कमजोर हो गई थी। हादसे के बाद लोगों ने जर्जर भवनों को लेकर चिंता जताई और प्रशासन से ऐसे मकानों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

### आगरा में ब्रिक्स प्रतिनिधिमंडल का खास अंदाज, ताज के सामने फोटो



**एजेंसी, नई दिल्ली।** ब्रिक्स समूह के सहभागी देशों के मुख्य न्यायाधीशों समेत 65 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को आगरा स्थित ताजमहल का दीदार किया। नई दिल्ली में चार सितंबर से शुरू हुए ब्रिक्स चीफ जस्टिस फोरम में शामिल होने आए प्रतिनिधिमंडल ने आगरा पहुंचकर विश्व प्रसिद्ध स्मारक की खूबसूरती को करीब से देखा। प्रतिनिधिमंडल में रूस, मिस्र और बोलिविया समेत विभिन्न सहभागी देशों के मुख्य न्यायाधीश शामिल रहे। ताजमहल पहुंचने पर सदस्यों ने स्मारक की स्थापत्य कला, नक्काशी और ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी ली। रिमझिम बारिश के बीच ताजमहल का नजारा प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को बेहद पसंद आया। उन्होंने परिसर में घूमते हुए जमकर तस्वीरें खिंचवाईं और यादगार पलों को कैमरे में कैद किया। बारिश के बावजूद सदस्यों में उत्साह नजर आया। ताजमहल भ्रमण के दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। प्रतिनिधिमंडल के दौरे से आगरा की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर मिला।

### आरोपी की उम्र को लेकर बड़ा खुलासा, आधार कार्ड में मिली अलग जन्मतिथि



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तम नगर स्थित हस्तसाल में होली की रात हुए तरुण हत्याकांड में मुख्य आरोपी के बालिग या नाबालिग होने को लेकर जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजेबी) में शनिवार को सुनवाई हुई। आरोपी की उम्र तय करने की प्रक्रिया में उस समय नया मोड़ आया, जब एसडीएम कार्यालय की ओर से पेश किए गए आधार कार्ड में जन्मतिथि अलग पाई गई। बताया गया कि आरोपी के माता-पिता ने पहले इसी आधार कार्ड को फर्जी बताया था। अब दस्तावेज में दर्ज जन्मतिथि सामने आने के बाद आरोपी की वास्तविक उम्र को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। मामले की सुनवाई के दौरान उम्र से जुड़े दस्तावेजों और रिकॉर्ड पर चर्चा हुई। तरुण हत्याकांड में मुख्य आरोपी की उम्र महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसके बालिग या नाबालिग होने के आधार पर आगे की कानूनी प्रक्रिया और कार्रवाई अलग-अलग हो सकती है। जेजेबी अब उपलब्ध दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर उम्र का निर्धारण करेगा। मामले में आगे की सुनवाई में स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है।

# नोएडा एयरपोर्ट के पास कूड़े के ढेर से बढ़ा बर्ड स्ट्राइक का खतरा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन बढ़ने के साथ ही विमानों की सुरक्षा को लेकर एक गंभीर चिंता सामने आई है। एयरपोर्ट की बाहरी सीमा से महज 500 मीटर की दूरी पर खुले में कूड़े के ढेर लगे होने से पक्षियों के जमावड़े का खतरा बढ़ गया है। इससे विमानों के लिए बर्ड स्ट्राइक यानी पक्षियों के विमान से टकराने की आशंका पैदा हो रही है। जानकारी के अनुसार, किशोरपुर गांव के पास यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में कार्गो टर्मिनल की ओर जाने वाली सड़क के किनारे खुले में बड़ी मात्रा में कूड़ा पड़ा हुआ है। एयरपोर्ट से इतनी कम दूरी पर कूड़े का खुले में जमा होना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

एयरपोर्ट के आसपास पक्षियों की मौजूदगी विमान संचालन के लिए बेहद संवेदनशील मानी जाती है। कूड़े के ढेर पक्षियों को आकर्षित



करते हैं। जब पक्षी बड़ी संख्या में एयरपोर्ट के आसपास पहुंचते हैं, तो उड़ान भरने और उतरने के दौरान विमानों से उनके टकराने का खतरा बढ़ जाता है। बर्ड स्ट्राइक से विमान के इंजन और अन्य महत्वपूर्ण हिस्सों को नुकसान पहुंच सकता है और गंभीर स्थिति में बड़ा हादसा भी हो सकता है।

नियमों के मुताबिक, एयरपोर्ट के 10 किलोमीटर के दायरे में खुले में कूड़ा डालने और ऐसे स्थान बनाने पर रोक है, जहां पक्षियों की संख्या बढ़ सकती है। नियमों का उल्लंघन करने पर जेल और भारी जुर्माने का प्रावधान बताया गया है। इसके बावजूद एयरपोर्ट के बेहद करीब कूड़े के ढेर नजर आना संबंधित विभागों की निगरानी और कार्रवाई पर सवाल खड़े करता है। नोएडा एयरपोर्ट के आसपास उड़ानों की संख्या बढ़ने के साथ सुरक्षा मानकों का पालन और भी महत्वपूर्ण हो गया है। ऐसे में खुले कूड़े को तत्काल हटाने और भविष्य में यहां कूड़ा जमा न होने देने के लिए प्रभावी व्यवस्था की जरूरत है।

# अमेठी में जलभराव से चार हजार बीघे धान की फसल बर्बाद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अमेठी के तिलोई क्षेत्र में मूंग ताल ड्रेन की सफाई न होने से जलभराव की गंभीर समस्या पैदा हो गई। अगस्त में हुई तेज बारिश के बाद ड्रेन उफना गई, जिससे 20 से अधिक गांवों के हजारों किसानों की धान की फसल पानी में डूब गई। बताया जा रहा है कि करीब चार हजार बीघे से अधिक फसल बर्बाद हो गई है। किसानों को जलभराव से राहत दिलाने के लिए विभाग ने मूंग ताल ड्रेन की सफाई और खुदाई का टेंडर तो जारी किया था, लेकिन समय पर धनराशि उपलब्ध नहीं होने के कारण काम शुरू नहीं हो सका। नतीजतन बारिश के दौरान पानी की निकासी नहीं हो पाई और ड्रेन का पानी खेतों में फैल गया। स्थानीय किसानों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। ड्रेन पिछले छह वर्षों से सफाई का इंतजार कर रही है।

# प्रयागराज में गोतस्करों के खिलाफ पुलिस का बड़ा अभियान, 33 टीमों ने 80 जगह दी दबिश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रयागराज में गोतस्करी के खिलाफ पुलिस ने शनिवार देर रात विशेष अभियान चलाया। डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत के निर्देश पर गंगापार क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की 33 टीमों ने एक साथ कार्रवाई करते हुए 80 स्थानों पर दबिश दी। अभियान के दौरान पुलिस ने संदिग्ध लोगों का सत्यापन किया और गोतस्करी में शामिल आरोपियों की तलाश की। पुलिस के अनुसार, सोरांव, थरवई, फूलपुर और हंडिया सर्किल से जुड़े थाना क्षेत्रों में विशेष गिरफ्तारी एवं सत्यापन अभियान चलाया गया।

इस दौरान कुल 72 अभियुक्तों का सत्यापन किया गया, जबकि चार गोतस्करों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली। अभियान के तहत सोरांव, नवाबगंज, होलागढ़, थरवई, फाफामऊ, सरायइनायत, फूलपुर, बहरिया, मऊआइमा, हंडिया, सरायममरेज और उतरांव थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने कार्रवाई की। पुलिस ने संभावित ठिकानों पर पहुंचकर आरोपियों की जानकारी जुटाई और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य गोतस्करी में लिप्त अपराधियों पर शिकंजा कसना और ऐसे मामलों में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करना है।

पुलिस टीमों को निर्देश दिए गए थे कि पुराने मामलों में वांछित और संदिग्ध आरोपियों का सत्यापन किया जाए। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों में एक साथ दबिश दी, जिससे गोतस्करी से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा रहा। पुलिस का कहना है कि इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# करोड़ों की प्रॉपर्टी, फिर भी सुविधाएं बदहाल; वसंत कुंज में बारिश बनी मुसीबत

# दिल्ली के पॉश वसंत कुंज में बदहाली, हल्की बारिश में ही डूब गई पार्किंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दक्षिणी दिल्ली के पॉश इलाके वसंत कुंज के सेक्टर ई-1 में करोड़ों रुपये की कीमत वाले फ्लैट्स में रहने वाले लोग इन दिनों बुनियादी सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था की बदहाली से परेशान हैं। नामी कॉलोनी में हल्की बारिश के बाद ही हालात बिगड़ जाते हैं। बेसमेंट पार्किंग में पानी भरने से वाहन जलमग्न हो जाते हैं और निवासियों को अपने घरों के साथ-साथ गाड़ियों की सुरक्षा की भी चिंता सताने लगती है। स्थानीय निवासियों के मुताबिक, बारिश शुरू होते ही बेसमेंट पार्किंग में पानी तेजी से जमा होने लगता है। कई बार पानी इतना बढ़ जाता है कि गाड़ियों के पहिए और निचले हिस्से पानी में डूब जाते हैं।

इससे वाहनों को नुकसान पहुंचने का खतरा बना रहता है। निवासियों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च करके फ्लैट खरीदने के बावजूद उन्हें सामान्य बारिश में भी ऐसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे गंभीर चिंता सुरक्षा को लेकर है। कॉलोनी में कुछ स्थानों पर दीवारें गिरने और क्षतिग्रस्त होने की स्थिति ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। बारिश के कारण निर्माण से जुड़े हिस्सों पर असर पड़ने की आशंका बनी रहती है। वहीं, बेसमेंट में पानी भरने के कारण बिजली से जुड़े उपकरण और पैनल भी खतरे में आ जाते हैं। बिजली पैनल के क्षतिग्रस्त होने से शॉर्ट सर्किट और करंट फैलने जैसी दुर्घटनाओं का डर बना हुआ है। निवासियों का आरोप है कि इतनी महंगी संपत्ति होने के बावजूद कॉलोनी में जल निकासी और रखरखाव की व्यवस्था अपेक्षित स्तर की नहीं है।

हल्की बारिश में ही पानी का भराव यह सवाल खड़ा करता है कि यदि तेज बारिश या लगातार वर्षा हुई तो स्थिति कितनी गंभीर हो सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समस्या केवल बारिश के दौरान होने वाली असुविधा तक सीमित नहीं है। जलभराव के कारण बेसमेंट में आने-जाने में परेशानी होती है और गाड़ियों को बाहर



वसंत कुंज में बारिश बनी करोड़ों के घरों की मुसीबत

निकालना भी मुश्किल हो जाता है। कई परिवारों को डर है कि लंबे समय तक पानी जमा रहने से वाहन और इमारत के महत्वपूर्ण हिस्से खराब हो सकते हैं।

निवासियों ने संबंधित विभाग और रखरखाव एजेंसी से जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने, बेसमेंट की सुरक्षा सुनिश्चित करने, क्षतिग्रस्त दीवारों की मरम्मत कराने और बिजली पैनलों की जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये की कीमत वाले फ्लैट्स में रहने के बावजूद यदि सामान्य बारिश में ही बेसमेंट डूब जाए और दीवारें गिरने लगें, तो यह गंभीर रखरखाव संबंधी समस्या है।

अब निवासी उम्मीद कर रहे हैं कि संबंधित अधिकारी मौके का निरीक्षण कर स्थायी समाधान निकालेंगे। लोगों की मांग है कि बारिश का पानी निकालने के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए और सुरक्षा से जुड़े सभी कमजोर हिस्सों की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे की आशंका को टाला जा सके। निवासियों ने प्रशासन से तत्काल जल निकासी, दीवारों की मरम्मत और बिजली पैनलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि बड़े हादसे से बचा जा सके।

# आगरा में जमीन विवाद पर बवाल, ताबड़तोड़ फायरिंग से गांव में फैली दहशत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आगरा के फतेहाबाद क्षेत्र के बमरौली कटारा गांव में रविवार को जमीन के पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। धर्मेंद्र पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष की दीवार गिराए जाने को लेकर विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर अंधाधुंध फायरिंग होने लगी। फायरिंग के दौरान करीब एक दर्जन से अधिक राउंड गोलियां चलने से गांव में दहशत फैल गई। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग अपनी जान बचाने के लिए घरों में दुबक गए। बताया जा रहा है कि इस घटना में कई पड़ोसी भी घायल हो गए हैं। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही थाना बमरौली कटारा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर फायरिंग में इस्तेमाल किए गए हथियारों और घटना से जुड़े लोगों की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर पहले से विवाद चला आ रहा था।

## न्यूज ब्रीफ

### निश्चल भारतीय वायु सेना में बने फ्लाइंग ऑफिसर



**भारतेन्दु संवाददाता, हमीरपुर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पाहलू के निवासी निश्चल पटियाल भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर नियुक्त हुए हैं। उन्होंने बेंगलुरु में फ्लाइंग ऑफिसर की कठिन ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूरी कर यह उपलब्धि हासिल की है। उनकी नियुक्ति से ग्राम पंचायत पाहलू में खुशी का माहौल है। निश्चल पटियाल की उपलब्धि पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, सांसद अनुराग सिंह ठाकुर और विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर शर्मा ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं। निश्चल के पिता बलवंत सिंह पटियाल तुल्ली इंटरनेशनल होटल, नागपुर में असिस्टेंट मैनेजर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, जबकि उनकी माता सरिता कुमारी राजकीय उच्च विद्यालय बैरी में अध्यापिका के रूप में सेवाएं दे रही हैं। निश्चल ने जमा दो की पढ़ाई आर्यन पब्लिक स्कूल भोटा से की तथा बीटेक की डिग्री चंडीगढ़ से प्राप्त की। उनकी सफलता से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है।

### भाजपा का क्रमिक अनशन दूसरे दिन भी जारी

**भारतेन्दु संवाददाता, घुमारवीं।** भाजपा कार्यकर्ताओं पर पुलिस की कथित एकतरफा कार्रवाई के विरोध में घुमारवीं थाने के बाहर पार्टी का क्रमिक अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। धरने पर पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग के समर्थन में राज्यसभा सांसद प्रो. सिकंदर कुमार, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, विधायक त्रिलोक जमवाल, जिला प्रभारी रश्मि धर सूद और जिलाध्यक्ष कृष्ण लाल सहित कई वरिष्ठ नेता पहुंचे। प्रो. सिकंदर कुमार ने आरोप लगाया कि प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं और आम लोगों के साथ चुनिंदा कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की सोशल मीडिया पोस्ट पर पुलिस तुरंत कार्रवाई करती है, जबकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ दी गई शिकायतों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होती। भाजपा नेताओं ने पुलिस पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि न्याय नहीं मिला तो पार्टी व्यापक आंदोलन कर सड़कों पर उतरेगी।

### महिला पंचायत प्रधान से बदसलूकी पर मामला दर्ज, अवैध शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने, अभद्र व्यवहार और अवैध शराब तस्करी के मामलों में कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। थाना तलाई के तहत ग्राम पंचायत सनीहरा की प्रधान अमरी देवी ने शिकायत दर्ज करवाई कि पंचायत घर में चरित्र प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर प्यार सिंह और एक महिला ने उनके साथ बहसबाजी की, अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि दोनों ने पंचायत के सरकारी कार्य में भी बाधा डाली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, थाना भराड़ी पुलिस ने गश्त के दौरान मोटरसाइकिल संख्या एचपी-28-9336 पर सवार दो युवकों को रोका। तलाशी में 13 बोतल अवैध देसी शराब बरामद हुई। आरोपियों की पहचान तलवाड़ा निवासी प्रदीप कुमार और हेमराज के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कछियारी में आधुनिक सब्जी मंडी का निशू मोंगरा ने किया निरीक्षण, दिसंबर तक पूरा होगा काम



**भारतेन्दु संवाददाता, कांगड़ा।** कछियारी में करीब छह करोड़ रुपए की लागत से बन रही आधुनिक सब्जी मंडी के निर्माण कार्य का जिला एपीएमसी अध्यक्ष चौधरी नरेंद्र निशू मोंगरा ने अधिकारियों और ठेकेदार के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मोंगरा ने बताया कि मंडी का करीब 40 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और इसे दिसंबर-जनवरी तक पूरा कर आढ़तियों को समर्पित करने का लक्ष्य रखा गया है। मंडी में पार्किंग, कैंटीन, ड्राइवरों के ठहरने की व्यवस्था, खुला परिसर सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि तीन ब्लॉकों का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि दो ब्लॉकों का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि रियाली और मिलवा में बड़े प्लेटफार्म तथा बाउंड्री वॉल का निर्माण भी किया जा रहा है। प्लेटफार्म अक्तूबर से पहले किसानों को समर्पित करने का लक्ष्य है। मोंगरा ने बताया कि एपीएमसी के तहत जिला कांगड़ा में करीब 60 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्य प्रगति पर हैं, जिनमें सब्जी मंडी, अनाज मंडी और रेस्ट हाउस सहित अन्य परियोजनाएं शामिल हैं।

### 24 करोड़ से झुंगा देवी में बनेगा अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम

**भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले के जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की सोल बनेहड़ पंचायत के झुंगा देवी में 24 करोड़ रुपए की लागत से राष्ट्रस्तरीय अत्याधुनिक इंडोर खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने रविवार को जालग में अंडर-19 छात्राओं की जोनल खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए आधुनिक सुविधाओं के साथ करीब एक हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था होगी। पहले इसे जयसिंहपुर में प्रस्तावित किया गया था, लेकिन भूमि उपलब्ध न होने के कारण अब झुंगा देवी में बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी और प्रतिभाओं को निखारने के अवसर मिलेगा। गोमा ने घोषणा की कि प्रतियोगिता से राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने वाली छात्राओं को 51 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। प्रतियोगिता में करीब 25 स्कूल भाग ले रहे हैं।

# आईजीएमसी शिमला और टांडा में शुरू होगा रेडिएशन थेरेपी टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम

**अनिल कुमार शर्मा, भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रदेश में एलाइड एवं हेल्थकेयर शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय (आईजीएमसी) शिमला और डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय टांडा में बैचलर ऑफ रेडिएशन थेरेपी टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। दोनों संस्थानों में वर्ष 2026-27 के शैक्षणिक सत्र से 30-30 सीटों पर प्रवेश होगा। इससे प्रदेश में रेडिएशन थेरेपी के क्षेत्र में प्रशिक्षित तकनीकी विशेषज्ञ तैयार होंगे और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। राज्य सरकार ने हमीरपुर में एलाइड एवं हेल्थ सेवा महाविद्यालय स्थापित करने का भी निर्णय लिया है। इस संस्थान में विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की कुल 330 सीटें होंगी। इनमें बीएससी लेबोरेटरी साइंसेज, बीएससी रेडियोलॉजी, बीएससी एनेस्थीसिया, बीएससी ऑप्टोमेट्री और बीएससी फिजियोथेरेपी की 60-60 सीटें तथा डायलिसिस टेक्नीशियन की 30 सीटें शामिल हैं। कॉलेज के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक मशीनरी और उपकरणों की खरीद के लिए 6.87 करोड़ रुपए जारी किए जाएंगे।

#### प्रदेशवासियों को घर के नजदीक विशेषज्ञ स्वास्थ्य सुविधाएं देना लक्ष्य : मुख्यमंत्री



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को गुणवत्तापूर्ण और विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के साथ युवाओं के लिए शिक्षा एवं रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने के लिए डॉक्टरों के साथ प्रशिक्षित एलाइड हेल्थकेयर पेशेवरों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर में एलाइड एवं हेल्थ सेवा महाविद्यालय तथा आईजीएमसी शिमला और टांडा में रेडिएशन थेरेपी टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम शुरू होने से स्वास्थ्य शिक्षा का दायरा बढ़ेगा। साथ ही राज्य में आधुनिक चिकित्सा सेवाओं के लिए आवश्यक तकनीकी मानव संसाधन तैयार होगा। सरकार का लक्ष्य प्रदेशवासियों को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सुविधाएं उनके घर के नजदीक उपलब्ध करवाना है।

◆ **2026-27 के शैक्षणिक सत्र से 30-30 सीटों पर होगा प्रवेश**

#### बढ़ाई जा चुकी हैं एलाइड हेल्थकेयर की सीटें

**प्रदेश** सरकार के अनुसार आईजीएमसी शिमला और टांडा मेडिकल कॉलेज में वर्तमान में रेडियोलॉजी, एनेस्थीसिया, लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी और डायलिसिस टेक्नोलॉजी जैसे पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। वर्ष 2025 में इन संस्थानों में विभिन्न एलाइड हेल्थकेयर पाठ्यक्रमों की सीटों में उल्लेखनीय वृद्धि की गई थी। आईजीएमसी शिमला में बीएससी मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी, बीएससी रेडियो एंड इमेजिंग तथा बीएससी एनेस्थीसिया एंड ओटी टेक्नोलॉजी की सीटें 10 से बढ़ाकर 50-50 कर दी गई थीं। वहीं, टांडा मेडिकल कॉलेज में इन पाठ्यक्रमों की सीटें 18 से बढ़ाकर 50-50 कर दी गई हैं। सरकार का कहना है कि नए पाठ्यक्रमों और सीटों के विस्तार से प्रदेश में प्रशिक्षित एलाइड एवं हेल्थकेयर पेशेवरों की उपलब्धता बढ़ेगी। इससे अस्पतालों में विशेषज्ञ तकनीकी सेवाओं को मजबूती मिलेगी और विद्यार्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए दूसरे राज्यों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

## बगली में खुला सोनाटा का नया शोरूम, डॉ. राजेश ने किया उद्घाटन



**भारतेन्दु संवाददाता, कांगड़ा।** कांगड़ा के बगली से विधानसभा की ओर जाने वाले मार्ग पर गृह निर्माण व नवीनीकरण सामग्री के क्षेत्र में सोनाटा का नया शोरूम शुरू हुआ है। जय सियाराम गृह नवीनीकरण के अंतर्गत स्थापित सोनाटा-सोने जैसा खरा शोरूम का विधिवत उद्घाटन हिमाचल प्रदेश विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने रिबन काटकर किया।

उद्घाटन समारोह में स्थानीय निवासी, कारोबारी, गणमान्य व्यक्ति और ग्राहक मौजूद रहे। डॉ. राजेश शर्मा ने सोनाटा समूह और चुग परिवार को प्रतिष्ठान की शुरुआत पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कांगड़ा व धर्मशाला जैसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में आधुनिक प्रतिष्ठानों की आवश्यकता बढ़ रही है। एक ही स्थान पर गृह निर्माण और नवीनीकरण से जुड़े उत्पाद उपलब्ध होने से लोगों को सुविधा मिलेगी तथा स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। सोनाटा समूह के विक्रय महाप्रबंधक सुनील कुमार और क्षेत्रीय विक्रय प्रबंधक कमल ने ब्रांड की विशेषताओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कंपनी गुणवत्ता, मजबूती व ग्राहकों के विश्वास को प्राथमिकता देती है। नए शोरूम में गृह नवीनीकरण से जुड़े विभिन्न उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध करवाए जाएंगे। चुग परिवार की ओर से रमा चुग, दीपक चुग, कार्तिक चुग व राहुल चुग ने अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता, उचित मार्गदर्शन और अच्छी सेवा देना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उद्घाटन के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने शोरूम का दौरा कर उपलब्ध उत्पादों की जानकारी ली और आधुनिक प्रस्तुति की सराहना की।

## महिला ग्राम सभा में स्वच्छ भारत मिशन पर हुआ मंथन, महिलाओं ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम




**भारतेन्दु संवाददाता, हमीरपुर।** ग्राम पंचायत काले अंब में महिला ग्राम सभा के उपलक्ष्य में महिला मंडलों की प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता की मुख्य थीम महिला सशक्तिकरण और स्वच्छ भारत मिशन रही। कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र के महिला मंडलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता में भारतीय महिला मंडल गाहरा ने प्रथम, इंदिरा मेमोरियल महिला मंडल काले अंब ने द्वितीय तथा नव ज्योति महिला मंडल कथियाल ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें साक्षी ठाकुर प्रथम और रुचिका ठाकुर द्वितीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में पंचायत प्रधान सुनील सिंह, उपप्रधान रविंद्र कंवर तथा कार्यक्रम अध्यक्ष आशा देवी विशेष रूप से मौजूद रहे। महिला मंडलों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया। पंचायत की ओर से प्रतिभागियों और गणमान्य लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। विजेता महिला मंडलों और प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पंचायत प्रधान एवं उपप्रधान ने सम्मानित किया। पंचायत प्रधान सुनील सिंह ने सभी महिला मंडलों और उपस्थित लोगों का पंचायत भवन में पहुंचने पर आभार जताया। उन्होंने महिलाओं से भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया, ताकि पंचायत के विकास कार्यों की समीक्षा के साथ लंबित समस्याओं और कमियों पर चर्चा कर उनका समयबद्ध समाधान किया जा सके। पंचायत सचिव अजय कुमार ने भी कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## निरमंड व आनी में गिरने से 2 की मौत

**भारतेन्दु संवाददाता, कुल्लू।** पुलिस थाना निरमंड और आनी के तहत गिरने के कारण एक महिला समेत 2 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए हैं। पुलिस के अनुसार सीएचसी निरमंड में उत्तम दासी पत्नी स्व. तीर्थ राम निवासी घाटू जिला कुल्लू की गिरने के कारण उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार महिला देर रात घर के बरामदे में गिर गई थी। उधर, सेस राम (86) पुत्र राम चंद निवासी जाबो जिला कुल्लू को गिरने के कारण सिविल अस्पताल आनी लाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार खाना खाने के बाद गऊशाला की ओर जाते समय सेस राम करीब 30-35 फुट ऊंचाई से गिर गए थे, जिससे सिर में गंभीर चोटें आई थीं।

## कांग्रेस द्वारा 1984 के दंगों के कथित आरोपी को सम्मान देना सिख समुदाय का अपमान : गुरमीत सिंह



**भारतेन्दु संवाददाता, बैजनाथ।** प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने कांग्रेस पार्टी पर 1984 के सिख विरोधी दंगों के कथित आरोपी को रोल मॉडल का दर्जा देने का आरोप लगाते हुए इसे सिख समुदाय के साथ सरासर अन्याय बताया है।

गुरमीत सिंह रविवार को बैजनाथ में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति पर 1984 के दंगों के दौरान लोगों को कथित तौर पर गले में टायर डालकर जलाने जैसे गंभीर आरोप लगे हों, उसे कांग्रेस पार्टी द्वारा सम्मान और रोल मॉडल का दर्जा दिया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ऐसी कार्यप्रणाली उसकी कथनी और करनी के अंतर को उजागर करती है। गुरमीत सिंह ने कहा कि सिख समुदाय अपने इतिहास, शहादत और सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस पार्टी का यही रवैया जारी रहा तो आने वाले समय में समुदाय को अपने अधिकार और सम्मान की आवाज बुलंद करने के लिए सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष ने हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार अब तक की सबसे निकम्मी सरकार साबित हुई है। उनके अनुसार सरकार ने आम जनता के विकास की बजाय केवल अपने मित्रों को लाभ पहुंचाने का काम किया है और प्रदेश की जनता का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और आम जनता विभिन्न समस्याओं से जूझ रही है। सरकार को जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से काम करना चाहिए। इस मौके पर पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी मोर्चा के अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह हरदेव सिंह सुरेंद्र कपूर विनीत कौर सुरेंद्र सिंह दिनेश मंगलेश इंदर सिंह भी उपस्थित रहे।

## जनसमस्याएं सुनने के बाद जनसेवा के मोर्चे पर डटे कटवाल

**भारतेन्दु संवाददाता, झंडूता।** विधानसभा के मानसून सत्र के समापन के बाद झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल रविवार को भाजपा कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनने पहुंचे। कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि अन्य मामलों में संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कटवाल ने कहा कि राजनीति उनके लिए सत्ता नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है। अच्छी सड़क, पर्याप्त पेयजल, नियमित बिजली, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उनकी प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चार साल पूरे होने को हैं, लेकिन लोग अभी भी मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं। उन्होंने कहा कि विकास घोषणाओं से नहीं, बल्कि धरातल पर सुविधाएं मिलने से साबित होता है।

## नशे के खिलाफ युवाओं ने लगाई तीन किलोमीटर दौड़




**अनिल कुमार, भारतेन्दु संवाददाता, हमीरपुर।** राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के शारीरिक शिक्षा विभाग एवं एनसीओआरडी के संयुक्त तत्वावधान में 'नशे के विरुद्ध 3 किलोमीटर इनामी दौड़' का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता के आयोजन सचिव डॉ. पवन कुमार वर्मा ने जानकारी दी की यह प्रतियोगिता केवल महाविद्यालय के विद्यार्थियों तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसे ओपन टूर्नामेंट के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य युवाओं ने भी भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखते हुए खेल, स्वास्थ्य, अनुशासन एवं सकारात्मक जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में लगभग 150 धावकों सहित अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा आर्यन, गांव ककरू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 1000 नकद पुरस्कार, मेडल, ट्रॉफी और ट्रैक सूट जीता, जबकि आदित्य पटियाल, गांव ताल द्वितीय तथा अंकित, गांव थोना तृतीय स्थान पर रहे। उन्हें क्रमशः 900 और 800 नकद पुरस्कार, मेडल, ट्रॉफी एवं खेल सामग्री प्रदान की गई। चौथे से दसवें स्थान पर क्रमशः नवीन कुमार, हर्ष, अभिषेक कुमार, नमन, पंकज खरयाल, सौरव और नरेश रहे। इन विजेताओं को भी नकद पुरस्कार दिए गए।

प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रदान की गई पूरी धनराशि डॉ. पवन वर्मा ने स्वयं अपने निजी सहयोग से दी, ताकि युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया जा सके और नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान को और मजबूती मिले। इस अवसर पर डॉ. पवन वर्मा ने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए खेल, अनुशासन और सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना आवश्यक है तथा ऐसे कार्यक्रम समाज में जागरूकता फैलाने के साथ-साथ युवाओं को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. वर्मा ने समाज के लिए बेहतर कार्य कर रहे अमित, जिन्हें युवा ',छड्ड' के नाम से जानते हैं, को भी सम्मानित किया। अमित पिछले कई वर्षों से युवाओं को सेना में भर्ती के लिए निस्वार्थ शारीरिक प्रशिक्षण दे रहे हैं तथा युवाओं को फिटनेस, अनुशासन, मेहनत और देशसेवा की भावना से जोड़ रहे हैं। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों और अन्य प्रतिभागियों को नशे से दूर रहकर खेल और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

## टेट प्रभावित शिक्षकों ने जयराम को सौंपा ज्ञापन, राहत की मांग की



**भगत सिंह गुलेरिया, भारतेन्दु संवाददाता, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ व टेट प्रभावित शिक्षक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष नरेश ठाकुर के नेतृत्व में शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने टेट की अनिवार्यता से प्रभावित शिक्षकों की वर्तमान स्थिति और उनके सामने आ रही समस्याओं से अवगत करवाते हुए केंद्र सरकार से मामले का समाधान करवाने का आग्रह किया।

नरेश ठाकुर ने कहा कि टेट का मुद्दा हिमाचल के करीब आठ हजार और देशभर के लगभग 20 से 25 लाख शिक्षकों से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि इनमें बड़ी संख्या ऐसे शिक्षकों की है, जिन्होंने शिक्षा विभाग में 30 से 35 वर्षों तक सेवाएं दी हैं। लंबे सेवाकाल के बाद टेट की अनिवार्यता से शिक्षकों में नौकरी और भविष्य को लेकर चिंता बनी हुई है। ज्वाइंट टीचर्स फ्रंट के राष्ट्रीय महासचिव हितेंद्र साहसी ने कहा कि लंबे समय से सेवाएं दे रहे शिक्षकों के भविष्य व रोजगार की सुरक्षा को ध्यान में रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के अगस्त 2011 में लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों के मामले पर अलग दृष्टिकोण अपनाया जाना आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र सरकार से अध्यादेश लाकर आरटीई लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से उचित राहत अथवा छूट देने की मांग की। उनका कहना है कि इससे वर्षों से सेवाएं दे रहे शिक्षकों की नौकरी सुरक्षित रहेगी और हजारों परिवारों को राहत मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल ने जयराम ठाकुर से आग्रह किया कि वे इस मुद्दे को उचित मंच पर मजबूती से उठाकर केंद्र सरकार तक शिक्षकों की मांग पहुंचाने में सहयोग करें।

**सहायता** जीवन के कठिन दौर में सरकार से मिला संबल, टपकती छत से पक्के आशियाने तक पहुंची कुसमा

# एकल नारियों के पक्के आशियाने का सपना हुआ साकार



**भगत सिंह गुलेरिया, भारतेन्दु संवाददाता, मंडी।** 'आस्सा गरीबा जो रैहणा पौणा था इन्हां टापरूआ अंदर हे, ये ता सरकारा रा धन्यावाद जे इन्हें आसा रे कट्ठे ऐहड़ी खरी स्कीमा चलाई री।' यह कहना है सियूंह गांव की पदमा देवी का।

दशकों पहले पति को खो चुकीं पदमा ने जैसे-तैसे बच्चों का पालन-पोषण तो कर लिया, लेकिन एक अदद पक्का मकान उनको नसीब नहीं हो पा रहा था, ऐसे में उनके सपनों को साकार करने में सहारा बनी 'सुक्खू सरकार' की मुख्यमंत्री विधवा, एकल, निराश्रित, दिव्यांग महिला आवास योजना। योजना के तहत प्राप्त सहायता राशि से पदमा देवी के पक्के मकान का सपना पूरा हुआ है। मनरेगा में 100 दिन का कार्य पूरा करने वाली पात्र महिलाओं को इस आवास योजना के तहत हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य कामगार कल्याण बोर्ड के माध्यम से मकान निर्माण के लिए तीन लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। पधर तहसील के गांव सियूंह की पदमा देवी बताती हैं कि वर्ष 2007 में पति के निधन के बाद जब उनके बच्चे छोटे थे, तभी से परिवार की पूरी जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। उन्होंने खेती-बाड़ी की, घरेलू सब्जियां उगाईं और नारला में इन्हें बेचकर परिवार का गुजारा किया। इसके साथ-साथ वह मनरेगा में भी काम करती रहीं।

वर्षों तक उनका परिवार कच्चे मकान में रहने को मजबूर था। मनरेगा में काम करते हुए उन्हें आवास योजना की जानकारी मिली। कामगार कल्याण बोर्ड में आवेदन के बाद उन्हें मकान बनाने के लिए तीन लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत हुई। दो किस्तें मिलने के बाद उनके मकान का स्लैब तैयार हो चुका है। पधर तहसील के ही गांव सुराहन की कुसमा देवी के पति का वर्ष 2024 में निधन हो गया था। दो बच्चों की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। परिवार की जरूरतें पूरा करने के लिए कुसमा मनरेगा में कार्य करती रही हैं। वे बताती हैं कि पहले उनका मकान कच्चा था और बारिश में छत टपकने से उसमें रहना काफी कठिन था। मनरेगा में काम करने के दौरान उन्होंने कामगार कल्याण बोर्ड में आवास निर्माण के लिए आवेदन किया और उन्हें तीन लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई, अब तक उन्हें दो किस्तें मिल चुकी हैं, जिससे मकान का स्लैब डाल दिया है। तीसरी किस्त के उपरांत वे शेष कार्य पूरा कर लेंगी।

#### 16 एकल नारियों के बन रहे अपने आशियाने

**जिला** मंडी में इस योजना के तहत 16 एकल नारियों के लिए 3-3 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इनमें से चार महिलाओं को दो-दो किस्तें मिल चुकी हैं, जबकि 12 महिलाओं को 15 अगस्त को पहली किस्त प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री विधवा, एकल, निराश्रित, दिव्यांग महिला आवास योजना इन महिलाओं के लिए सिर्फ मकान बनाने की आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की नई शुरुआत है। मुख्यमंत्री के प्रयासों से आज इन महिलाओं के कच्चे आशियाने पक्के घर में बदल रहे हैं और उनके जीवन में उम्मीदों का नया उजाला फैल रहा है।

## घुमारवीं कॉलेज में पीटीए चुनाव संपन्न, शशि भूषण चौथी बार बने अध्यक्ष

**भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) के वार्षिक चुनाव एवं सामान्य सभा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। शशि भूषण ठाकुर ने 84 मत हासिल कर लगातार चौथी बार अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। उन्होंने पवन कुमार को सात मतों से हराया। उपाध्यक्ष पद पर राजेश कुमार ने 81 मत लेकर अजय कुमार को तीन मतों से पराजित किया। प्रो. वासु देव गर्ग को सर्वसम्मति से सचिव चुना गया। संयुक्त सचिव पद पर सुरेंद्र सिंह तथा कोषाध्यक्ष पद पर रंजना देवी निर्वाचित हुईं। रूप लाल को मुख्य सलाहकार बनाया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष शशि भूषण ठाकुर ने अभिभावकों का आभार जताते हुए कहा कि वह उनके विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने महाविद्यालय प्रशासन के साथ मिलकर शैक्षणिक ढांचे को मजबूत करने और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने की प्रतिबद्धता जताई। प्राचार्य ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कॉलेज के विकास में सहयोग की उम्मीद जताई।

## शमशेर बने अर्की फोटोग्राफर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान

### नई कार्यकारिणी का गठन, सुखदेव चांदला उपप्रधान और राकेश कुमार सचिव चुने गए



**भारतेन्दु संवाददाता, अर्की।** अर्की फोटोग्राफर्स वेलफेयर एसोसिएशन की विशेष बैठक रविवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह अर्की में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ फोटोग्राफर देवेंद्र पाठक ने की। बैठक में अर्की विधानसभा क्षेत्र से करीब 30 फोटोग्राफरों ने भाग लिया। इस दौरान सर्वसम्मति से एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में शमशेर पाल को प्रधान, सुखदेव चांदला को उपप्रधान और राकेश कुमार को सचिव चुना गया। वहीं मदन वर्मा को सहसचिव तथा राम सिंह चौधरी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा वेद प्रकाश, भूपेंद्र, भगत राम बंसल और प्रकाश चंद (लक्की) को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। नवनियुक्त प्रधान शमशेर पाल ने एसोसिएशन के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा से निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफर साथियों के हितों की रक्षा करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही सदस्यों की समस्याओं को उचित मंच पर उठाने, फोटोग्राफी के क्षेत्र में लगातार हो रहे तकनीकी बदलावों की जानकारी उपलब्ध करवाने और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि एसोसिएशन की बैठक प्रत्येक तीन माह के अंतराल पर आयोजित की जाएगी। इन बैठकों में सदस्यों की समस्याओं, सुझावों और एसोसिएशन की आगामी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

◆ **फोटोग्राफरों के हितों और नई तकनीक के प्रशिक्षण पर रहेगा फोकस: शमशेर**

इसके अलावा सभी सदस्यों से प्रतिमाह निर्धारित शुल्क लेने पर भी सहमति बनी। एकत्रित राशि का उपयोग एसोसिएशन से जुड़े कार्यों के साथ सामाजिक गतिविधियों में भी किया जाएगा। बैठक में नंदलाल, हेमचंद भार्गव, पवन ठाकुर, देवेंद्र शर्मा, रोहित, वीरेंद्र, हीरालाल, राजेश ठाकुर, लक्की गौतम, लविश, सुरेश, मुनीश कुमार और ताराचंद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सदस्यों ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत बनाने के लिए सहयोग का भरोसा दिलाया।

## न्यूज ब्रीफ

### मारपीट व एससी-एसटी एक्ट मामले में दो आरोपी काबू

**भारतेन्दु संवाददाता, नूरपुर।** पुलिस जिला नूरपुर ने आपराधिक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मारपीट, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने तथा एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 29 अगस्त 2026 को गांव नडाई, डाकघर कंडवाल क्षेत्र में एक व्यक्ति से मारपीट, वाहन को नुकसान पहुंचाने और कथित तौर पर जातिसूचक शब्दों के प्रयोग की शिकायत मिली थी। शिकायत के आधार पर थाना नूरपुर में 30 अगस्त को अभियोग संख्या 220/2026 दर्ज किया गया। मामले में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के साथ एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। एएसपी धर्म चंद वर्मा ने बताया कि पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 20 वर्षीय विश्व सिंह उर्फ विशु निवासी नरड़ा तथा 30 वर्षीय राजन सिंह उर्फ काका निवासी बरांडा, तहसील नूरपुर के रूप में हुई है। मामले की आगामी जांच जारी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### चिट्टा व एमडीएम ड्रग के साथ दो गिरफ्तार



**भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** शिमला पुलिस ने संजौली क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 24 ग्राम चिट्टा/हेरोइन और लगभग सात ग्राम एमडीएम बरामद किया है। इस संबंध में पुलिस थाना संजौली में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार चार सितंबर की शाम संजौली थाने की टीम लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास गश्त पर थी और नशीले पदार्थों से जुड़ी सूचनाएं जुटा रही थी। इसी दौरान पुलिस को एक विश्वसनीय सूत्र से सूचना मिली कि दो व्यक्ति बतीश कॉलोनी के पास चिट्टा और अन्य नशीले पदार्थ बेचने की नीयत से घूम रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम बतीश कॉलोनी पहुंची और दोनों संदिग्धों की तलाशी ली। उनके बैगों की तलाशी के दौरान करीब 24 ग्राम चिट्टा/हेरोइन और लगभग सात ग्राम एमडीएम बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 45 वर्षीय बलदेव सिंह, निवासी सेक्टर 41-डी, बढ़ेड़ी, चंडीगढ़ और 23 वर्षीय साहिल, निवासी सुन्नी, जिला शिमला के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच में नशीले पदार्थों की खरीद और आपूर्ति से जुड़े पहलुओं का पता लगाया जा रहा है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस मामले में और कौन लोग शामिल हैं तथा नशीले पदार्थ कहां से लाए गए थे। शिमला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने रविवार को बताया कि दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद चार दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है।

### शिक्षक दिवस पर विधायक आशीष शर्मा ने शिक्षकों को घर-घर जाकर किया सम्मानित



**अनिल कुमार, भारतेन्दु संवाददाता, हमीरपुर।** राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष शर्मा ने एक अनुकरणीय पहल की शुरुआत की है। नारायण सेवा संस्थान के तत्वाधान में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम के तहत विधायक आशीष शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र के 90 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी 22 वयोवृद्ध शिक्षकों के घर-घर जाकर उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक आशीष शर्मा ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शन करते हैं और उन्होंने देश को कई महान हस्तियां दी हैं। माता-पिता के बाद शिक्षक ही बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखते हैं, ऐसे वयोवृद्ध गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त करना सौभाग्य की बात है। सम्मान पाकर भावुक हुए सेवानिवृत्त शिक्षकों ने कहा कि उनके जीवन में यह पहला अवसर है जब शिक्षक दिवस पर कोई जनप्रतिनिधि स्वयं उनके घर आकर उन्हें सम्मानित कर रहा है। इससे पहले केवल कार्यक्रमों में ही बुलाया जाता था। सभी शिक्षकों ने विधायक की इस मानवीय और अनुकरणीय पहल की प्रशंसा की। नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया ने विधायक आशीष शर्मा की इस पहल को अत्यंत सराहनीय बताते हुए उनका साधुवाद व्यक्त किया।

### आदित्य शर्मा भारतीय सेना में बने लेफ्टिनेंट



**भारतेन्दु संवाददाता, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के कुठेड़ा गांव के आदित्य शर्मा भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट नियुक्त हुए हैं। उन्होंने चेन्नई में करीब एक वर्ष की कठिन सैन्य प्रशिक्षण पूरा कर पासिंग आउट परेड में हिस्सा लिया। उनकी पहली तैनाती देहरादून में हुई है, जहां वह भारतीय सेना में सेवाएं देंगे। आदित्य ने दसवीं और बारहवीं तक की शिक्षा हिम गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल भालत से तथा बीएससी की पढ़ाई हमीरपुर कॉलेज से पूरी की। उनके पिता हिमाचल पुलिस में एसएचओ के पद पर हरोली में कार्यरत हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, सांसद अनुराग ठाकुर और भाजपा नेता राकेश भाना ने आदित्य को बधाई दी। आदित्य ने युवाओं को मेहनत और लगन से लक्ष्य हासिल करने का संदेश दिया।आदित्य के पिता हिमाचल पुलिस में अपनी सेवाएं दे रहे हैं आजकल एसएचओ के पद पर हरोली में कार्यरत हैं। माता एक ग्रहणी हैं, आदित्य की दो बहनें हैं बड़ी अंजली शर्मा आदित्य ने युवाओं से कहा कि कठिन परिश्रम से किसी भी मंजिल तक पहुंचा जा सकता है।

### पंडित विपन शर्मा को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**भारतेन्दु संवाददाता, नई दिल्ली।** नई दिल्ली के पीरागढ़ी स्थित पांच सितारा प्रीसीयस फॉरेवर बैंक्वेट हॉल में 5 सितंबर को स्टार अचीवर अवॉर्ड सीजन-19 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन टैरो क्वीन मीनू शर्मा की ओर से किया गया। समारोह में देशभर से करीब 150 प्रतिष्ठित ज्योतिषियों, टैरो कार्ड रीडर्स, फैशन और संगीत क्षेत्र से जुड़े विशिष्ट लोगों को आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के ज्वाली निवासी पंडित विपन शर्मा को ज्योतिष के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।



बॉलीवुड अभिनेत्री अदा शर्मा ने उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड-2026 तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान मिलने पर पंडित विपन शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बॉलीवुड अभिनेत्री के हाथों पहली बार लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्राप्त करना उनके लिए गौरव और सम्मान की बात है। पंडित विपन शर्मा ने बताया कि इससे पहले भी उन्हें बॉलीवुड की कई जानी-मानी हस्तियों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

इनमें भाग्यश्री, अमीषा पटेल, दीपशिखा नागपाल, पूर्व मिस वर्ल्ड अदिति गोवित्रिकर, शाहजहां पदमसी, महक चहल, मनीषा लांबा, अमन वर्मा, गुलशन ग्रोवर और सोनू सूद सहित अन्य नाम शामिल हैं। समारोह में टैरो क्वीन मीनू शर्मा, लाल किताब विशेषज्ञ जीडी वशिष्ठ, पंडित राजीव शर्मा तथा जय प्रकाश शर्मा 'लाल धागे वाले' (मुंबई) सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

# हिमाचल में भूस्खलन से 93 सड़कें अवरुद्ध

## 12 सितंबर तक बारिश के आसार, मानसून सीजन में अब तक 270 लोगों की मौत, 492 घायल, कई जिलों में जनजीवन प्रभावित

**अनिल कुमार शर्मा, भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून की सक्रियता बनी हुई है और कई हिस्सों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बारिश के साथ भूस्खलन की घटनाओं से राज्य में 93 सड़कें अवरुद्ध हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार रविवार सुबह तक 23 बिजली ट्रांसफार्मर और 15 पेयजल योजनाएं भी प्रभावित थीं।



शिमला में सुबह से बादल छाए रहे। मौसम विभाग ने 12 सितंबर तक प्रदेश में बारिश की संभावना जताई है। हालांकि, इस अवधि में भारी बारिश की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 10 सितंबर तक कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है। 11 और 12 सितंबर को भी मौसम के आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है। इन सभी दिनों में भारी बारिश का अलर्ट नहीं है। बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश दर्ज की गई। नाहन में सबसे अधिक 53.6 मिलीमीटर बारिश हुई। बिलासपुर के नैना देवी में 46.2 मिलीमीटर, मंडी के जोगिंदरनगर में 39 मिलीमीटर, शिमला के सराहन में 30.1 मिलीमीटर, सिरमौर के धौलाकुआं एडब्ल्यूएस में 26.5 मिलीमीटर और सिरमौर के जटोन बैराज में 24 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। शिमला के चौपाल में 23 मिलीमीटर, सोलन के कसौली में 23 मिलीमीटर और किन्नौर के वांगतू में 20.4 मिलीमीटर बारिश हुई। शिमला, जुब्बड़हट्टी, कांगड़ा, सुंदरनगर और मुरारी देवी में गरज के साथ बारिश की स्थिति दर्ज की गई।

बारिश के कारण सबसे अधिक सड़कें मंडी जिले के सराज उपमंडल में प्रभावित हुई हैं, जहां 32 सड़कें बंद हैं। मंडी के सरकाघाट में तीन, थलौट में दो तथा सुंदरनगर और करसोग में एक-एक सड़क अवरुद्ध है। कुल्लू जिले के आनी में 12, निरमंड में चार, कुल्लू उपमंडल में चार और बंजार में दो सड़कें बंद हैं। शिमला जिले के जुब्बल में नौ, रामपुर में एक और सुन्नी में एक सड़क अवरुद्ध है। इसके अलावा कांगड़ा जिले में सात, सिरमौर में पांच, सोलन और ऊना में तीन-तीन, चंबा में दो तथा लाहौल-स्पीति में एक सड़क बंद है। बिजली आपूर्ति पर भी बारिश और भूस्खलन का असर पड़ा है। कुल्लू के निरमंड में 10, सिरमौर के नाहन में 10, शिमला के रामपुर में दो और मंडी के सरकाघाट में एक बिजली ट्रांसफार्मर खराब है। पेयजल आपूर्ति से जुड़ी 15 योजनाएं भी प्रभावित हैं। इनमें हमीरपुर के बड़सर की सात, शिमला के रामपुर की पांच और चंबा के भटियात की तीन पेयजल योजनाएं शामिल हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार मौजूदा मानसून सीजन में बारिश और इससे जुड़ी प्राकृतिक आपदाओं में अब तक 270 लोगों की मौत हुई है, जबकि 492 लोग घायल हुए हैं। तीन लोग अभी लापता हैं। मृतकों में 160 लोगों की जान सड़क हादसों में गई है। इसके अलावा 110 लोगों की मौत भूस्खलन, अचानक आई बाढ़, पानी में बहने, फिसलने, पहाड़ी से गिरने और बारिश से जुड़ी अन्य घटनाओं में हुई है।

### मानसून से 1,242 करोड़ की संपत्ति को नुकसान

**मानसून** के दौरान प्राकृतिक आपदाओं में 467 मवेशियों की भी मौत हुई है। प्रदेश में 118 मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं और 481 मकानों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। इस दौरान 17 दुकानें और 453 पशुशालाएं भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। सरकारी आकलन के मुताबिक मानसून के दौरान प्रदेश में अब तक करीब 1,242 करोड़ रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। इसमें लोक निर्माण विभाग को हुआ करीब 951 करोड़ रुपए का नुकसान शामिल है।

### रामपुर में वाहन पलटने से मजदूर की मौत, 5 घायल

**भारतेन्दु संवाददाता, रामपुर।** शिमला जिले के रामपुर क्षेत्र में शनिवार शाम वाहन पलटने से एक नेपाली मजदूर की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। हादसा जाखड़ी थाना क्षेत्र के थड़ा ढांक के पास हुआ। मृतक की पहचान नेपाली मूल के जयलाल के रूप में हुई है। घायलों में प्रेम लाल जोशी, कैलाश, ललित, हरिलाल और चालक अनिल शामिल हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के अनुसार सेब तोड़ने का काम पूरा करने के बाद सभी लोग वाहन संख्या एचपी-92ए-2211 से थड़ा लौट रहे थे। थड़ा ढांक के पास तेज रफ्तार के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। वाहन ढांक से टकराकर सड़क पर पलट गया, जिससे खुले मालवाहक हिस्से में बैठे जयलाल वाहन के नीचे दब गए और उनकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने चालक के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।

### विश्वास ही शिष्य के भक्ति मार्ग की सुदृढ़ नींव: स्वामी

**भारतेन्दु संवाददाता, कांगड़ा।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से मटौर स्थित श्री बीपी शर्मा के निवास स्थान पर साप्ताहिक सत्संग व भजन संकीर्तन का आयोजन श्रद्धापूर्वक किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की संगत ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आध्यात्मिक विचारों का श्रवण किया और भजन संकीर्तन के माध्यम से प्रभु की महिमा का गुणगान किया।






कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुभाई आकाश ने गुरु चरणों में मंगल वंदना के साथ किया। इसके बाद भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी जगदीशानंद ने कहा कि मनुष्य के जीवन में सुख-दुख, सफलता-असफलता और अनुकूल-प्रतिकूल परिस्थितियां आती रहती हैं, ऐसे समय में सच्चा भक्त अपने प्रभु और गुरु के प्रति विश्वास को डगमगाने नहीं देता। उन्होंने कहा कि गुरु के प्रति अटूट श्रद्धा और विश्वास ही शिष्य के भक्ति मार्ग की मजबूत नींव है। स्वामी जगदीशानंद ने भक्त प्रह्लाद व भगवान नरसिंह का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रह्लाद के दृढ़ विश्वास ने प्रभु को उसकी रक्षा के लिए प्रकट होने पर विवश कर दिया। इसी प्रकार भगवान श्रीराम का भक्त शबरी की कुटिया में पहुंचना उसकी प्रेममयी भक्ति का प्रमाण है। इन प्रसंगों से स्पष्ट होता है कि सच्ची भक्ति केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास और समर्पण का भाव है। उन्होंने कहा कि जब शिष्य गुरु के मार्गदर्शन पर पूर्ण विश्वास करता है तो जीवन की कठिनाइयां भी उसके आध्यात्मिक विकास का माध्यम बन जाती हैं।

आज के तनावपूर्ण और भागदौड़ भरे जीवन में आत्मिक शांति के लिए आध्यात्मिक ज्ञान और प्रभु भक्ति आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में संगत ने भजन संकीर्तन का आनंद लिया और प्रभु चरणों में प्रार्थना कर आध्यात्मिक मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

### नेपाल की त्रासदी में मदद को आगे आएं बिलासपुरवासी : डीसी

**भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर।** नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए जिला प्रशासन बिलासपुर ने मदद का हाथ बढ़ाया है। उपायुक्त एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा के अध्यक्ष राहुल कुमार ने जिले के विभागों, शिक्षण संस्थानों, तकनीकी व स्वास्थ्य केंद्रों तथा आम नागरिकों से राहत कार्य में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने विभागाध्यक्षों और संस्थानों के प्रमुखों से कर्मचारियों, शिक्षकों व विद्यार्थियों को आपदा की गंभीरता से अवगत करवाकर स्वेच्छा से आर्थिक सहायता अथवा आवश्यक सामग्री दान करने के लिए प्रेरित करने को कहा। डीसी ने बताया कि नेपाल रेड क्रॉस सोसाइटी राहत एवं बचाव कार्य में जुटी है। बिलासपुर रेड क्रॉस के माध्यम से एकत्र सहायता नेपाल पहुंचाई जाएगी। इसका उद्देश्य प्रभावित परिवारों को भोजन, पेयजल, अस्थायी आश्रय और आपात चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाना है।

### तेंदुए के खौफ में झुंडला के ग्रामीण वन विभाग से गश्त बढ़ाने की मांग


**भारतेन्दु संवाददाता, अर्की।** उपमंडल अर्की के बलेरा क्षेत्र के झुंडला गांव में पिछले कुछ समय से तेंदुए की आवाजाही ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों के अनुसार तेंदुआ गांव के आसपास कई बार दिखाई दे चुका है, जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।



तेंदुए की मौजूदगी को देखते हुए ग्रामीण अपने परिवार और पशुधन की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के आसपास तेंदुए की गतिविधियां लगातार नजर आने से विशेषकर सुबह व शाम के समय घरों से बाहर निकलने में डर महसूस हो रहा है। खेतों और आसपास के क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को भी सावधानी बरतनी पड़ रही है। बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों की चिंता और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुए के कारण पालतू पशुओं को लेकर भी खतरा बना हुआ है। लोगों को आशंका है कि यदि तेंदुआ आबादी वाले क्षेत्र के नजदीक लगातार आता रहा तो भविष्य में किसी अप्रिय घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने वन विभाग और स्थानीय प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है। साथ ही तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए आवश्यक निगरानी व्यवस्था करने का आग्रह किया गया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तेंदुए को पकड़ने अथवा आबादी वाले क्षेत्र से दूर रखने के लिए उचित कदम जल्द उठाए जाएं। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई होने से लोगों और पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

### एम्स बिलासपुर में नवजातों की सांसों को मिलेगा सहारा, लगेंगे 6 आधुनिक ह्यूमिडिफायर

**भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर में गंभीर नवजात शिशुओं की सांस संबंधी देखभाल को बेहतर बनाने के लिए छह आधुनिक ह्यूमिडिफायर स्थापित किए जाएंगे।



इन उपकरणों की मदद से ऑक्सीजन, सीपैप और अन्य श्वसन सहायता लेने वाले बच्चों को बेहतर सुविधा मिलेगी। विशेषज्ञों के अनुसार नवजात व विशेषकर समय से पहले जन्मे (प्री-टर्म) शिशुओं का श्वसन तंत्र बेहद संवेदनशील होता है। उपचार के दौरान सूखी गैस से सांस की नलियों में सूखापन, जलन और संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। ह्यूमिडिफायर ऑक्सीजन या श्वसन गैस में आवश्यक नमी और उचित तापमान बनाए रखता है। इससे शिशुओं के श्वसन मार्ग को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है। लंबे समय तक सीपैप सपोर्ट पर रहने वाले बच्चों के लिए भी यह तकनीक काफी उपयोगी होगी। ह्यूमिडिफाइड गैस नाक और सांस की नली में होने वाले सूखेपन तथा नुकसान को कम करने में सहायक होती है। इससे बच्चों को श्वसन सहायता अधिक आरामदायक तरीके से मिल सकेगी। एम्स प्रबंधन के अनुसार छह नए ह्यूमिडिफायर लगने से नवजात गहन चिकित्सा इकाई की सुविधाओं में विस्तार होगा। गंभीर स्थिति वाले कई नवजातों को एक साथ बेहतर श्वसन सहायता उपलब्ध करवाई जा सकेगी। इससे प्री-टर्म और सांस संबंधी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे शिशुओं के उपचार में चिकित्सकों को अतिरिक्त सुविधा मिलेगी और उनकी देखभाल अधिक प्रभावी ढंग से की जा सकेगी।

### रामपुर में दो मामलों में 13 ग्राम चिट्टा बरामद, तीन काबू

**भारतेन्दु संवाददाता, रामपुर।** शिमला जिले के रामपुर क्षेत्र में नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 13 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की है। दोनों मामले रचोली क्षेत्र में गश्त के दौरान सामने आए। पहले मामले में पुलिस ने पांच सितंबर को हरियाणा के कुरुक्षेत्र निवासी 34 वर्षीय कमलवीर को पकड़ा। उसके कब्जे से करीब सात ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया गया है। दूसरे मामले में पंजाब के डेराबस्सी निवासी 30 वर्षीय जतिंदर सिंह और झाकड़ी निवासी 30 वर्षीय राजा नेगी को करीब छह ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस नशीले पदार्थ के स्रोत और आरोपियों के संभावित नेटवर्क की जांच कर रही है।

### लड़ोग स्कूल में शिक्षा संवाद, विद्यार्थियों की प्रगति और विद्यालय के विकास पर हुई चर्चा

**भारतेन्दु संवाददाता, अर्की।** राजकीय उच्च विद्यालय लड़ोग में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के तहत 'शिक्षा संवाद' एवं सामान्य सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्यों, पंचायत प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों ने भाग लिया।



शिक्षा संवाद का उद्देश्य विद्यालय तथा अभिभावकों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना व विद्यार्थियों की शैक्षणिक व सर्वांगीण प्रगति को लेकर सामूहिक रूप से विचार-विमर्श करना रहा। बैठक के दौरान विद्यार्थियों के प्रगति कार्ड पर चर्चा करते हुए उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों, कमजोर पक्षों तथा सुधार के लिए आवश्यक कदमों पर शिक्षकों और अभिभावकों ने अपने सुझाव साझा किए। इस अवसर पर विद्यालय में चल रहे विकास कार्यों, विद्यार्थियों को मिल रही विभिन्न सुविधाओं, शिक्षण व्यवस्था को और प्रभावी बनाने तथा विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को बेहतर करने जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। एसएमसी सदस्यों और अभिभावकों ने विद्यालय की आवश्यकताओं के अनुरूप भविष्य में हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। शिक्षा संवाद के दौरान विद्यालय की खेल उपलब्धियों का भी उल्लेख किया गया। राजकीय उच्च विद्यालय लड़ोग की अंडर-14 छात्र बैडमिंटन टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरयांज में आयोजित अंडर-14 छात्र खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया। टीम ने फाइनल मुकाबले में दूसरा स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षक भूपेंद्र कुमार शास्त्री को बधाई दी। विद्यालय प्रभारी यशपाल वर्मा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के बौद्धिक, शारीरिक, सांस्कृतिक और नैतिक विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन देने से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में एसएमसी प्रधान बबीता ठाकुर, नवीन ठाकुर, उपप्रधान संतोष कुमारी, गायत्री देवी, ग्राम पंचायत कुंहर के उपप्रधान जुगल किशोर सहित अन्य अभिभावक उपस्थित रहे। प्राथमिक विद्यालय के मुख्य शिक्षक अरुण कुमार तथा विद्यालय के समस्त अध्यापक भी मौजूद रहे। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी सहभागियों का आभार जताते हुए भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

### लाभ | शिवा परियोजना से बदली 45 किसानों की तकदीर

## टिहरी क्लस्टर में लहलहा रही अनार की फसल

**अमर सिंह ठाकुर, भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी एचपी शिवा परियोजना के तहत झंडूता विकासखंड के बरठीं स्थित टिहरी क्लस्टर में अनार की फसल किसानों की आर्थिक स्थिति बदलने का माध्यम बन रही है। करीब 100 बीघा क्षेत्र में स्थापित इस क्लस्टर में भगवा किस्म के 8555 पौधे लहलहा रहे हैं।



इस वर्ष करीब 70 मीट्रिक टन अनार उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, अब तक करीब पांच मीट्रिक टन अनार बाजार में अच्छे दामों पर बेचा जा चुका है। वर्ष 2021 में टिहरी-एक और टिहरी-दो में करीब दो हेक्टेयर भूमि पर फ्रंट लाइन डेमोंस्ट्रेशन के रूप में अनार के पौधे लगाए गए थे। इसके बाद वर्ष 2022 में इसे बढ़ाकर नौ हेक्टेयर क्षेत्र में 45 किसानों को जोड़कर क्लस्टर के रूप में विकसित किया गया। लाभार्थी किसान प्रेम लाल नड्डा ने बताया कि पिछले वर्ष खराब मौसम और भारी बरसात के बावजूद किसानों ने करीब 32 लाख रुपए का अनार रिलायंस, स्थानीय मंडियों और सीधे उपभोक्ताओं को बेचा। इससे लाभार्थी किसानों को लगभग 15 से 16 लाख रुपए की शुद्ध आय हुई। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत भूमि विकास, बेड व पिट निर्माण, सोलर बाड़बंदी, ड्रिप सिंचाई और उठाऊ सिंचाई जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। किसान राजेंद्र पाल ने बताया कि उनके बगीचे में करीब दो हजार अनार के पौधे हैं और इस वर्ष भी फसल बेहतर है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सिंचाई व्यवस्था पर करोड़ों रुपए खर्च कर ड्रिप इरिगेशन सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इससे पौधों को खाद और दवाइयां पहुंचाना भी आसान हुआ है। उन्होंने युवाओं से बागवानी को स्वरोजगार के रूप में अपनाने का आह्वान किया। उपनिदेशक बागवानी डॉ. जगदीश चंद वर्मा ने बताया कि टिहरी क्लस्टर जिले का एकमात्र अनार क्लस्टर है। इस वर्ष करीब 70 मीट्रिक टन उत्पादन की उम्मीद है। विभाग किसानों को संभावित खरीददारों से जोड़ने में भी सहयोग कर रहा है। उन्होंने बताया कि शिवा परियोजना के दूसरे चरण में जिले में ब्लूबेरी, एवोकाडो, मैकाडामिया नट और ड्रैगन फ्रूट ट के क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। वहीं उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि शिवा परियोजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और किसानों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए।

### मंडी-भराड़ी चौक हमला मामले में आरोपी अनिल कुमार को जमानत

**भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर।** मंडी-भराड़ी चौक के समीप एक युवक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायालय बिलासपुर ने आरोपी अनिल कुमार की नियमित जमानत याचिका मंजूर कर ली है। अदालत ने उसे एक लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के एक जमानती पर रिहा करने के आदेश दिए। सुनवाई के दौरान अदालत के समक्ष सामने आया कि घटना के समय अनिल कुमार मौके पर मौजूद नहीं था और घायल युवक पर सीधे हमला करने का आरोप भी उसके खिलाफ नहीं है। उसकी कथित भूमिका मुख्य आरोपियों की घटना के बाद आवाजाही के लिए वाहन की व्यवस्था करवाने तक सीमित बताई गई। मामला सदर थाना में 8 जुलाई को दर्ज एफआईआर से जुड़ा है। पुलिस के अनुसार मंडी-भराड़ी चौक के पास शिकायतकर्ता पर कुल्हाड़ी और डंडों से हमला किया गया था, जिसमें वह गंभीर घायल हुआ। अनिल कुमार को 9 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। जांच पूरी होने और कोई बरामदगी लंबित न होने की दलील के बाद अदालत ने जमानत मंजूर की।

### चिकित्सा बिलों के भुगतान में देरी पर भड़के पेंशनर, 15 दिन का दिया अल्टीमेटम



**भारतेन्दु संवाददाता, अर्की।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ अर्की इकाई की बैठक लोक निर्माण विश्राम गृह अर्की में इकाई प्रधान केसी शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला कार्यकारिणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमरचंद शर्मा, जिला उपाध्यक्ष देवीरूप अत्री सहित इकाई के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे। इकाई सचिव अनिल शर्मा ने बताया कि बैठक में एक सितंबर को चौड़ा मैदान, शिमला में आयोजित धरना-प्रदर्शन की सफलता पर चर्चा की गई।

पेंशनर्स ने संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से लंबित देनदारियों के भुगतान को लेकर किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समिति लगातार सरकार के समक्ष पेंशनरों की समस्याएं उठा रही है। बैठक में पेंशनरों ने निर्णय लिया कि संयुक्त संघर्ष समिति भविष्य में जो भी आंदोलन या कार्यक्रम तय करेगी, उसमें अर्की इकाई पूरी एकजुटता के साथ भाग लेगी। पेंशनर्स ने प्रदेश सरकार से लंबित देनदारियों का जल्द भुगतान करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मांगों का समयबद्ध समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। बैठक में जल शक्ति विभाग अर्की मंडल में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के चिकित्सा बिलों का भुगतान लंबित होने पर भी रोष जताया गया। पेंशनर्स ने कहा कि सरकार के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में अधिशासी अभियंता को पत्र भेजकर 15 दिनों के भीतर भुगतान करने की मांग की गई। निर्धारित अवधि में कार्रवाई न होने पर मामला उच्च अधिकारियों के समक्ष उठाने की चेतावनी दी गई। बैठक में कामेश्वर, यशपाल, दामोदर, बद्रीनाथ, खेमचंद, अनिल सहित अन्य पेंशनर मौजूद रहे।

## स्टेफनी मैकमैहन का बिदांस अंदाज

**स्टेफनी** मैकमैहन डब्ल्यूडब्ल्यूई की एक प्रमुख पूर्व महिला पहलवान और व्यवसायिक अधिकारी हैं। वे विन्स मैकमैहन की बेटी और ट्रिपल एच की पत्नी हैं। उन्होंने डब्ल्यूडब्ल्यूई में कुश्ती रिंग के अंदर और कंपनी के प्रशासनिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



# यूएस ओपन : झेंग की शानदार वापसी

## 22वीं वरीयता प्राप्त कीज को 1-6, 7-6 (3), 7-5 से हराकर चौथे दौर में किया प्रवेश

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग चिनवेन ने शनिवार को शानदार वापसी करते हुए लगातार आखिरी सात गेम जीतकर 22वीं वरीयता प्राप्त कीज को 1-6, 7-6 (3), 7-5 से हराकर यूएस ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया। इस जीत के बाद झेंग कोर्ट पर पीठ के बल लेटी थीं और उनके हाथ हवा में थे। वह ऐसी जीत का जश्न मना रही थीं, जिसकी उम्मीद शायद सिर्फ उन्हें ही थी।



दूसरी ओर कीज आंसुओं को रोकने की कोशिश करते हुए बता रही थीं कि आखिर कैसे झेंग लगभग मैच से बाहर होने के बावजूद जीत हासिल करने में सफल रहीं। कीज ने कहा, 'मुझे लगता है कि मैंने निश्चित रूप से बहुत अच्छी शुरुआत की थी और फिर मैं बहुत डर गई... मैं शॉट ही नहीं लगा पा रही थी। मुझे नहीं पता। इस समय टेनिस बहुत मुश्किल लग रहा है और मुझे लगता है कि मैं उसी दबाव में आ गई।' साल 2017 की उपविजेता कीज ने दूसरे सेट का टाईब्रेक हारने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 5-0 की बढ़त बना ली। झेंग ने एक गेम जीता लेकिन 5-1 पर सर्विस करते समय कीज के पास मैच प्वाइंट था।

वह इसे भुना नहीं सकीं और यहीं से मुकाबले का रुख पूरी तरह बदल गया। एक समय निराशा में कीज अपना रैकेट बार-बार सिर पर मारते दिखी। झेंग का अब सामना 2022 की यूएस ओपन चैंपियन इगा स्वियातेक से होगा। नाओमी ओसाका ने भी एलिस मर्टेंस को 6-3, 3-6, 7-5 से हराकर चौथे दौर में जगह बना ली। दो घंटे 38 मिनट चले मुकाबले के अंतिम अंक के बाद दो बार की चैंपियन ओसाका ने अपना सिर रैकेट पर रख लिया, मानो इस 13वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को खुद भी अपनी जीत पर यकीन नहीं हो रहा हो। ओसाका ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मैंने यह मैच जीत लिया। मैं सचमुच हैरान हूं कि मैं जीत गई।' ओसाका की वापसी झेंग जितनी मुश्किल तो नहीं थी, लेकिन वह निर्णायक सेट में 2-4 से पीछे थीं। उन्होंने कठिन मुकाबले के दौरान अपनी झुंझलाहट जाहिर करने के लिए माफी भी मांगी।

पुरुषों में नौवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज हालांकि उलटफेर का शिकार होने से नहीं बच पाये। फ्रिट्ज ने दो सेट की बढ़त गंवा दी और 24वीं वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से 3-6, 4-6, 6-3, 6-4, 6-4 से हार गए। फ्रिट्ज ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि आज मैंने ऐसा कैसे होने दिया।' यूएस ओपन की पूर्व उपविजेता अमांडा अनिसिमोवा भी बाहर हो गईं। 10वीं वरीयता प्राप्त अनिसिमोवा को 24वीं वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोटापोवा ने 6-2, 7-5 से हराया। पोटापोवा का सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त और फ्रेंच ओपन चैंपियन मिएरा आंद्रीवा से होगा। फ्रेंच ओपन के उपविजेता और पांचवीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली को 28वीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ब्लॉक्स ने चार सेट में हराया। इसके साथ ही पुरुष एकल ड्रॉ में शीर्ष 10 में से छह वरीय खिलाड़ी बाहर हो चुके हैं।

### पूर्व चैंपियन कोको गॉफ ने क्रिस्टीना बुका को 6-3, 6-4 से दी मात

**यूएस** ओपन की पूर्व चैंपियन (2023) अमेरिका की कोको गॉफ ने क्रिस्टीना बुका को 6-3, 6-4 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। अगले दौर में उनका सामना हमवतन 14वीं वरीयता प्राप्त इवा जोविच से होगा। जोविच ने तीन घंटे से अधिक चले मुकाबले में फिलीपींस की 17वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स एला को 7-5, 3-6, 7-5 से हराया। शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी आर्थर ऐश स्टेडियम में दिन के आखिरी मुकाबले में 25वीं वरीयता प्राप्त एलेजांद्रो ताबिलो को 6-2, 7-6 (2), 6-2 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। शुरुआती दोनों दौर में पांच सेट तक चले मुकाबले खेलने वाले ज्वेरेव ने उन दो मैचों में करीब साढ़े नौ घंटे कोर्ट पर बिताए थे।

## दलीप ट्रॉफी: फाइनल मैच में वैभव सूर्यवंशी ने 37 बॉल पर बनाए 44 रन

**एजेंसी, चेन्नई।** चेन्नई में दलीप ट्रॉफी के फाइनल में ईस्ट जोन ने साउथ जोन के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने लंच ब्रेक तक 2 विकेट के नुकसान पर 133 रन बना लिए हैं। वैभव सूर्यवंशी 44 रन बनाकर आउट हुए।



उन्होंने 37 बॉल पर पारी में 5 चौके और एक छक्का लगाया। अभिमन्यु ईश्वरन ने 72 रन की पारी खेली। ईस्ट जोन की कप्तानी ईशान किशन और साउथ जोन की तिलक वर्मा कर रहे हैं। मोहम्मद शमी ने दलीप ट्रॉफी के फाइनल में साउथ जोन के खिलाफ उतरते ही अपने करियर का 100वां फर्स्ट-क्लास मैच पूरा कर लिया। इस खास मौके पर उन्हें बधाई दी गई। शमी दलीप ट्रॉफी फाइनल में ईस्ट जोन की टीम का हिस्सा हैं। इससे पहले शमी को सम्मान में 100 नंबर की स्पेशल जर्सी दी गई। साथ ही उन्हें पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की साइन की गई बॉल भी दी गई।

वैभव ने सेंट्रल जोन के खिलाफ सेमीफाइनल में 81 गेंदों पर 92 रन की पारी खेली। दूसरी पारी में भी उन्होंने 40 रन बनाए। ईस्ट जोन ने यह मुकाबला चार विकेट से जीतकर फाइनल में जगह बनाई। इस मैच के दौरान वैभव ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया। वे दलीप ट्रॉफी में अर्धशतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बन गए।

## स्पोर्ट्स विंडो

### पुरुष जूनियर एशिया कप में भारत ने जापान से 3-3 से ड्रॉ मैच खेला

**एजेंसी, मोकी।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां जूनियर एशिया कप के पूल ए के अपने दूसरे मुकाबले में शानदार जुझारूपन दिखाते हुए जापान के खिलाफ 3-3 से ड्रॉ खेला। इंडोनेशिया के खिलाफ पहले पूल मैच में 14-0 की बड़ी जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम ने चौथे मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए बढ़त हासिल की। फाउल के बाद मिले इस मौके को कप्तान अनमोल एक्का ने गोल में बदलकर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। भारत ने दबाव बनाए रखा और 10वें मिनट में आशु मौर्य ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम की बढ़त 2-0 कर दी। जापान ने तुरंत जवाबी हमला करते हुए 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। रयूशिन सासाकी ने इस मौके को गोल में बदलकर अंतर 2-1 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल जारी रखा। भारत बढ़त बढ़ाने की कोशिश कर रहा था जबकि जापान बराबरी की तलाश में था। बराबरी की तलाश में भारत ने गोलकीपर को बाहर कर अतिरिक्त खिलाड़ी उतारा। उसकी कोशिशों का फल मिला और मैच में सिर्फ 59 सेकंड बाकी रहते भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिल गया। अनमोल एक बार फिर आगे आए और इस मौके को गोल में बदलकर स्कोर 3-3 कर दिया। भारत अब पूल ए के अपने तीसरे मुकाबले में मंगलवार को कोरिया का सामना करेगा।


### पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाकर खुश हूं: हरमनप्रीत

**एजेंसी, दुबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर इस बात से बेहद खुश हैं कि भारत ने महिला एशिया कप टी20 के ग्रुप चरण के मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती और शानदार प्रदर्शन करते हुए सात विकेट से आसान जीत दर्ज की। श्री चरणी, प्रेमा रावत, शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा की स्पिन चौकड़ी ने पाकिस्तान को महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में उसके अब तक के सबसे कम स्कोर 55 रन पर समेट दिया। भारत ने इसके बाद महज 8.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। हरमनप्रीत ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, 'यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण मुकाबला था। हम आक्रामक रवैया अपनाने की बात करते हैं, इसलिए मैं बहुत खुश हूं। सभी गेंदबाज शानदार रहे। उन्होंने योजनाओं पर अमल किया, पिच को अच्छी तरह पढ़ा और उसी के अनुसार गेंदबाजी की।' उन्होंने कहा, 'अपने स्तर को ऊंचा रखना बहुत जरूरी है। मुझे पता है कि यह टीम क्या कर सकती है। जहां तक तीन विकेट गंवाने की बात है, तो ऐसा हो सकता है। पाकिस्तान के पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है।' पाकिस्तान के खिलाफ हरमनप्रीत ने बतौर कप्तान अपना 150वां टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला और पुरुष एवं महिला क्रिकेट में इस उपलब्धि तक पहुंचने वाली दुनिया की पहली क्रिकेटर बनीं।



### रुमेश पाथिरागे ने 89.04 मी. जेवलिन थ्रो कर जीता डायमंड लीग का खिताब

**एजेंसी, ब्रसेल्स।** श्रीलंका के जेवलिन थ्रोअर रुमेश थारंगा पाथिरागे ने शनिवार को ब्रसेल्स के किंग बॉडॉइन स्टेडियम में डायमंड लीग फाइनल का खिताब जीत लिया। उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 89.04 मीटर का थ्रो किया और लीग में पहला स्थान हासिल किया। इसके साथ ही रुमेश डायमंड लीग फाइनल जीतने वाले श्रीलंका के पहले एथलीट बन गए। खराब और ठंडे मौसम के बावजूद उन्होंने यह शानदार प्रदर्शन किया।



रुमेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उन्होंने पहले प्रयास में 80.42 मीटर और दूसरे प्रयास में 79.73 मीटर का थ्रो किया। इसके बाद त्रिनिदाद एंड टोबैगो के पूर्व ओलिंपिक चैंपियन केशॉर्न वालकोट ने 83.99 मीटर के थ्रो के साथ बढ़त बना ली।

### पीसीबी ने तीसरे टेस्ट से पहले कुछ खिलाड़ियों के फोन किए जब्त

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम से जुड़ा एक नया विवाद सामने आया है। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और आखिरी टेस्ट मैच से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कुछ खिलाड़ियों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं। टेस्ट मैच खत्म होने तक ये फोन बोर्ड के कब्जे में ही रहेंगे। पीसीबी ने अभी तक यह नहीं बताया है कि किन खिलाड़ियों के फोन लिए गए हैं और इस कार्रवाई की वजह क्या है। यह मामला ऐसे समय सामने आया है, जब पाकिस्तान टीम पहले दो टेस्ट हारकर सीरीज में 0-2 से पीछे है और पीसीबी ने टीम में बड़े बदलाव किए हैं। फोन कस्टडी में लिए जाने की खबर के बाद सोशल मीडिया और क्रिकेट जगत में इसके पीछे की वजह और संभावित जांच को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, अभी तक पीसीबी या आईसीसी ने इसे मैच फिक्सिंग या भ्रष्टाचार की जांच नहीं बताया है।

## मार्टिनेज के गोल से इंटर मिलान ने नेपोली को 3-2 से दी शिकस्त

**एजेंसी, लंदन**

लौटारो मार्टिनेज ने आखिरी क्षणों में अपना दूसरा गोल दागकर इंटर मिलान को शनिवार को इटली की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग सीरी ए में नेपोली पर 3-2 की रोमांचक जीत दिलाई। इंटर मिलान की तरह सीरी ए के एक और रोमांचक मुकाबले में रोमा ने आखिरी मिनटों में दो गोल कर तीन मैचों में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। इंटर मिलान के खिलाफ माटेओ पोलितानो और रासमुस होयलुंड ने 50वें और 53वें मिनट में गोल कर गत चैंपियन नेपोली को 2-0 की बढ़त दिलाई। इसके तीन मिनट बाद मार्टिनेज ने गोल कर इंटर की वापसी की शुरुआत की। मार्कस थुराम ने 82वें मिनट में बराबरी का गोल किया। आखिरी पलों में मैनुअल अकांजी के प्रयास से गेंद मार्टिनेज तक पहुंची और उन्होंने नजदीक से गोल कर इंटर को जीत दिला दी। वहीं, अटलांटा के खिलाफ मटियास सौले ने आखिरी समय में गोल और गोल में मदद कर रोमा को 2-1 से जीत दिलाई। उन्होंने 90वें मिनट में मारियो हर्मोसो के गोल में मदद की, जिससे एडरसन के शुरुआती गोल की बराबरी हुई। इसके तीन मिनट बाद सौले ने खुद गोल कर रोमा को जीत दिला दी। लीग के एक अन्य मैच में टोरिनो ने फियोरेंटीना को उसके घरेलू मैदान पर 2-1 से हराया।



## मैनचेस्टर सिटी की जीत में चमके हालैंड

### इंग्लिश प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर के तीन मैचों में 9 अंक, हल सिटी 7 अंक के साथ दूसरे स्थान पर

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में एर्लिंग हालैंड के गोल की बदौलत मैनचेस्टर सिटी ने कोवेंट्री को 1-0 से हराकर तालिका में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। हालैंड ने सत्र का अपना तीसरा गोल किया और मैनचेस्टर सिटी ने कोवेंट्री को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। सिटी के तीन मैचों में नौ अंक हैं। पदोन्नत टीम हल सिटी सात अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है और अब तक अपराजित है।

उसने एस्टन विला के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ खेला। टॉटेनहम ने नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ खेलकर सत्र का अपना पहला अंक हासिल किया। जैकब रैमसे के मैच के आखिरी चरण में किए गए गोल की मदद से न्यूकैसल ने बोर्नमाउथ के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलकर अपना अजेय अभियान जारी रखा।



### इंटर मियामी ने अटलांटा यूनाइटेड को 2-2 पर बराबरी पर रोका

**एजेंसी, मियामी।** अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने के बाद भी अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने मैदान पर अपना प्रभाव छोड़ने का सिलसिला जारी रखा है। मेस्सी ने शनिवार रात इंटर मियामी के लिए दो गोल में मदद की लेकिन उनकी टीम अटलांटा यूनाइटेड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ पर रोक दी गई। अर्जेंटीना के लिए अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा के बाद यह मेस्सी का पहला मुकाबला था। इंटर मियामी की ओर से लुइस सुआरेज और कासेमिरो ने गोल किए। टीम ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में दूसरे स्थान पर है और शीर्ष पर मौजूद नैशविले से 10 अंक पीछे है। नियमित सत्र में उसके 11 मुकाबले बाकी हैं। कासेमिरो ने 32वें मिनट में मेस्सी की कॉर्नर किक पर हेडर के जरिए गोल कर इंटर मियामी को बढ़त दिलाई। इसके कुछ ही मिनट बाद मिगुएल अल्मिरोन ने अटलांटा की ओर से बराबरी का गोल कर दिया। इसके बाद मेस्सी ने तेलास्को सेगोविया की ओर शानदार लॉफ्टेड पास खेला।

## 'बॉटल्स फॉर चेंज' से एसबीआई जुड़ेगा पर्यावरण अभियान से

**एजेंसी, मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी शाखाओं और कार्यालयों में जिम्मेदार प्लास्टिक कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए बिस्लेरी इंटरनेशनल के साथ साझेदारी की है। इस सहयोग का उद्देश्य बैंक कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों को प्लास्टिक कचरे के उचित प्रबंधन के प्रति जागरूक करना और रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देना है। साझेदारी के तहत बिस्लेरी की ओर से एसबीआई के कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें इस्तेमाल किए गए प्लास्टिक को अलग करने, एकत्र करने और जिम्मेदारी के साथ उसके निपटान की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा बैंक के कार्यालयों से एकत्र किए गए इस्तेमाल किए हुए प्लास्टिक कचरे को रीसाइक्लिंग के लिए भेजने की व्यवस्था भी की जाएगी। एसबीआई और बिस्लेरी ने शनिवार को सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी बिस्लेरी की 'बॉटल्स फॉर चेंज' पहल के तहत की गई है।




## एएचएफ जूनियर एशिया कप : भारतीय महिला टीम ने मलेशिया को 11-1 से दी करारी मात

**एजेंसी, मोकी**

भारतीय महिला टीम ने रविवार को यहां एएचएफ जूनियर एशिया कप के एलीट पूल मुकाबले में मलेशिया को 11-1 से करारी शिकस्त देकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर जीत के साथ अभियान शुरू करने वाली भारतीय टीम की ओर से मलेशिया के खिलाफ सात अलग-अलग खिलाड़ियों ने गोल किए।

भारत ने चार गोल मैदानी खेल से, पांच पेनल्टी कॉर्नर और दो पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए किए। पूजा साहू ने पहले ही मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर भारत का खाता खोला। चौथे मिनट में पूर्णिमा यादव ने गोल कर बढ़त दोगुनी कर दी। गत चैंपियन भारत ने अपना दबदबा कायम रखते हुए आठवें मिनट में बिनिमा धन ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला, जबकि 14वें मिनट में कृष्णा शर्मा ने एक और गोल कर दिया। पूर्णिमा ने दूसरे क्वार्टर में 17वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर अपना दूसरा गोल किया। इसके बाद हाफटाइम से पहले दो और गोल हुए। सुखवीर कौर ने 21वें मिनट और गीता यादव ने 28वें मिनट में गोल किया, जिससे भारत मध्यांतर तक 7-0 से आगे था। मलेशिया ने 38वें मिनट में नूर मोहम्मद के गोल से खाता खोला, लेकिन इसके बावजूद मुकाबले पर भारत का दबदबा बरकरार रहा। मैच के 42वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिलने के बाद पूजा ने अपना दूसरा गोल पूरा किया। इसके एक मिनट बाद सानिका चंद्रकांत माने ने गोल कर भारत की बढ़त 9-1 कर दी। गीता ने 53वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला, जबकि सानिका ने 58वें मिनट में अपना दूसरा गोल कर भारत को 11-1 की विशाल जीत दिला दी। इस जीत के साथ भारत ने दो मैचों में दो जीत दर्ज कर छह अंक हासिल किए और एलीट पूल की अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया।




## जियो की बड़ी तैयारी, दुनिया के बाजारों में उतरेगी भारतीय तकनीक

**एजेंसी, मुंबई।** रिलायंस समूह की कंपनी जियो ने अगले दशक के लिए अपनी रणनीति को कनेक्टिविटी से आगे बढ़ाते हुए प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विस्तार करने की तैयारी शुरू कर दी है। कंपनी का लक्ष्य भारतीय बाजार में विकसित की जा रही तकनीकों को बड़े स्तर पर लोगों तक पहुंचाने के साथ उन्हें दुनिया के अन्य बाजारों में भी उपलब्ध कराना है। जियो के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर कर्मचारियों को लिखे पत्र में कंपनी के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा कि जियो अब केवल दूरसंचार कंपनी नहीं रह गई है। कंपनी कनेक्टिविटी के साथ डिजिटल उत्पादों, उद्यम समाधान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में अपनी तकनीक विकसित कर रही है। इन क्षेत्रों में आगे बढ़ते हुए जियो वैश्विक बाजार में अपनी पहचान मजबूत करना चाहती है। कंपनी की योजना भारतीय उपयोगकर्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित तकनीकों को व्यापक स्तर पर उपलब्ध कराने की है। इसके बाद इन्हीं तकनीकी समाधानों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक ले जाने पर जोर दिया जाएगा। इससे भारतीय तकनीकी क्षमता को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलने की संभावना है।

## एमसीएक्स का टर्नओवर 245 करोड़ रुपए पहुंचा

**एजेंसी, मुंबई।** एमसीएक्स पर बिजली वायदा कारोबार ने चार सितंबर को नया रिकॉर्ड कायम किया। इस दिन इलेक्ट्रिसिटी फ्यूचर्स में करीब 245 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक एकदिवसीय कारोबार दर्ज हुआ। इसके साथ ही कारोबार की मात्रा 4.20 लाख मेगावाट घंटा रही। खुली स्थिति भी बढ़कर 1.40 लाख मेगावाट घंटा के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। बाजार में बढ़ती गतिविधि और निवेशकों की भागीदारी से बिजली वायदा अनुबंध को तेजी से अपनाए जाने के संकेत मिले हैं। एमसीएक्स के बिजली वायदा अनुबंध में लगातार कारोबार बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में औसत दैनिक कारोबार 65,631 मेगावाट घंटा था, जो वित्त वर्ष 2026-27 में तीन सितंबर तक बढ़कर 89,213 मेगावाट घंटा हो गया। इस तरह औसत दैनिक कारोबार में लगभग 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। बाजार में चारों समाप्ति माह वाले अनुबंधों में सक्रिय कारोबार होना भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे अलग-अलग अवधि के अनुबंधों में कारोबारियों की रुचि का पता चलता है। बिजली वायदा बाजार में बढ़ती भागीदारी से कीमतों की बेहतर खोज और जोखिम प्रबंधन में मदद मिल सकती है।

> **एमसीएक्स इलेक्ट्रिसिटी फ्यूचर्स में कारोबार का नया शिखर, खुली स्थिति 1.40 लाख मेगावाट घंटा**

**पर्वतारोहण** | पर्वतारोहण दल को रुड़की से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## माउंट त्रिशूल फतह के लिए सेना का अभियान शुरू

**एजेंसी, हरिद्वार**

भारतीय सेना के कॉर्प्स ऑफ इंजीनियर्स ने गढ़वाल हिमालय की चुनौतीपूर्ण चोटियों में शामिल माउंट त्रिशूल पर पर्वतारोहण अभियान शुरू कर दिया है। 7,120 मीटर (23,360 फीट) ऊंची इस चोटी को फतह करने के लिए सेना के पर्वतारोहण दल को रुड़की स्थित बंगाल इंजीनियर ग्रुप एंड सेंटर से औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अभियान का उद्देश्य केवल एक कठिन पर्वत शिखर पर तिरंगा फहराना नहीं, बल्कि भारतीय सेना के जवानों की शारीरिक क्षमता, तकनीकी दक्षता, मानसिक दृढ़ता, अनुशासन और टीम भावना को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में परखना भी है।




फ्लैग-ऑफ समारोह में सेंट्रल कमांड के लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, इंजीनियर-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल विकास रोहेला तथा बंगाल सैपर्स एंड मिलिट्री सर्वे के कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एसएस दहिया सहित सेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

गढ़वाल हिमालय में स्थित माउंट त्रिशूल अपनी ऊंचाई और कठिन पर्वतीय भूभाग के कारण पर्वतारोहियों के लिए बड़ी चुनौती माना जाता है। अत्यधिक ऊंचाई, कठिन मार्ग, तकनीकी चढ़ाई और तेजी से बदलने वाला मौसम अभियान दल की परीक्षा लेगा। टीम को ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अनुकूलन, शारीरिक प्रशिक्षण और पर्वतारोहण की तकनीकी विधियों का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

फ्लैग-ऑफ समारोह की शुरुआत ऑपरेशनल ब्रीफिंग से हुई। इसमें प्रस्तावित यात्रा कार्यक्रम, चढ़ाई के मार्ग, अभियान के महत्वपूर्ण चरण, सुरक्षा प्रोटोकॉल तथा हिमालयी क्षेत्र में बदलते मौसम और कठिन परिस्थितियों से निपटने की रणनीति पर जानकारी दी गई।

### साहस के साथ जोखिम प्रबंधन पर भी जोर

**समारोह** को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने अभियान दल की शारीरिक फिटनेस, मानसिक मजबूती और टीम भावना की सराहना की। उन्होंने कॉर्प्स ऑफ इंजीनियर्स के सैपर्स की रोमांच और पर्वतारोहण से जुड़ी गौरवशाली परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे अभियान जवानों में नेतृत्व, अनुशासन, सहनशक्ति, टीमवर्क और सोच-समझकर जोखिम उठाने की क्षमता को मजबूत करते हैं। उन्होंने इस तरह के अभियानों को ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सैन्य तैयारी के लिए महत्वपूर्ण बताया। कॉर्प्स ऑफ इंजीनियर्स के अनुभवी पर्वतारोहियों ने अभियान दल के सदस्यों के साथ बातचीत कर अपने अनुभव साझा किए।